नई दिल्ली, उत्तराखंड व हरियाणा से प्रकाशित

उत्तम भारत

कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत् 2082 ▸▸ वर्ष: 10 ▸▸ अंक: 308 ▸▸ नई दिल्ली ▸▸ सोमवार, 23 नवम्बर 2026 ▸▸ मूल्य: 3.00 ▸▸ पृष्ठ: 12, (www.uttambharatnews.com), RNI No. DELHIN/2017/75336



भारत की इकलौती साइलेंट.....

भीषण सड़क हादसे में गढ़वाल के 7 लोगों की मौत

सभी मृतक सैन्य परिवारों के सदस्य

पीएम मोदी ने जताया शोक







ट्राले से टकराकर कार पूरी तरह पिच्क गई और उसमें सवार सभी मारे गए। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

गांधी नगर, एजेंसी। गुजरात के कच्छ जिले में भुज-खावड़ा नेशनल हाईवे पर एक कार के ट्रेलर ट्रक से टकरा जाने के कारण, सेना के जवानों के परिवारों के सात सदस्यों की मौत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इस घटना पर शोक व्यक्त किया और जान गंवाने वालों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। यह भयानक हादसा शनिवार रात को हुआ, जब पीड़ित कच्छ के रण घूमने के बाद भुज से लौट रहे थे। उनकी कार एक ट्रेलर ट्रक से टकरा गई, जिससे उसमें सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो पुरुष, दो महिलाएं और तीन बच्चे शामिल थे, जिनमें एक नवजात शिशु भी था।

इस घटना पर दुख जताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, गुजरात के कच्छ में हुए हादसे में लोगों की जान जाने से बहुत दुख हुआ है। जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। जान गंवाने वालों के परिवारों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। कच्छ पश्चिम पुलिस कंट्रोल रूम के एक अधिकारी के अनुसार, जवान के परिवार कच्छ के रण घूमने के बाद भुज से लौट रहे थे, तभी उनकी कार एक ट्रेलर ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह से पिचककर मलबे में तब्दील हो गई और उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। बचाव दल को शवों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और इस काम में कई घंटे लग गए। टक्कर के कारण सड़क पर मलबा और शवों के अंग भी बिखर गए। घटना के बाद, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सुंडा स्थिति का जायजा लेने के लिए तुरंत दुर्घटनास्थल और अस्पताल पहुंचे।

मृतकों की पहचान रिंकी नितिन गुसाईं (35), उनकी चार महीने की बेटी वमिका, सौरभ सिंह नेगी (30), उनकी पत्नी सविता सौरभ सिंह नेगी (30), उनकी तीन महीने की बेटी सिविका, राजेश रावत (35) और उनकी सात साल की बेटी रक्षिता के रूप में हुई है। ये सभी लोग उत्तराखंड के गढ़वाल के रहने वाले थे और भुज में तैनात सेना के जवानों के परिवार के सदस्य थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हादसे पर दुख जताते हुए एक्स पर लिखा, ह्गुजरात के कच्छ में हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। इस कठिन घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

दार्जिलिंग पहुंचे केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, कहा फिर विश्व में धाक जमाएगी दार्जिलिंग चाय

सिलीगुड़ी, एजेंसी।



पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल रविवार को दार्जिलिंग दौरे पर पहुंचे। बागडोगरा हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उन्होंने पश्चिम बंगाल की जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता विकास चाहती है और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बंगाल को प्रगति के रास्ते पर ले जाने का काम किया जा रहा है।

पीयूष गोयल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लगातार औद्योगिक निवेश की संभावनाएं बढ़ रही हैं। अब देशभर के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोगों का ध्यान बंगाल की ओर आकर्षित हो रहा है। राज्य में व्यापार और उद्योग का विकास हो रहा है तथा लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए शुभेंदु अधिकारी की सरकार काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि अपने दौरे के दौरान वह चाय बागानों से जुड़े लोगों से मुलाकात करेंगे। उन्हें विश्वास है कि ममता बनर्जी के कार्यकाल में लंबित पड़े कार्यों में अब तेजी आएगी।

दार्जिलिंग चाय की गुणवत्ता और इसकी पुरानी पहचान का जिक्र करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में दार्जिलिंग चाय एक बार फिर विश्व बाजार में अपनी पहचान और प्रतिष्ठा स्थापित करेगी।

वहीं, सोने की खरीदारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों को धन्यवाद दिए जाने के संबंध में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों से विदेशी मुद्रा खर्च कर सोना नहीं खरीदने की अपील की थी। देशवासियों ने उनकी अपील का पालन किया, जिससे सोने के आयात में कमी आई और इसकी कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। इसके लिए प्रधानमंत्री ने देश की जनता का आभार जताया है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल रविवार को कर्सियांग में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद सोमवार को वह वहां से रवाना होंगे।

गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर श्रद्धा का सफर

भारत से 1822 सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान रवाना



उत्तम भारत न्यूज डेस्क

नई दिल्ली। गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर पाकिस्तान स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन के लिए 1822 सिख श्रद्धालुओं का जत्था अटारी-वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान रवाना हुआ। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के कार्यालय से बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारों और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं को धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ विदा किया गया। गुरुधामों के दर्शन को लेकर संगत में भारी उत्साह देखने को मिला।

एसजीपीसी के अनुसार, पाकिस्तान जाने के लिए कुल 1828 श्रद्धालुओं के पासपोर्ट वीजा के लिए भेजे गए थे। इनमें से पाकिस्तान दूतावास ने 1822 श्रद्धालुओं को वीजा जारी किया जबकि छह लोगों के आवेदन रद्द कर दिए गए। जत्थे की अगुवाई एसजीपीसी सदस्य बीबी परमिंदर कौर पार्टी लीडर के रूप में कर रही हैं। उनके साथ कार्यकारिणी सदस्य रविंदर सिंह खालसा, सदस्य गुरनाम सिंह जस्सल, बीबी गुरिंदर कौर भोलूवाला और जनरल प्रबंधक



लखबीर सिंह चीफ-85 भी पाकिस्तान गए हैं।

यात्रा के दौरान श्रद्धालु सबसे पहले श्री ननकाना साहिब पहुंचेंगे, जो गुरु नानक देव जी का जन्मस्थान है। यहां गुरुद्वारा पट्टी साहिब और क्यारा साहिब सहित अन्य ऐतिहासिक गुरुधामों में नतमस्तक होंगे। इसके बाद जत्था गुरुद्वारा सच्चा सौदा, श्री पंजा साहिब, श्री करतारपुर साहिब और लाहौर स्थित गुरुद्वारा डेरा साहिब के दर्शन करेगा। धार्मिक यात्रा पूरी करने के बाद जत्था एक दिसंबर को अटारी-वाघा सीमा के रास्ते भारत लौटेगा।

एसजीपीसी सदस्य बीबी गुरिंदर कौर भोलूवाला ने कहा कि अपने ऐतिहासिक गुरुधामों के दर्शन करना हर सिख के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने पाकिस्तान में गुरुद्वारों की प्राचीन इमारतों और गुरु साहिबान से जुड़ी निशानियों को सुरक्षित रखने की सराहना की। वहीं, श्रद्धालुओं ने दोनों देशों के बीच भाईचारे और शांति की कामना करते हुए बंदी सिंहों की रिहाई के लिए भी अरदास की। हालांकि, कुछ श्रद्धालुओं ने बसों की रवानगी, समय-सारणी और पासपोर्ट वितरण की जानकारी समय पर नहीं मिलने पर नाराजगी भी जताई।

डिग्री अवसर देगी, पहचान आपके स्किल से होगी: राजनाथ सिंह

लखनऊ। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए छात्रों से कहा कि जब आप नौकरी की दुनिया में कदम रखेंगे तो आपकी डिग्री आपको पहला अवसर दिलाएगी। उसके बाद आपकी पहचान आपके स्किल से होगी, आपकी सीखने की क्षमता से बनेगी। इसलिए अपने लिए नए रास्ते बनाने से मत डरिए। उन रास्तों पर अकेले चलने से भी मत घबराइए। राजनाथ सिंह ने कहा कि आपकी डिग्री आपकी पहचान नहीं है। अपनी रुचि और अपनी क्षमता को पहचानिए और उसी के अनुसार अपनी पहचान बनाइए। आज आप सभी विद्यार्थी अपने जीवन के महत्वपूर्ण पड़ाव पर हैं। आपके हाथों में डिग्री है।

मोदी से मिलने दिल्ली पहुंचे नेपाल के पीएम बालेंद्र शाह, सीमा विवाद से लेकर बिजली तक होगी बात

नई दिल्ली, एजेंसी। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह भारत के दो दिवसीय राजकीय दौरे पर नई दिल्ली पहुंच गए हैं। दिल्ली पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री

ऊर्जा और जलविद्युत पर रहेगा खास जोर

नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भारत आए बालेंद्र शाह की मार्च 2026 में पद संभालने के बाद यह पहली भारत यात्रा है। प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनकी पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा भी है।

भारत दौरे के दौरान सोमवार को बालेंद्र शाह की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात होगी। नई दिल्ली में दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय



बातचीत भी होगी।

इस बैठक में ऊर्जा, जलविद्युत, रेलवे, सड़क संपर्क और बुनियादी ढांचे से जुड़े मुद्दों पर खास तौर पर चर्चा होगी। इसके अलावा नेपाल में चल रही कई परियोजनाओं का दोनों नेता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन कर सकते हैं। बैठक के बाद दोनों देशों के बीच अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कई अहम समझौतों और दस्तावेजों का आदान-प्रदान होने की भी संभावना है।

गोरखपुर के लिए चलेगी विशेष रेलगाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी। यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली जंक्शन से गोरखपुर के बीच विशेष रेलगाड़ी का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 05019 गोरखपुर से आगामी 24 नवंबर की दोपहर 2.40 बजे चलकर अगली सुबह 8.20 बजे दिल्ली जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 05020 दिल्ली जंक्शन से 25 नवंबर की सुबह 11.10 बजे चलकर अगली सुबह 5 बजे गोरखपुर जंक्शन पहुंचेगी।



बेटे की चाह में 8 माह के मासूम का अपहरण, ट्रक से अलीगढ़ पहुंचाया

नई दिल्ली, एजेंसी। बेटे की चाहत में एक दंपती ने रिश्तेदार ट्रक चालक के साथ मिलकर दिल्ली से 8 माह के मासूम बच्चे का अपहरण कर लिया। आरोपी बच्चे को ट्रक में बैठाकर अलीगढ़ ले गए और वहां दंपती को सौंप दिया। पूर्वी जिला की मंडावली थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर अपहृत बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने इस मामले में ट्रक चालक समेत दंपती को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि बच्चे को अगवा करने के बदले ट्रक चालक को 1 लाख रुपये देने का वादा किया गया था।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के सिकंदरपुर (सुरीर) निवासी ट्रक चालक ऋषिपाल (40), अलीगढ़ जिले के टप्पल क्षेत्र स्थित वाजिदपुर गांव निवासी छत्रु (50) और उसकी पत्नी कुसमा (45) के रूप में हुई है। छत्रु ने ऋषिपाल को बच्चा लाकर देने के बदले 1 लाख रुपये देने का आश्वासन दिया था। पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ कर अपहरण की पूरी साजिश और अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।



पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि लक्ष्मी नामक महिला ने अपने 8 माह के बेटे के अपहरण की शिकायत मंडावली थाने में दर्ज कराई थी। पीड़िता पेशे से ई-रिक्शा चालक है और उसने अपने बच्चे की देखभाल की जिम्मेदारी ज्योति नामक महिला को सौंप रखी थी।

शिकायत के अनुसार, घटना के समय ज्योति बच्चे को लेकर पांडव नगर में कुछ सामान लेने गई थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास आया और बातचीत करने लगा। बातचीत के बीच आरोपी मौका पाकर बच्चे को लेकर फरार हो गया। घटना के बाद ज्योति ने इसकी जानकारी बच्चे की मां को दी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस की टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति बच्चे को लेकर भागता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के भागने के रास्ते और उसके वाहनों की जानकारी जुटानी शुरू की।

ई-रिक्शा से अक्षरधाम पहुंचा, फिर ट्रक में बैठकर हुआ फरार

जांच में सामने आया कि बच्चा लेकर भागने के बाद आरोपी एक ई-रिक्शा में सवार हुआ और अक्षरधाम मंदिर के पास पहुंचा। वहां पहले से खड़े टाटा-407 ट्रक में उसने बच्चे को बैठा दिया। इसके बाद ट्रक नोएडा की दिशा में रवाना हो गया।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर ट्रक के पंजीकरण नंबर की जानकारी जुटाई। वाहन की पहचान होने के बाद पुलिस ने उसके चालक ऋषिपाल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बच्चे को अलीगढ़ ले जाकर दंपती को सौंपने की बात बताई।

पुलिस टीम ने अलीगढ़ जिले के वाजिदपुर गांव में छापेमारी की। वहां से अपहृत बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस ने मौके से छत्रु और उसकी पत्नी कुसमा को भी गिरफ्तार कर लिया।

वीवीपी से बदली भारत-चीन सीमा के गांवों की तस्वीर, 40 गांवों में लौट रहे लोग: अमित शाह

शैलेंद्र कुमार शर्मा/उत्तम भारत

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केंद्र के फ्लैगशिप वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) के तहत बॉर्डर इलाकों में आधुनिक सुविधाओं के साथ विकास होने के बाद, चीन बॉर्डर से सटे अरुणाचल प्रदेश के 40 गांवों के लोग अपने घर लौट रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश में 5,610 करोड़ रुपये से ज्यादा की चार बड़ी विकास परियोजनाओं को लॉन्च करते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बॉर्डर के गांवों को देश का पहला गांव घोषित किया है और स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा और पीने के पानी की सप्लाई जैसी जरूरी सुविधाएं देकर उनका चौतरफा विकास कर रही है।

गृह मंत्री शाह द्वारा शुरू की गई

अरुणाचल प्रदेश में 5,610 करोड़ रुपये से ज्यादा की चार बड़ी विकास परियोजनाओं को लॉन्च किया

इन परियोजनाओं में मिशन शिक्षित अरुणाचल- फेज टू, विद्युत विकास परियोजना, ग्रामीण सड़क विकास के काम और 11 बॉर्डर जिलों में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत 199 परियोजनाएं शामिल हैं। गृह मंत्री ने कहा कि वीवीपी के जरिए सरकार का मकसद देश के सभी सीमावर्ती गांवों को विकसित करना और लोगों को बेहतर रोजी-रोटी के मौकों और सुविधाओं की तलाश में शहरी इलाकों में जाने से रोकना है। उन्होंने कहा, सीमावर्ती गांवों का विकास सरकार की प्राथमिकता है। अगर गांव वाले आर्थिक और दूसरे तरीकों से मजबूत होंगे, तो उनकी जीवन शैली बदलेगी और उनकी खुशी बढ़ेगी।

गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय सेना और इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) के जवान



सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों के कृषि उत्पादन को बढ़ाने और उनके स्थानीय तौर पर उगाए गए उत्पादों की मार्केटिंग में मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे सेना और आईटीबीपी के जवान स्थानीय तौर पर उगाई गई फसलों और खाने की चीजों का इस्तेमाल कर रहे हैं, सीमावर्ती गांवों के साथ उनका इमोशनल रिश्ता मजबूत होता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कोऑपरेटिव मूवमेंट अरुणाचल प्रदेश को दूध, अंडे, मछली और मांस के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा, जिससे ग्रामीण और सीमावर्ती इलाकों के लोग आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि अगर वे काफी मात्रा में दूध का उत्पादन करते हैं, तो राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और अमूल उनका उत्पाद खरीदेंगे। गृह मंत्री ने घोषणा की कि एनडीडीबी की एक टीम जल्द ही अरुणाचल प्रदेश भेजी जाएगी, ताकि राज्य में दूध का उत्पादन बढ़ाने और डेयरी सेक्टर को मजबूत करने की सभी संभावनाओं का पता लगाया जा सके। शाह ने दावा किया कि केंद्र ने अरुणाचल प्रदेश के चौतरफा विकास के लिए चार गुना से ज्यादा पैसे दिए हैं।

उन्होंने कोऑपरेटिव मूवमेंट में महिलाओं की भागीदारी के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि महिला सेल्फ-हेल्प ग्रुप कोऑपरेटिव सेक्टर को बढ़ाने और मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे। गृह मंत्री ने सरस मेले का उद्घाटन भी किया और ग्रामीण विकास को मजबूत करने और जरूरी सेवाओं तक पहुंच को बेहतर बनाने के मकसद से शुरू की गई पहलों के तहत एक मोबाइल मेडिकल वैन को हरी झंडी दिखाई। दोरजी खांडू स्टेट कन्वेंशन सेंटर में हुए इस इवेंट ने अरुणाचल प्रदेश में कोऑपरेटिव सेक्टर को मजबूत करने और इसे ज्यादा मजबूत, आत्मनिर्भर और सबको साथ लेकर चलने वाला बनाने की दिशा में एक जरूरी कदम दर्शाया।

20 करोड़ की साइबर ठगी का पर्दाफाश, 22 आरोपी गिरफ्तार



उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने 5 दिवसीय अंतरराज्यीय अभियान चलाकर बड़े साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पश्चिमी जिला साइबर थाना पुलिस ने 22 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि गिरोह देशभर में 22,139 लोगों से 20 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कर चुका है।

पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी. स्वामी के अनुसार, 11 से 15 नवंबर तक 7 विशेष टीमों के 64 पुलिसकर्मियों ने झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में 17 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 63 मोबाइल फोन, 2 लैपटॉप, 2 मैकबुक और 1 टैबलेट बरामद किया गया।

जांच में पता चला कि गिरोह मुख्य रूप से बुजुर्गों को निशाना बनाता था। आरोपी बैंक अधिकारी बनकर जीवन प्रमाणपत्र सत्यापन, बैंक संबंधी जानकारी, केवाईसी अद्यतन और ऋण कार्ड की सीमा बढ़ाने का झांसा देते थे। इसके बाद वाट्सऐप पर एपीके फाइल भेजकर मोबाइल में सेंध लगाते थे।

फाइल डाउनलोड होते ही आरोपितों को पीड़ित के मोबाइल में मौजूद निजी जानकारी, संदेश, ओटीपी, बैंकिंग विवरण और अन्य सूचनाओं तक पहुंच मिल जाती थी। इसके जरिए वे बैंक खातों और ऋण कार्ड से रकम निकाल लेते थे।

पुलिस के अनुसार, गिरोह की गतिविधियां राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल की 2,080 शिकायतों से भी जुड़ी मिली हैं। आरोपितों में ठगी के लिए इस्तेमाल होने वाली एपीके फाइल और तकनीकी पैनल तैयार करने वाले लोग भी शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि कार्रवाई के बाद दिल्ली में एपीके फाइल के माध्यम से होने वाली ठगी की शिकायतों में 50 प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज की गई है। फिलहाल पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों और ठगी के नेटवर्क की जांच कर रही है।

सड़क सुरक्षा व्यवस्था की और अधिकारियों की जवाबदेही तय हो: ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

चार गुना चालान और छह गुना जुर्माने की वसूली के बावजूद बढ़ रही सड़क हादसों में जान गंवाने वालों की संख्या

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। पांच साल में वाहनों के चालानों की संख्या में चार गुना और जुमार्ने की रकम में छह गुना बढ़ोतरी होने के बावजूद सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश नहीं लग रहा है। देश में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या तकरीबन 9.3 फीसदी बढ़ गई है। ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने इस पर चिंता जताते हुए सड़क सुरक्षा की उच्चस्तरीय समीक्षा और अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

एसोसिएशन का कहना है कि केंद्र सरकार के आंकड़ों के मुताबिक देश में 55 हजार से ज्यादा हाईटेक कैमरे लगाए गए हैं। पांच वर्षों में औसत वार्षिक चालान की संख्या 2 करोड़ से बढ़कर 8 करोड़ हो गई है। जुमार्ने से होने वाली वसूली 1,800 करोड़ रुपये से बढ़कर करीब 12 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। इसके बावजूद पांच वर्षीय अवधि में सड़क दुर्घटनाओं में मौतों की संख्या 7.36 लाख से बढ़कर 8.04 लाख हो गई है। एसोसिएशन का कहना है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की वर्ष 2024 की रिपोर्ट मुताबिक इस दौरान देश में 4,87,707 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, इनमें 1,77,175 लोगों की जान गई और 4,71,441 लोग घायल हुए।

दिल्ली पुलिस ने 14 महीने से फरार आरोपी को राजस्थान के भिवाड़ी से किया गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने छतरपुर इलाके में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी को राजस्थान के भिवाड़ी से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि आरोपी घटना के बाद पिछले करीब 14 महीने से फरार चल रहा था। आरोपी की पहचान अरबाज खान उर्फ बैजू के रूप में हुई है। दिल्ली पुलिसके अनुसार, 15 सितंबर 2025 को छतरपुर के चंदन होला गांव में पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी कर रहे थे, तभी एक भीड़ ने उन पर ईंटों, डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया था। इस हमले में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

पुलिसकर्मियों पर हमले के अगले दिन 16 सितंबर 2025 को फतेहपुर बेरी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 221, 132, 121(1), 110, 351(2) और 3(5) के तहत दर्ज किया गया था।

पुलिस ने बताया कि 19 नवंबर को दक्षिण जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ को गुप्त सूचना मिली कि वांछित आरोपी राजस्थान के भिवाड़ी स्थित गादपुर गांव में छिपा हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि इस खुफिया जानकारी के आधार पर टीम ने तुरंत जानकारी की पुष्टि करने और संदिग्ध का पता लगाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी।

इसके बाद एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया, जिसने मिली जानकारी पर आगे काम किया। इसके बाद पुलिस टीम ने बताई गई जगह पर एक समन्वित अभियान चलाया। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के बाद, 20 नवंबर को आरोपी को गादपुर गांव से सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया।

नासिरपुर गांव में कार्डबोर्ड फैक्टरी में लगी आग, दमकल की नौ गाड़ियों ने पाया काबू

नई दिल्ली। द्वारका जिले के नासिरपुर गांव में रविवार सुबह कार्डबोर्ड बनाने वाली फैक्टरी और उसके स्टोरेज में आग लग गई। आग की सूचना सुबह 9:55 बजे दमकल विभाग को मिली। इसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। आग की गंभीरता को देखते हुए दमकल की नौ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल अधिकारियों के मुताबिक, खसरा नंबर 440 स्थित फैक्टरी में लगी आग पर दोपहर 11:50 बजे तक काबू पा लिया गया था। इसके बाद दोपहर 12:35 बजे ऑपरेशन बंद करने का संदेश दिया गया। हालांकि, मौके पर कूलिंग का काम जारी रहा। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

जीटी रोड पर अप्सरा बॉर्डर से कश्मीरी गेट तक फरार्टा भरेंगे वाहन



उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के अप्सरा बॉर्डर से कश्मीरी गेट तक सफर करने वाले वाहन चालकों को जल्द ट्रैफिक जाम से राहत मिलने वाली है। इसके तहत अप्सरा बॉर्डर टोल प्लाजा से झिलमिल मेट्रो स्टेशन के बीच रास्ते में रुकावट बन रहे दो ट्रैफिक सिग्नल अगले महीने बंद कर दिए जाएंगे। इनकी जगह तीन यू-टर्न बनाकर यातायात का संचालन किया जाएगा। इससे वेलकम, सीलमपुर, गांधीनगर और कश्मीरी गेट की ओर जाने वाले वाहन बिना रुके फरार्टा भर सकेंगे। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है।

अभी जीटी रोड पर झिलमिल से कश्मीरी गेट तक का रास्ता निर्बाध है। शाहदरा फ्लाईओवर (विश्वकर्मा सेतु), सलीमपुर फ्लाईओवर और धर्मपुरा फ्लाईओवर होते हुए लोग बिना रुके सीधे कश्मीरी गेट चले जाते हैं। लेकिन अप्सरा बॉर्डर से झिलमिल मेट्रो स्टेशन तक रास्ते में रुकावट है। चिंतामणि चौराहे और झिलमिल मेट्रो स्टेशन तिराहा स्थित दो ट्रैफिक सिग्नल पर वाहनों को रुकना पड़ता है। इनकी वजह से व्यस्त समय में वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। एक बार सिग्नल हरा होने पर सारे वाहन नहीं निकल पाते। इससे जाम की स्थिति बनती है। इस बीच रुक-रुक कर चलने से लोगों को परेशानी होती है। वाहन चालकों के 15 से 20 मिनट तक बर्बाद होते हैं। इस पर जाम लगने से विवेक विहार और दिलशाद गार्डन जाने वाले रोड पर यातायात भी प्रभावित होता है इन दोनों सिग्नलों के बंद होने से अप्सरा बॉर्डर से कश्मीरी गेट तक रास्ता सिग्नल फ्री हो जाएगा।

स्वामी दयानंद और शंकर रोड पर लगेंगे मिस्ट स्प्रे सिस्टम

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। राजधानी में प्रदूषण पर काबू पाने के लिए पूर्वी दिल्ली के स्वामी दयानंद मार्ग और मध्य दिल्ली के राजेंद्र नगर स्थित शंकर रोड पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाया जाएगा। इन्हें लगाने और चलाने पर करीब चार करोड़ रुपये की लागत आएगी। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार, हाल में चिह्नित नए प्रदूषण हॉटस्पॉट इलाकों में भी ऐसे सिस्टम लगाने पर मंथन चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि स्वामी दयानंद मार्ग करीब तीन किलोमीटर लंबा है। जगतपुरी से गाजीपुर तक स्ट्रीट लाइट के 50 से ज्यादा खंभों पर हाई प्रेशर ऑटोमैटिक मिस्टिंग सिस्टम लगेगा, जो पानी को फुहार के रूप में फेंकेगा। इससे करीब एक मीटर के दायरे में छिड़काव होगा। नोजल में फिल्टर भी लगाया जाएगा, ताकि वह जाम न हो।

पानी जमीन के नीचे बिछी स्टेनलेस स्टील की पाइपलाइन से आएगा और इसमें आरओ के पानी का उपयोग होगा। डिजिटल कंट्रोलर से संचालन होगा, जिससे सिस्टम निर्धारित समय पर अपने आप चालू और बंद हो सकेगा। एक घंटे में करीब 2.5 लीटर पानी की खपत होगी।

इसी तरह करीब 1.6 किलोमीटर लंबे शंकर रोड पर सर गंगा राम अस्पताल क्रॉसिंग से सिद्धार्थ चौक तक 39 खंभों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, जहांगीरपुरी, पंजाबी बाग, विवेक विहार, डीटीयू, रोहिणी, पूसा (आईआईटीएम), सोनिया विहार और नॉर्थ कैंपस में भी कुछ सड़कों पर इन्हें लगाने की संभावना पर काम किया जा रहा है।

प्रॉपर्टी डीलर को अगवा करने वाला आरोपी गिरफ्तार



उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। पुराने आपराधिक मामले में गवाही देने से रोकने और केस वापस लेने के लिए प्रॉपर्टी डीलर को अगवा करने वाले आरोपी को बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पवन कुमार उर्फ मक्की टिल्लू ताजपुरिया गैंग का सक्रिय सदस्य है। आरोपी प्रॉपर्टी डीलर को अगवा कर कई जगह ले गया और पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर उससे जबरन समझौता पत्र पर हस्ताक्षर कराए थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के एक साथी को गिरफ्तार कर चुकी थी, जबकि पवन वारदात के बाद से फरार था।

जिला पुलिस उपायुक्त शोभित डी सक्सेना ने बताया कि अकबरपुर माजरा गांव निवासी प्रॉपर्टी डीलर राकेश कुमार ने 29 अक्तूबर को अलीपुर थाने में शिकायत दी। जिसमें उन्होंने बताया कि 27 अक्तूबर को नरेंद्र उर्फ भोलू ने उन्हें घर के बाहर बुलाया। इसके बाद काले रंग की महिंद्रा स्कॉर्पियो-एन कार में जबरन बैठाकर अगवा कर लिया। गाड़ी में पवन उर्फ मक्की पहले से मौजूद था। आरोपियों ने उन्हें पल्ला-जंगोला रोड और बख्तावरपुर में सुनील तंवर उर्फ राजू के कार्यालय समेत कई जगहों पर ले जाकर बंधक बनाए रखा। इस दौरान आरोपियों ने उसपर अलीपुर थाने में दर्ज पुराने मुकदमे को वापस लेने और पवन मक्की व उसके साथियों के खिलाफ बयान नहीं देने का दबाव बनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि पवन ने पिस्टल तानकर जान से मारने की धमकी दी और डराकर उसकी इच्छा के खिलाफ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करा लिए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस टीम ने मामले की जांच करते हुए 30 अक्तूबर को नरेंद्र उर्फ भोलू को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल स्कॉर्पियो-एन भी बरामद की गई। हालांकि पवन मक्की गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। उसने रोहिणी कोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका भी दायर की थी, जिसे छह नवंबर को अदालत ने खारिज कर दिया। इसके बाद उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कराने की प्रक्रिया शुरू की गई। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए बाहरी उत्तरी जिला स्पेशल स्टाफ की टीम उसकी संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की और तकनीकी निगरानी के साथ मुखबिरों से जानकारी जुटाई। पुलिस ने कई दिनों की तलाश के बाद पुलिस ने 21 नवंबर को पवन कुमार उर्फ मक्की को गिरफ्तार कर लिया।

व्यापार मेले में झारखंड की आदिवासी कला का आकर्षण

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखंड की पारंपरिक आदिवासी चित्रकलाएं लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। झारखंड पवेलियन में पैतकर और सोहराय-खोवर चित्रकलाओं के माध्यम से राज्य की समृद्ध लोकसंस्कृति और सदियों पुरानी कलात्मक विरासत की झलक देखने को मिल रही है।

कारीगर जंतु कोपे अपनी कलाकृतियों के जरिए इस पारंपरिक कला को नए बाजार तक पहुंचा रहे हैं। इन चित्रों में पशु-पक्षियों, प्रकृति, लोकजीवन और धार्मिक मान्यताओं को दशार्या गया है। इनकी विशेषता प्राकृतिक रंग हैं, जिन्हें लाल-पीली मिट्टी, पत्थरों, कोयले और चूने से तैयार किया जाता है।

सिंहभूम की पैतकर चित्रकला में लोककथाओं, कृष्ण लीला और जीवन-मृत्यु के चक्र को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। वहीं, हजारीबाग की सोहराय-खोवर



कला में पशु-पक्षियों, पेड़-पौधों और ज्यामितीय आकृतियों का सुंदर चित्रण किया जाता है।

कारीगरों के अनुसार, बड़ी कलाकृति तैयार करने में 3 से 4 दिन और छोटी पेंटिंग बनाने में लगभग 1 दिन लगता है। अब इन चित्रकलाओं का उपयोग दीवारों के साथ-साथ विभिन्न सजावटी वस्तुओं में भी किया जा रहा है।

दिल्ली के व्यापार मेले में इन कलाओं को मिल रही पहचान से झारखंड के कारीगरों को नए खरीदारों तक पहुंचने का अवसर मिल रहा है। इससे पारंपरिक आदिवासी कला के संरक्षण और उसे आधुनिक बाजार से जोड़ने की दिशा में भी मदद मिल रही है।

युवक पर चाकू से वार कर फरार हुआ हिस्ट्रीशीटर उमेश गिरफ्तार, दिल्ली पुलिस ने 12 घंटे के अंदर दबोचा



उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के मंडोली में करीब 40-45 दिन पुरानी कहासुनी को लेकर हुए विवाद में एक युवक के पेट में चाकू घोंपकर हत्या की कोशिश करने के मामले में हर्ष विहार थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मंडोली एक्सटेंशन निवासी उमेश के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पहले भी हत्या के एक मामले में शामिल रहा है। वारदात के करीब 12 घंटे के भीतर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद करने का प्रयास कर रही है। शुक्रवार रात रात करीब साढ़े नौ बजे चार खंभा, मंडोली के पास चाकूबाजी की सूचना पुलिस को मिली थी। घायल संदीप उर्फ अमन (27 वर्ष) को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घायल का बयान दर्ज किया। संदीप ने बताया कि करीब 40-45 दिन पहले उसके भाई रोबिन और उमेश के बीच झगड़ा हुआ था। इसी पुरानी रंजिश को लेकर उमेश ने विवाद के दौरान उस पर चाकू से हमला कर दिया। घायल के बयान पर हर्ष विहार थाने में 21 नवंबर को हत्या की कोशिश का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसएचओ तेज दत्त गौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कई ठिकानों पर छापामारी कर उमेश को गिरफ्तार कर लिया। मामले में आगे की जांच जारी है।

व्यापार मेले में निवेश का पाठ, छोटी बचत से बड़े सपनों की तैयारी

सेबी, एलआईसी और बैंकों के पवेलियन में मिल रही वित्तीय जानकारी, डिजिटल ठगी से बचाव के तरीके भी सिखाए जा रहे; झारखंड की लोककलाओं ने खींचा लोगों का ध्यान

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला इन दिनों खरीदारी, खानपान और सांस्कृतिक विविधता के साथ वित्तीय जागरूकता का भी केंद्र बना हुआ है। भारत मंडपम में आयोजित 45वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में जहां लोग कपड़े, हस्तशिल्प, घरेलू सामान और विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों का आनंद ले रहे हैं, वहीं कई पवेलियन में उन्हें बचत, निवेश, बीमा और आर्थिक सुरक्षा की जानकारी भी दी जा रही है। यहां विशेषज्ञ आम लोगों को समझा रहे हैं कि नियमित छोटी बचत और सही वित्तीय योजना के जरिए बच्चों की उच्च शिक्षा, अपना घर और सेवानिवृत्ति जैसे बड़े लक्ष्यों के लिए पर्याप्त धन जुटाया जा सकता है।

सेबी के पवेलियन में शेयर बाजार और निवेश की जानकारी

मेले के हॉल नंबर 4 में स्थित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के भारत का शेयर बाजार पवेलियन में राष्ट्रीय शेयर बाजार, बंबई शेयर बाजार और म्यूचुअल फंड से जुड़े विशेषज्ञ लोगों को निवेश के विभिन्न विकल्पों की जानकारी दे रहे हैं। यहां व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी), बॉन्ड और शेयर बाजार में निवेश की प्रक्रिया समझाई जा रही है। लोगों को बताया जा रहा है कि नियमित रूप से छोटी रकम निवेश करके लंबी अवधि में बड़ा कोष तैयार किया जा सकता है। इसके अलावा पुराने कागजी शेयरों को डीमैट खाते में बदलने और अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) संबंधी जानकारी अद्यतन कराने की सुविधा भी उपलब्ध है।

डिजिटल ठगी से बचने के तरीके भी सिखाए जा रहे

निवेश के साथ जमा पूंजी की सुरक्षा को भी विशेष महत्व दिया जा रहा है। डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते



इस्तेमाल के बीच फर्जी कड़ियों, संदिग्ध मोबाइल अनुप्रयोगों और धोखाधड़ी वाली निवेश योजनाओं के जरिए होने वाली ठगी के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पवेलियन में संवादात्मक प्रदर्शन के माध्यम से आगंतुकों को बताया जा रहा है कि अनजान कड़ियों पर क्लिक करना, बिना जांच के मोबाइल अनुप्रयोग डाउनलोड करना और आकर्षक मुनाफे का लालच देने वाली योजनाओं में निवेश करना किस तरह आर्थिक नुकसान का कारण बन सकता है। लोगों को किसी भी वित्तीय निर्णय से पहले संबंधित जानकारी की पुष्टि करने की सलाह दी जा रही है।

बीमा और बैंकिंग सेवाओं की भी जानकारी

विभिन्न बैंकों के पवेलियन में बचत खाते, सावधि जमा, ऋण और अन्य बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। आगंतुक बैंक अधिकारियों से सीधे मिलकर ऋण की ब्याज दरों, भुगतान की अवधि और अन्य शर्तों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। वहीं, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के पवेलियन में जीवन बीमा और परिवार की आर्थिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। विशेषज्ञ लोगों को समझा रहे हैं कि परिवार के कमाने वाले सदस्य के साथ किसी अप्रत्याशित घटना की स्थिति में आर्थिक संकट से बचने के लिए पर्याप्त बीमा और पहले से वित्तीय तैयारी करना जरूरी है।

बच्चों की पढ़ाई से बुढ़ापे तक की आर्थिक योजना

मेले में आम परिवारों को उनकी आय और जरूरतों के अनुसार वित्तीय योजना बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसमें बच्चों की उच्च शिक्षा, घर खरीदने, स्वास्थ्य संबंधी खर्चों और सेवानिवृत्ति के बाद की जरूरतों के लिए पहले से धन जुटाने पर जोर दिया जा रहा है। विशेषज्ञों का संदेश है कि केवल कमाई करना पर्याप्त नहीं है। आय का सही प्रबंधन, नियमित बचत, सोच-समझकर निवेश और पर्याप्त बीमा के माध्यम से भविष्य की आर्थिक चुनौतियों का सामना बेहतर तरीके से किया जा सकता है।

राज्यसभा सांसद रामराव वडकुटे के निधन पर राष्ट्रपति मुर्मु और प्रधानमंत्री मोदी समेत कई नेताओं ने जताया दुख

उत्तम भारत संवाददाता





नई दिल्ली। भाजपा के राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ नेता रामराव वडकुटे के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई नेताओं ने दुख जताया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा गया, ह्लराज्यसभा सांसद रामराव सखाराम वडकुटे के निधन से बहुत दुख हुआ। वे लोगों की भलाई के लिए समर्पित थे और उन्होंने महाराष्ट्र और देश के विकास में कीमती योगदान दिया। उनके परिवार के सदस्यों, चाहने वालों और शुभचिंतकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, ह्लराज्यसभा सांसद रामराव वडकुटे के निधन से बहुत दुख हुआ। उन्हें समाज में उनके योगदान और गरीबों और पिछड़े लोगों की सेवा पर जोर देने के लिए याद किया जाएगा। महाराष्ट्र में भाजपा को मजबूत करने के उनके प्रयास भी उतने ही उल्लेखनीय थे। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और चाहने वालों के साथ हैं। ओम शांति।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लिखा, भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद रामरावजी वडकुटे के निधन की खबर दुखद है। मैं दिल से अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। लोगों के नेता के तौर पर सार्वजनिक जीवन में रामरावजी के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। धनगर समुदाय से जुड़े मुद्दों पर उनका काम उल्लेखनीय है। भगवान दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार को इस दुख से उबरने की शक्ति दें। ओम शांति।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, महाराष्ट्र से भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद रामराव वडकुटे के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। समाज सुधार और लोगों की भलाई के लिए उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। भगवान दिवंगत आत्मा को शांति दें और उनके परिवार, रिश्तेदारों और सपोर्टर्स को इस दुख से उबरने की ताकत दें, यही मेरी प्रार्थना है। दिल से श्रद्धांजलि!

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, भाजपा के राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ नेता रामराव वडकुटे के निधन की खबर बहुत दुख देने वाली है। उनके निधन ने एक मिलनसार और सादगी पसंद इंसान को राजनीति से दूर कर दिया है। उन्होंने हिंगोली जिले में भाजपा के लिए कई संगठनात्मक जिम्मेदारियां निभाईं। उन्होंने धनगर समुदाय के लिए बहुत काम किया।

देवेंद्र फडणवीस ने आगे लिखा, उन्होंने भेड़ और बकरी विकास निगम के अध्यक्ष के तौर पर भी काम किया। उन्होंने कोऑपरेटिव सेक्टर पर भी अपनी छाप छोड़ी। जमीनी स्तर के समुदायों के लिए उनकी चिंता हमेशा साफ दिखती थी। उनके निधन से, एक सीधा-सादा और समर्पित इंसान हमसे दूर चला गया। मैं उन्हें दिल से श्रद्धांजलि देता हूं।

सीआईआई ने 2047 तक 26.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए सुझाए 15 बड़े वित्तीय सुधार

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने आगामी केंद्रीय बजट 2027-28 से पहले बैंकिंग, गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र, पूंजी बाजार, बीमा और फिनटेक से जुड़े 15 प्रमुख सुधारों की सिफारिश की है। उद्योग संगठन का कहना है कि भारत को 2047 तक 26.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए वित्तीय क्षेत्र की क्षमता और गहराई में व्यापक विस्तार करना होगा।

सीआईआई के अनुसार, 2047 तक 26.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए लगभग 106 ट्रिलियन डॉलर के वित्तीय परिसंपत्ति आधार की आवश्यकता होगी, जबकि वर्तमान में यह आकार लगभग 7 ट्रिलियन डॉलर है। संगठन का कहना है कि भारत के बैंकिंग तंत्र, पूंजी बाजार और बीमा क्षेत्र को आने वाले दो दशकों की जरूरतों के अनुरूप तैयार करना होगा।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि भारतीय वित्तीय क्षेत्र फिलहाल मजबूत स्थिति में है। बैंकों और एनबीएफसी की बैलेंस शीट बेहतर हुई हैं तथा सरकार और नियामकों द्वारा हाल के वर्षों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। अब चुनौती ऐसे वित्तीय तंत्र के निर्माण की है जो वर्तमान आकार से कई गुना बड़ी अर्थव्यवस्था को वित्तपोषित कर सके।

उद्योग संगठन ने एनबीएफसी के लिए नियम-आधारित स्थायी तरलता सुविधा, प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) ढांचे में बदलाव, कम क्रेडिट रेटिंग वाले कॉरपोरेट बॉन्ड्स के लिए निवेशक आधार बढ़ाने, ऋण वसूली के मामलों में बैंकों के समान अधिकार और राष्ट्रीय आपदा एवं जलवायु जोखिम बीमा पूल बनाने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं।

सीआईआई ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए प्राथमिकता क्षेत्र ऋण सीमा को 35 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 80-100 करोड़ रुपए प्रति उधारकर्ता करने का सुझाव दिया है, ताकि मध्यम आकार की परियोजनाएं भी इसका लाभ उठा सकें। इसके अलावा बैटरी पुनः उपयोग और रीसाइक्लिंग जैसी सर्कुलर इकॉनमी गतिविधियों को भी इस ढांचे में शामिल करने की सिफारिश की गई है।

निर्यात क्षेत्र के लिए संगठन ने मौजूदा 2 प्रतिशत अतिरिक्त निर्यात ऋण सीमा के बजाय एक समर्पित निर्यात उप-लक्ष्य बनाने की मांग की है। इसके साथ फैक्टरिंग, एक्सपोर्ट रिसीवेबल्स और सप्लाई चेन फाइनेंस को भी पात्रता दायरे में लाने का सुझाव दिया गया है। सीआईआई का अनुमान है कि देश में एमएसएमई क्षेत्र का क्रेडिट गैप 25-30 लाख करोड़ रुपए के बीच है। इसे कम करने के लिए संगठन ने सरकारी गारंटी वाले एमएसएमई ऋणों में आग, बाढ़, मशीनरी खराब होने और कारोबार बाधित होने से जुड़ी बीमा सुरक्षा को अनिवार्य बनाने की सिफारिश की है।

इसके अलावा, वीडियो आधारित ग्राहक पहचान (वीडियो केवाईसी) के लिए एक नियामकीय ढांचा तैयार करने का सुझाव दिया गया है, जिसमें प्रमाणित डिजिटल प्रणालियों के माध्यम से पहचान सत्यापन किया जा सके। इससे विशेष रूप से कम सेवा वाले क्षेत्रों में ग्राहकों को जोड़ने की लागत कम होगी।

सोनिया विहार में बीच-बचाव करना पड़ा महंगा दो युवकों को मारा चाकू, तीन आरोपी गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने तीन हमलावरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि इन लोगों पर दो युवकों को चाकू मारने का आरोप है। दो दिन पहले शहर के सोनिया विहार इलाके में एक हाथापाई के दौरान ये युवक बीच-बचाव करने आए थे, इस दौरान वे खुद भी घायल हो गए थे। गिरफ्तार हमलावरों की पहचान शौर्य सिंह (18), अमन (23) और बॉबी (18) के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से हमले में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद किया है। पुलिस इस मामले में आगे की जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित सूरज सेन (18) अपने दोस्त अर्पित मिश्रा के साथ बस से घर लौट रहा था। चौहान पट्टी बस स्टैंड पर उतरने के बाद, उन्होंने देखा कि लड़कों का एक समूह आपस में झगड़ रहा था। जब अर्पित मिश्रा ने बीच-बचाव करके उन्हें शांत करने की कोशिश की, तो वहां मौजूद 2-3 लड़कों ने कथित तौर पर उसे चाकू मार दिया। इस हाथापाई के दौरान, हमलावरों ने पीड़ित सूरज सेन के बाएं कंधे पर भी चाकू मार दिया। इसके बाद, आरोपियों ने दोनों पीड़ितों को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। यह घटना शुक्रवार रात करीब 9 बजे हुई। पीड़ितों ने शनिवार को सोनिया विहार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। स्थानीय खुफिया जानकारी और लगातार प्रयासों के आधार पर पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को ढूंढ निकाला और उन्हें हिरासत में ले लिया।

हमले में इस्तेमाल किया गया हथियार और घटना के समय आरोपियों द्वारा पहने गए कपड़े बरामद कर लिए गए हैं, जो इस मामले में अहम सबूत हैं। तीनों आरोपी, शौर्य सिंह, अमन और बॉबी, गाजियाबाद के लोनी स्थित अंबेडकर नगर के रहने वाले हैं। आरोपी अमन और बॉबी पहले भी इसी तरह के अपराधों में शामिल रहे हैं और उन मामलों में उनके खिलाफ पुलिस केस भी चल रहे हैं।

रोहित गोदारा गिरोह के 3 शूटर गिरफ्तार, 5 करोड़ की रंगदारी के लिए की थी फायरिंग

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा गिरोह के 3 कथित शूटरों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन्होंने 5 करोड़ रुपये की रंगदारी नहीं मिलने पर 28 अक्टूबर को पीतमपुरा में एक व्यापारी के घर के बाहर गोलीबारी की थी। पुलिस ने रोहिणी इलाके में पीछा कर तीनों को दबोचा। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान निखिल कुमार, शुभम और मोक्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से 2 अर्धस्वचालित पिस्तौल, 1 देसी कट्टा, 12 कारतूस, वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और कार बरामद की है।

जांच के अनुसार, व्यापारी साहिल जैन उर्फ गूगल से रोहित गोदारा गिरोह ने 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। रकम देने से इनकार करने पर गिरोह के शूटरों ने व्यापारी के घर के बाहर और उनकी कार पर गोलियां चलाई थीं। पुलिस के मुताबिक, मोक्ष गिरोह के विदेशी संचालकों और स्थानीय बदमाशों के बीच संपर्क का काम करता था। उसने निखिल को पैसों और आलीशान जीवनशैली का लालच देकर गिरोह में शामिल किया था। गोलीबारी के लिए निखिल को 50 हजार रुपये देने की बात तय हुई थी, जबकि शुभम भी साजिश में शामिल था। अपराध शाखा की टीम ने तकनीकी और स्थानीय निगरानी के आधार पर 500 किलोमीटर से अधिक दूरी तक आरोपितों का पीछा किया और शुक्रवार को रोहिणी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब फरार आरोपित प्रदीप की तलाश के साथ गिरोह के अन्य सदस्यों और उनके नेटवर्क की जांच कर रही है।

रघुबीर नगर में इमारत में आग लगने से एक महिला की मौत, बेटा-बहू झुलसे

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के रघुबीर नगर में शनिवार को एक रिहायशी इमारत में आग लगने से 55 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा और बहू झुलस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मृतका की पहचान सुनीता के रूप में हुई है, जबकि उनके बेटे ध्रुव (20) और बहू नीति (21) भी हादसे में झुलस गए हैं। शुरूआती जानकारी के अनुसार, दोपहर के आसपास एक घर की पहली मंजिल पर आग लग गई, जिसके बाद पूरे घर में तेजी से धुआं फैल गया और परिवार के सदस्य अंदर ही फंस गए। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों और परिवार के सदस्यों ने ध्रुव और नीति को तो बचा लिया एवं उन्हें गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल ले गए, लेकिन सुनीता एक कमरे के अंदर ही फंसी रह गईं।

पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से, हथौड़े का इस्तेमाल करके बगल की दीवार तोड़ी और सुनीता को बाहर निकाला। आपात कार्रवाई वाहन के कर्मचारी सुनीता को गुरू गोबिंद सिंह अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अधिकारियों ने बताया कि ध्रुव की हालत स्थिर होने के कारण इलाज के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जबकि नीति को आगे के इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया।

शुरूआती पूछताछ में ध्रुव ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी पत्नी नीति के चीखने की आवाज सुनी और उसे बचाने के लिए बालकनी से दौड़कर अंदर गया। ध्रुव ने पुलिस को बताया कि भीषण गर्मी और लपटों के कारण वह अपनी मां तक नहीं पहुंच सका, जो कमरे के अंदर ही फंसी रह गईं। स्थानीय लोगों के अनुसार, घर में पूजा-पाठ चल रहा था।

सुंदर नर्सरी में सजा देशभर के व्यंजनों का स्वाद, 90 से अधिक स्टॉल आकर्षण

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के सुंदर नर्सरी में 18 दिवसीय सरस शक्ति खाद्य महोत्सव की शुरूआत हो गई है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से आयोजित इस महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखने का अवसर मिल रहा है। यहां 90 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें लिट्टी-चोखा, हैदराबादी बिरयानी, मक्के की रोटी और सरसों का साग सहित कई क्षेत्रीय पकवान उपलब्ध हैं।

महोत्सव में बिहार, पंजाब, तेलंगाना, असम, केरल और छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजन आकर्षण का केंद्र हैं। इसके माध्यम से देश की खानपान विविधता और ग्रामीण महिलाओं की पाक कला को राष्ट्रीय मंच प्रदान किया जा रहा है।

इस आयोजन में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 500 से अधिक महिला उद्यमी अपने उत्पादों और पाक कला का प्रदर्शन कर रही हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीण महिला उद्यमियों को शहरी उपभोक्ताओं और संभावित खरीदारों से जोड़ना तथा उनके उत्पादों की पहचान और बाजार पहुंच बढ़ाना है। महोत्सव का समयः सरस शक्ति खाद्य महोत्सव प्रतिदिन सुबह 11:30 बजे से रात 9:30 बजे तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा।

आईजीआई एयरपोर्ट पर लिफ्ट में डेढ़ घंटे तक फंसे रहे गुजरात के दो यात्री, वीडियो बनाकर मांगी मदद

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) के टर्मिनल-2 पर लिफ्ट खराब होने से शनिवार को गुजरात के दो यात्री करीब डेढ़ घंटे तक अंदर फंसे रहे। घटना गेट नंबर 25 के पास स्थित लिफ्ट नंबर 10 में हुई। लिफ्ट के अंदर फंसे यात्रियों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया और मदद की गुहार लगाई। वीडियो वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। हालांकि, एयरपोर्ट प्रबंधन की टीम ने दोनों यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

यात्रियों की पहचान राहुल पटेल और सुरेश तोमर के रूप में हुई है। सुरेश तोमर ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में बताया कि वे करीब डेढ़ घंटे से लिफ्ट के अंदर फंसे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मदद के लिए बार-बार गुहार लगाने के बावजूद लिफ्ट की लाइट बंद की जा रही है। वीडियो में उन्होंने एयरपोर्ट प्रबंधन और संबंधित एजेंसियों से तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की अपील की। घटना की जानकारी मिलने के बाद एयरपोर्ट के संचालन और रखरखाव विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं।

पश्चिम दिल्ली के जनकपुरी में तेज कार ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जनकपुरी में शनिवार दोपहर एक तेज रफ़्तार कार के ई-रिक्शा से टकरा जाने के कारण कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा पहले दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की एक खड़ी बस से टकराया और फिर पलट गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, घायलों में एक महिला और एक पुरुष को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक घायलों को एम्बुलेंस से हरि नगर के दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया। टक्कर के बाद चालक अपनी कार लेकर मौके से भाग गया। पुलिस ने बताया कि हादसे की जांच चल रही है।

हरमीत सिंह कालका बोले-बेअदबी के पीछे बादल पार्टी का हाथ होने की आशंका

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के साहिबपुरा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी की घटना के पीछे बादल पार्टी से जुड़े लोगों का हाथ होने की आशंका है। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कमेटी श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज से मुलाकात कर पूरे मामले के तथ्य रखेंगी और सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला लेने की अपील करेगी। कालका और काहलों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही कमेटी सदस्य बीबी रणजीत कौर और रमिंदर सिंह स्वीटा तिलक नगर थाने पहुंचे थे। उनके अनुसार, वहां बादल दल के कुछ लोग गुरुद्वारा प्रबंधकों पर शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहे थे। इसी से घटना में उनकी भूमिका को लेकर आशंका पैदा हुई।

कमेटी नेताओं ने कहा कि पंजाब में वर्ष 2015 से बेअदबी की 453 घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक इन मामलों में कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने जत्थेदार की ओर से दिल्ली कमेटी के दो सदस्यों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के आदेश पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कमेटी आरोपी को कठोर सजा दिलाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ेगी और बेअदबी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यमुना सफाई के लिए दिल्ली में बनेंगे 2 नए एसटीपी, खर्च होंगे 874 करोड़



उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। यमुना नदी को 2029 तक स्वच्छ बनाने की योजना के तहत दिल्ली में 2 नए सीवेज उपचार संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने रिठाला और इंद्रप्रस्थ मेट्रो स्टेशन के पास बनने वाले इन संयंत्रों के लिए 874.49 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। दोनों संयंत्रों की कुल क्षमता 55 मिलियन गैलन प्रतिदिन होगी।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की सशक्त समिति ने 12 नवंबर को इस परियोजना को मंजूरी दी। इसके तहत रिठाला में 35 मिलियन गैलन क्षमता का संयंत्र 509.54 करोड़ रुपये और इंद्रप्रस्थ के पास सेन नर्सिंग होम नाले पर 20 मिलियन गैलन क्षमता का संयंत्र 362.95 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा।

रिठाला संयंत्र उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के बड़े क्षेत्र के गंदे पानी का शोधन करेगा। वहीं, इंद्रप्रस्थ में नया संयंत्र बनने से सेन नर्सिंग होम नाले के माध्यम से यमुना में गिरने वाले अशोधित पानी को रोकने में मदद मिलेगी।

दिल्ली में वर्तमान में 814 मिलियन गैलन प्रतिदिन सीवेज शोधन की व्यवस्था है। पुराने संयंत्रों के उन्नयन से दिसंबर 2027 तक क्षमता में 56 मिलियन गैलन प्रतिदिन की वृद्धि होगी। इसके अलावा, 35 विकेंद्रित सीवेज उपचार संयंत्रों से 170 मिलियन गैलन प्रतिदिन की अतिरिक्त क्षमता विकसित की जाएगी।

दिल्ली में 2028 तक सीवेज शोधन क्षमता बढ़ाकर 1500 मिलियन गैलन प्रतिदिन करने का लक्ष्य है। इसके लिए 13 नए संयंत्र स्थापित करने की योजना है, जिनकी कुल क्षमता 328 मिलियन गैलन प्रतिदिन होगी। इन परियोजनाओं पर लगभग 7373 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़



उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की द्वारका साइबर टीम ने नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों को ठगने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में साइबर टीम ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि एचआर विभाग की दो महिला कर्मचारियों को बीएनएस की धारा 35(3) के तहत पाबंद किया गया है। मुख्य आरोपी की पहचान सर्वेश कुमार के रूप में हुई है। वहीं एचआर विभाग की दो कर्मचारियों में निरुपमा कुमारी उर्फ माही और कंचन छाबड़ा शामिल हैं। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने रविवार को कहा कि द्वारका जिला पुलिस साइबर धोखाधड़ी और साइबर अपराध के प्रति ह्यजीरो-टॉलरेंसह्ण (सख्त) नीति अपनाती है। पुलिस का मुख्य जोर त्वरित जांच, अपराधियों की पहचान, ठगी गई रकम की रिकवरी और लोगों को जागरूक करने पर रहता है। नौकरी दिलाने के नाम पर चल रहे एक संगठित ठगी रैकेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए टीम ने द्वारका मोड़ के पास पटेल गार्डन से चल रहे एक फर्जी जॉब प्लेसमेंट ऑफिस का पदार्फाश किया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने बेरोजगार लोगों को नौकरी देने का झांसा दिया और उनसे रजिस्ट्रेशन फीस व यूनिफॉर्म के नाम पर पैसे वसूले, जबकि बदले में उन्हें न तो कोई नौकरी दी गई और न ही कोई यूनिफॉर्म। साइबर टीम ने यह कार्रवाई 23 अक्टूबर को दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर की। अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई के दौरान मौके पर 34 वर्षीय सर्वेश कुमार मौजूद मिला। उसने बताया कि वही इस ऑफिस को चला रहा था और यहां की सभी गतिविधियों का प्रबंधन कर रहा था।

जांच के दौरान पता चला कि इस कार्यालय ने दिल्ली में अलग-अलग जगहों पर पर्चे चिपकाकर नौकरी के अवसरों का विज्ञापन दिया था। इच्छुक उम्मीदवारों ने पर्चों पर दिए गए मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया और उन्हें इंटरव्यू के लिए कार्यालय बुलाया गया।

कार्यालय में, एचआर स्टाफ की सदस्य निरुपमा कुमारी उर्फ माही और कंचन छाबड़ा ने कथित तौर पर इंटरव्यू लिए और हर उम्मीदवार से रजिस्ट्रेशन फीस व यूनिफॉर्म के नाम पर पैसे लिए। पैसे लेने के बाद उम्मीदवारों को जल्द ही नौकरी शुरू होने का भरोसा देकर वापस भेज दिया जाता था। हालांकि, उम्मीदवारों को न तो यूनिफॉर्म दी गई और न ही कोई नौकरी मिली। जब उम्मीदवारों ने नौकरी के लिए बार-बार दफ्तर से संपर्क करने की कोशिश की, तो कथित तौर पर उनके मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिए गए। पूछताछ के दौरान यह भी पता चला कि हर दिन लगभग 10-15 उम्मीदवार दफ्तर आते थे। जांच के दौरान मुख्य आरोपी सर्वेश कुमार ने उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, डीसीबी बैंक, इक्विटास बैंक और बंधन बैंक में मौजूद अपने चार बैंक खातों के बारे में जानकारी दी। इन खातों की जांच करने पर पता चला कि इनसे कई साइबर अपराध जुड़े हुए हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि ये खाते साइबर धोखाधड़ी के लेन-देन में शामिल हो सकते हैं। उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए मुख्य आरोपी सर्वेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच के दौरान निरुपमा कुमारी उर्फ माही और कंचन छाबड़ा से पूछताछ की गई। दोनों ने कथित जॉब फ्रॉड में अपनी भूमिका स्वीकार की। चूंकि उस चरण में उनकी गिरफ्तारी जरूरी नहीं समझी गई, इसलिए उन्हें बीएनएस की धारा 35(3) के तहत पाबंद किया गया।

खिलाड़ियों ने किया हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन : कृष्ण पाल

13 खेल प्रतियोगिताओं में लगभग 3000 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया भाग

सुमित गोयल

फरीदाबाद। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि हरियाणा प्रदेश खेलों की खान है और यहां के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, लगन, अनुशासन और प्रतिभा के दम पर देश-विदेश में प्रदेश का नाम रोशन किया है।

कृष्ण पाल गुर्जर आज सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत सेक्टर- 12 स्थित खेल परिसर में आयोजित पुरुष वर्ग की तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि खिलाड़ियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने समापन अवसर पर 400 मीटर दौड़ तथा रस्साकसी की फाइनल प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ करवाया तथा खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि भेट कर सम्मनित किया। उन्होंने पांचवे सांसद खेल महोत्सव के समापन की विधिवत रूप से घोषणा की।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने हॉकी, महिला क्रिकेट, क्रिकेट, मुक्केबाजी, कुश्ती, कबड्डी, एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रदेश के खिलाड़ियों ने न केवल देश के लिए अनेक पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया है, बल्कि अपनी उपलब्धियों से युवा पीढ़ी को भी खेलों के प्रति प्रेरित किया है।

कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव में करीब 3,100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जबकि 15 दिन पहले आयोजित लड़कियों की स्पधाओं में लगभग 1,500 प्रतिभागियों ने भाग लिया था।



उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से दूर-दराज के गांवों में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना साकार हो रहा है। यह लगातार पांचवां सांसद खेल महोत्सव है और जिला प्रशासन, खेल अधिकारियों तथा सीएसआर टीम के सहयोग से सकारात्मक माहौल में प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि खेल महोत्सव में बेहतर प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर और प्रोत्साहन दिया जाएगा। इनमें से अच्छे एथलीट और खिलाड़ी आगे चलकर देश और दुनिया में अपने लोकसभा क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में युवाओं को नशे से दूर रखना और खेलों के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना भी शामिल है। युवाओं का खेलों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा तो वे निश्चित रूप से नशे से भी दूर रहेंगे।

कृष्ण पाल गुर्जर ने कार्यक्रम के अंत में 100 मीटर, 400, 1500 और 5000 मीटर रेस, लॉन्ग जम्प, जेवलिन थ्रो, शॉट पुट, ट्रिपल जम्प, 100 मीटर वेटरन रेस, बैडमिंटन महिला एकल, बैडमिंट डबल, बास्केट बाल महिला, सर्कल कब्बडी, कबड्डी नेशनल स्टाइल, तलवारबाजी, खो-खो महिला, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस एकल, कुश्ती, टेबल टेनिस डबल, हॉकी और रस्सकशी की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीया स्थान प्राप्त करने वाली पुरुष खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने सीएसआर प्रायजकों को भी प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान से हुआ। अतिरिक्त उपायुक्त अंजलि श्रोत्रिया ने जिला प्रशासन की ओर से केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर को शॉल व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। विधायक सतीश फागना को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि व अन्य अतिथिगण का खेल कैप व बैज लगाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर एनआईटी विधायक सतीश फागना, बड़खल विधायक धनेश अदलखा, अतिरिक्त उपायुक्त अंजलि श्रोत्रिया, बड़खल एसडीएम त्रिलोक चंद, फरीदाबाद एसडीएम डॉ हनी बंसल, प्रभारी लतिका शर्मा, जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, पूर्व महापौर एवं पार्षद सुमन बाला, पार्षद मनोज वशिष्ठ, पार्षद संजीव कुमार, पार्षद हरकिशन गिरोटी, पार्षद हरिंदर भड़ाना, पार्षद गायत्री देवी, पार्षद विदे भड़ाना, पार्षद अनिल नागर, पार्षद रवि भगत, खेल विभाग के उपनिदेशक गौरव सोलंकी, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, खेल विभाग के अधिकारी, प्रशिक्षक, प्रायोजक और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

ब्राह्मण सेवक समाज ने विधवा और बुजुर्गों को किया सम्मानित, आर्थिक सहायता भी दी



उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद। ब्राह्मण सेवक समाज की ओर से रविवार को ददसिया गांव में विधवा महिलाओं और बुजुर्गों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने विधवा महिलाओं और बुजुर्गों को सम्मानित करने के साथ आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

ब्राह्मण सेवक समाज के प्रतिनिधि श्यामसुंदर शर्मा ने जरूरतमंदों को आर्थिक मदद वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जरूरतमंद, असहाय और बुजुर्गों की मदद करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जरूरतमंदों के सुख-दुख में भागीदार बनना चाहिए। ऐसे आयोजनों से जरूरतमंद लोगों को आर्थिक संबल मिलने के साथ सम्मान और अपनापन भी मिलता है। कार्यक्रम में केबी दुबे, पंकज पाराशर सहित समाज के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सीएंडडी वेस्ट डालने और ग्रेप नियमों का उल्लंघन करने वालों पर निगम की सख्ती



उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद। नगर निगम फरीदाबाद द्वारा शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने, पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने और ग्रेप के नियमों का सख्ती से पालन कराने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त यशेंद्र सिंह के दिशा-निदेशों पर निगम के सभी जोन में कार्रवाई करते हुए नवंबर माह में अब तक लगभग 2400 चालान काटे गए हैं, जिनकी कुल जुमार्ना राशि करीब 20 लाख रुपये है। नगर निगम प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फैलाने, सीएंडडी (निर्माण एवं विध्वंस) वेस्ट डालने तथा ग्रेप के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगम की टीमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निगरानी रख रही हैं और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मौके पर ही चालान किए जा रहे हैं। निगम आयुक्त यशेंद्र सिंह के निदेशों पर शहर में दिन और रात दोनों समय सफाई अभियान चलाया जा रहा है। मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों के माध्यम से प्रतिदिन करीब 400 किलोमीटर सड़कों की सफाई की जा रही है। इस अभियान के चलते शहर की सड़कों से धूल-मिट्टी हटाने और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में काफी सुधार आया है। एंटी स्मोग गण के माध्यम से पानी का छिड़काव भी लगातार जारी है तो वही सफाई कर्मचारी भी अपनी अपनी बीट पर साफ सफाई व्यवस्था का कार्य कर रहे हैं।

बता दें कि निगम आयुक्त द्वारा सभी जॉन के अधिकारियों को सफाई व्यवस्था पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। स्वयं नगर निगम के आयुक्त यशेंद्र सिंह इस व्यवस्था का लगातार अपडेट लेते हुए मॉनिटरिंग कर रहे हैं। नगर निगम प्रशासन का उद्देश्य शहर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ वायु प्रदूषण को नियंत्रित करना और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवाना है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फैलाएं, निर्माण एवं विध्वंस सामग्री निर्धारित स्थानों पर ही डालें तथा ग्रेप के नियमों का पालन करें। शहर को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाने में नगर निगम का सहयोग करें।

डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र ने भारत विकास परिषद के सहयोग से मिलकर लगाया मुफ्त जांच शिविर



उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद। फरीदाबाद एसएमएल महिंद्रा एचकेएस ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड में लगाया गया निःशुल्क स्वत जांच शिविर। सेक्टर 8 स्थित डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र ने शिविर का आयोजन किया। जिसमें 64 लोगों ने अपनी जांच कराई।इस शिविर में बीपी, शुगर, जर्नल परामर्श, ऑप्टोमेट्रिस्ट, व लोगों ने यह सब जांच कराई गई, जिसमें कई लोगों को पता चला कि उनकी आंखों में कुछ कमी है। इसके अलावा लोगों को कई बीमारियों को लेकर जागरूक भी किया। इस शिविर का उद्देश्य लोगों को अपनी सेहत के प्रति जागरूक करना था। ऐसे कैंप डॉक्टर सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र आयोजित करता रहता है जिससे कि लोग अपनी सेहत के प्रति जागरूक रहे और इन कैंपों में अगर कोई बीमारी उनके शरीर में उत्पन्न हो रही है तो उसके बारे में भी उन्हें पता चले।

मोहना गांव में देर रात सामान देने से मना करने पर दुकानदार पर हमला



उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद। मोहना गांव में शनिवार देर रात दुकान बंद होने का हवाला देकर सामान देने से मना करने पर करीब एक दर्जन युवकों ने एक दुकानदार पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने दुकानदार पर बर्फ तोड़ने वाले सूए से वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, आर्य नगर निवासी राजेश की मोहना गांव में फास्ट फूड और परचून की दुकान है। शनिवार रात करीब 11:00 से 11:30 बजे के बीच कुछ युवक दुकान पर पहुंचे और जबरदस्ती सामान मांगने लगे। समय अधिक होने के कारण राजेश और उनके साले ने दुकान बंद होने की बात कहकर सामान देने से मना कर दिया। आरोप है कि इस बात से नाराज होकर युवकों ने विवाद शुरू कर दिया और देखते ही देखते करीब 10 से 12 लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। हमलावरों ने राजेश के साथ जमकर मारपीट की और वहां रखे बर्फ तोड़ने वाले सूए से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में राजेश के पेट, हाथ और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल अवस्था में राजेश को इलाज के लिए बीके अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

चीरसी गांव के पास बुलेट की टक्कर से 6 वर्षीय मासूम की मौत



उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद। चीरसी गांव के पास शनिवार शाम करीब 7 बजे एक तेज रफ्तार बुलेट बाइक ने प्लैटिना बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार 6 वर्षीय बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, फारूक अपनी पत्नी और 6 साल के बेटे के साथ प्लैटिना बाइक से एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान चीरसी गांव के पास सामने से आ रही बुलेट बाइक ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर जा गिरे। हादसे में 6 साल के मासूम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, फारूक और उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आईं। फारूक के चेहरे पर पांच फ्रैक्चर आए हैं, जिन्हें उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी पीड़ित परिवार को दी। इसके बाद परिवार के लोग घटनास्थल और अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

95 लाख की लागत से नवनिर्मित कम्युनिटी सेंटर का उद्घाटन

वार्ड-14 में विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद : फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुए वार्ड-14 स्थित इंद्रा कॉलोनी में रू. 95 लाख की लागत से नवनिर्मित कम्युनिटी सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर जनसुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

क्षेत्रवासियों को मिली आधुनिक सुविधा की सौगात

नवनिर्मित कम्युनिटी सेंटर क्षेत्र के लोगों के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक आयोजनों का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। इसके निर्माण से स्थानीय निवासियों को अपने पारिवारिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। 95 लाख की लागत से तैयार यह केंद्र क्षेत्र में सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

विकास परियोजनाओं से मजबूत होगा बुनियादी ढांचा

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को और मजबूती मिलेगी तथा स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

विकास का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना लक्ष्य

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि फरीदाबाद का समग्र एवं संतुलित विकास सरकार की प्राथमिकता है। हमारा निरंतर प्रयास है कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड और प्रत्येक कॉलोनी में आधुनिक बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो तथा विकास कार्यों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार जनसुविधाओं को बेहतर बनाने और शहरी क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विकास केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य आमजन के जीवन को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और बेहतर बनाना है। गोयल ने कहा कि फरीदाबाद को आधुनिक सुविधाओं से युक्त विकसित शहर बनाने के संकल्प के साथ विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। क्षेत्र की जनता की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को कम्युनिटी सेंटर की सौगात मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि जनसेवा, जनसुविधाओं का विस्तार और फरीदाबाद का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है।

एक सप्ताह में फरीदाबाद पुलिस ने 51 साइबर ठगों को किया गिरफ्तार

साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 पर करें कॉल

उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद: साइबर अपराधियों के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय हिमाद्री कौशिक के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस के तीनों साइबर थानों की टीमों ने 14 नवंबर से 20 नवंबर के बीच एक सप्ताह के दौरान प्रभावी कार्रवाई करते हुए 51 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपितों से ड्ड3,93,000 की राशि बरामद की गई है, जबकि साइबर ठगी से संबंधित शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए ड्ड11,81,931 की राशि विभिन्न बैंक खातों में फ्रीज कराई गई है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि तीनों साइबर थानों की टीमों ने कुल 10 मामलों में 51 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें साइबर थाना एनआईटी के 04 मामले व साइबर थाना सेंट्रल के 04 व बल्लभगढ के 02 मामले शामिल हैं। इसके अतिरिक्त साइबर पुलिस टीमों द्वारा 428 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। यह कार्रवाई 14 नवंबर से 20 नवंबर 2026 के बीच एक सप्ताह के दौरान की गई है।



गिरफ्तार आरोपितों में बादल, दीपक, दीपक, कन्हैया चंद्रवंशी, कृष्ण, अमन, दिलखुश, रामनिवास, अरविंद, राजकुमार, प्रबल प्रताप, सुगम, मोनू, मिथुन,हिमांशु, ऋतिक, रोहन, मनीष, अभिषेक, अमित, मुकुल, विनोद, धर्मेंद्र, हेमंत, मनु वासन्य, अनिल मिश्रा, हर्षित, विवेक, दीपजल, राजबीर , जय शर्मा, सन्नी, यशपाल, अवदेश, मुकेश, विनम्र जैन, मुकेश भावसार, अनिकेत भार्गव, सलीम यासीन, नोमान जाकिर, जतिन, शुभम, राहुल, मोमिन, नरेश, नरेश, सुखवंत सिंह, पीयूष, तुषार, विक्रांत व 1 महिला का नाम शामिल हैं।

पुलिस उपायुक्त मुख्यालय हिमाद्री कौशिक ने आमजन से साइबर अपराधों के प्रति सतर्क और जागरूक रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी का शिकार होने की स्थिति में बिना देरी किए तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराये। इसके अलावा साइबर अपराध से संबंधित शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर भी दर्ज कराई जा सकती है।

चाय वाले से जबरन वसुली व मारपीट करने वाले 2 आरोपित गिरफ्तार



उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद- फरीदाबाद पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिस पर थाना डबुआ के अंतर्गत चाय वाले से जबरन वसुली व मारपीट करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना डबुआ की टीम ने 2 आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान मन्नु व शुभम वासी डबुआ कालोनी फरीदाबाद के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार नसीम वासी डबुआ कालोनी फरीदाबाद ने थाना डबुआ में दी अपनी शिकायत में बताया कि 16/17 नवंबर की रात को उसके दोस्त फरदीन को बौंचा व अन्य ने मिलकर उसके दोस्त फरदीन के साथ मारपीट की है, जिस शिकायत पर थाना डबुआ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपित अपने दोस्त बौंचा व अन्य के साथ फरदीन से जबरन वसुली के लिए उसके पास गये थे जो वसुली ना देने पर आरोपितों ने पीडित पर डंडो से हमला कर दिया। दोनों आरोपितो को माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

47 शहरों से होकर गुजरेगी समरसता संकल्प यात्रा

यात्रा समानता, सद्भाव और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगी

गुरुग्राम (एजेंसी)। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि संत गुरु रविदास जी के 650वें जयंती वर्ष में समरसता संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा उनके समानता, सद्भाव और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगी। 16 दिवसीय यह यात्रा 2,402 किलोमीटर का सफर तय कर 47 शहरों से होकर गुजरेगी।

रविवार को गुरुग्राम में आयोजित प्रेस वार्ता में कृष्ण लाल पंवार ने यात्रा का विवरण दिया। यह यात्रा 18 नवंबर शुरू होकर 3 दिसंबर तक चलेगी। पंजाब के जालंधर स्थित डेरा सचखंड



बल्लां से शुरू होकर यह उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित संत गुरु रविदास जी की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर में संपन्न होगी। यात्रा का मूल उद्देश्य जाति, वर्ग और सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर समाज को एकता और भाईचारे के सूत्र में पिरोना है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर संत गुरु रविदास जी की शिक्षाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में अपेक्षित गंभीरता न दिखाने का आरोप लगाया। उनके आदर्शों को सम्मान देना आवश्यक है। नई पीढ़ी को उनके जीवन दर्शन से परिचित कराना भी जरूरी है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सामाजिक न्याय और अंत्योदय की भावना को सशक्त कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने कुरुक्षेत्र के उमरी में गुरु रविदास धाम के निर्माण की घोषणा की है। इस पर लगभग 124 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यहां संत गुरु रविदास जी की 125 फुट ऊंची प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। यह पहल उनकी महान विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का संकल्प है। कृष्ण लाल पंवार ने हरियाणा में यात्रा के निर्धारित कार्यक्रम की जानकारी दी। 25 नवंबर को यमुनानगर, अंबाला और कुरुक्षेत्र में यात्रा का स्वागत होगा। 26 नवंबर को यह करनाल, पानीपत और सोनीपत पहुंचेगी। 28 नवंबर को फरीदाबाद और पलवल में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुरुक्षेत्र के उमरी में मुख्यमंत्री नायब सैनी एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद: फरीदाबाद पुलिस द्वारा वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने थाना तिगांव क्षेत्र में हुई मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रवीण वासी गांव बदरौला द्वारा थाना तिंगाव में -09 नवंबर 2026 में मोटरसाईकिल चोरी की शिकायत दी गई थी। जिसमें



कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने आरोपी ओमेंद्र वासी गाँव बदरोला बल्लबगढ़ फरीदाबाद को तिगांव पुल से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। जिसको माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

पैदल जा रहे व्यक्ति को गाड़ी ने मारी टक्कर, मौत

गुरुग्राम (एजेंसी)। जमालपुर में अनुपमा होटल के पास शुक्रवार रात तेज रफ्तार गाड़ी ने पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के छपरा जिले के मगापड़ी गांव निवासी सर्वजीत कुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के भांजे की शिकायत पर बिलासपुर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक जमालपुर में रहकर एक निजी कंपनी में काम करते थे। उनके भांजे रविंद्र



ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार रात उनके मामा सर्वजीत पैदल जा रहे थे। इसी दौरान गुरुग्राम की तरफ से आई फ्रॉन्क्स गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोग उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस प्रवक्ता संदीप ने बताया कि गाड़ी के नंबर के आधार पर चालक की पहचान की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

बादशाहपुर को मिली 23.64 करोड़ की सौगात

गुरुग्राम (एजेंसी)। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने रविवार को बादशाहपुर स्थित कश्यप चौपाल में महर्षि कश्यप की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप के आदर्श और विचार समाज को एकता, समरसता और सेवा की प्रेरणा देते हैं। महापुरुषों की प्रतिमाएं उनकी शिक्षाओं और जीवन मूल्यों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का माध्यम होती हैं। इस मौके पर 23.64 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। इन विकास कार्यों के होने से नई पेयजल लाइन, बूस्टर और सड़कों से राह सुधरेगी।



कैबिनेट मंत्री ने कहा कि महर्षि कश्यप के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में आपसी सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करना चाहिए। ऐसे आयोजन सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है। बादशाहपुर क्षेत्र में विभिन्न विभागों के माध्यम से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इनकी गुणवत्ता और समय पर पूरा होने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों का असर वर्ष 2027 में धरातल पर नजर आएगा।

कार्यक्रम में निगम पार्षद ज्योति सुमित जैलदार ने कहा कि दक्षिण हरियाणा में पहली बार महर्षि कश्यप की प्रतिमा स्थापित की गई है। यह कश्यप समाज के लिए गौरव का अवसर है। इस मौके पर मुकेश यादव जैलदार, तिलक राज मल्होत्रा, सत्ये कश्यप, अजीत कश्यप, नरेश कश्यप सहित कई गणमान्य लोग और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। इस दौरान मंत्री ने वार्ड-18 में करीब 23.64 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। इनमें बादशाहपुर गांव में पुरानी पेयजल पाइपलाइन बदलकर नई डीआई पाइपलाइन बिछाना, त्यागीवाड़ा प्रजापति मोहल्ले में आरएमसी सड़क निर्माण, सीवरेज और जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाने के कार्य शामिल हैं। इसके अलावा आरआर कॉलोनी, रामगढ़ और बादशाहपुर गांव के लिए नहरी पानी के बूस्टर का निर्माण कराया जाएगा। बादशाहपुर तालाब से कबड्डी स्टेडियम तक फुटपाथ, स्ट्रीट लाइट, जल निकासी व्यवस्था और सड़क निर्माण के साथ सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा।

रिश्वत लेते शिवाजी नगर थाने का एडिशनल एसएचओ गिरफ्तार

गुरुग्राम (एजेंसी)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रविवार को शिवाजी नगर थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर एवं एडिशनल एसएचओ नरपाल सिंह को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। आरोपी ने शिकायत का निपटारा करने और शिकायतकर्ता के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज नहीं करने के एवज में दो लाख रुपये मांगे थे। बातचीत के बाद रिश्वत की रकम 60 हजार रुपये तय हुई थी। एसीबी ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। बंगाल के उत्तर दिनाजपुर निवासी शिकायतकर्ता फिलहाल गुरुग्राम की ईएमएएआर प्लम हिल्स सोसाइटी में किराये पर रहते हैं। भूपेंद्र नाम के व्यक्ति ने उनके खिलाफ शिवाजी नगर थाने में शिकायत दी थी। आरोप है कि इस शिकायत का निपटारा करने और मामला दर्ज नहीं करने के बदले सब इंस्पेक्टर नरपाल सिंह ने उनसे रिश्वत मांगी थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी की टीम ने जाल बिछाया। कार्रवाई के दौरान आरोपी को थाने के बाहर शिकायतकर्ता से 30 हजार रुपये की पहली किस्त लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

औद्योगिक संगठनों की सहभागिता से ग्लोबल इंडस्ट्रियल कन्वेंशन आयोजित

गुरुग्राम (एजेंसी)। गुरुग्राम इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (जीआईए) के नेतृत्व में 20 नवंबर को सेक्टर-16 स्थित जीआईए हाउस में पांचवें ग्लोबल इंडस्ट्रियल कन्वेंशन-2026 का आयोजन किया गया। नेशनल ट्रेड एंड इंडस्ट्री काउंसिल (एनटीआईसी) के सहयोग से आयोजित सम्मेलन में हरियाणा और एनसीआर के 17 औद्योगिक एवं संस्थागत संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में उद्योगों के बीच सहयोग, व्यापारिक साझेदारी, वैश्विक व्यापार के अवसर और श्रमिकों के स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। जीआईए अध्यक्ष सुमित राव ने उद्योग संगठनों के बीच एकजुटता और आपसी सहयोग को औद्योगिक विकास का आधार बताया। सम्मेलन में विभिन्न औद्योगिक संगठनों, फिस्मे और अपोलो अस्पताल के साथ सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) भी किए गए। अपोलो अस्पताल को स्वास्थ्य सहयोगी के रूप में जोड़ा गया। इस दौरान वायु प्रदूषण और फेफड़ों के स्वास्थ्य पर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने जानकारी दी तथा स्वास्थ्य जांच और बचाव के उपायों पर चर्चा की। कार्यक्रम में एनटीआईसी के ग्लोबल चेयरमैन डॉ. पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, जीआईए के पूर्व अध्यक्ष जगन्नाथ मंगला, बसई इंडस्ट्रियल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव बंसल, अपोलो अस्पताल के सीओओ दीपक नारंग, फिस्मे अध्यक्ष राकेश छाबड़ा सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

पंचायतों और नगर निकायों को आत्मनिर्भर बनाने पर मंथन आज से

गुरुग्राम (एजेंसी)। पंचायतों और नगर निकायों को सशक्त बनाने तथा स्थानीय सरकार के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से देशभर के प्रतिनिधि सोमवार से गुरुग्राम में जुटेंगे। गुरुग्राम विश्वविद्यालय में स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एसजेएचआईएफएम) की ओर से 23 और 24 नवंबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें पंचायतों और नगर निकायों के अधिकारों, वित्तीय आत्मनिर्भरता और बेहतर सेवा वितरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन होगा। सम्मेलन का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इसके अलावा विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल और उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पंचायतों और नगरपालिकाओं को अधिक अधिकार देकर उनकी कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाना है। इस दौरान स्थानीय निकायों को अधिकारों के हस्तांतरण, वित्तीय संसाधनों को मजबूत करने और आमजन तक सरकारी सेवाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा की जाएगी। देशभर से आने वाले प्रतिनिधि अपने अनुभव और सुझाव भी साझा करेंगे।

सोहना में नशा मुक्त युवा कार्यक्रम का आयोजन

सोहना (एजेंसी)। निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल कॉलेज में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. डीपी सिंह ने कहा कि नशा ऐसी घातक बीमारी है, जो व्यक्ति के शरीर के साथ देश को भी खोखला कर देती है। इसका असर पूरे परिवार पर पड़ता है और घर बबार्दी की कगार पर पहुंच जाते हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाने का आह्वान किया।



कार्यक्रम में वक्ताओं ने युवाओं को नशे से होने वाले नुकसान, इसके लक्षण और बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की लत से बचने के लिए जागरूक रहना चाहिए। इस दौरान विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में अजय, मास्टर कृष्ण पाल, जोगिंदर, ममता धवन, संदीप, यशपाल, नीर सिंह और शेखर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सोने के भाव में गिरावट से शादी वाले परिवारों में खुशी

फरीदाबाद (एजेंसी)। सोने की कीमतों में लगातार गिरावट से सराफा बाजार में एक बार फिर रौनक लौटने लगी है। शादी-ब्याह वाले परिवारों के चेहरे भी खिल उठे हैं। महंगे सोने के कारण अब तक आभूषणों की खरीदारी टाल रहे लोग कीमतों में कमी आते ही बाजार का रुख कर रहे हैं। कोई अपनी बेटी की शादी के लिए गहने खरीद रहा है तो कोई घर आने वाली नई बहू के लिए आभूषण बनवा रहा है। दीवाली के बाद से अब तक सोने के भाव में करीब 16 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। आठ नवंबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत करीब 1.48 लाख रुपये थी, जो अब घटकर लगभग 1.27 लाख रुपये रह गई है। सोने के दामों में आई इस गिरावट से सराफा कारोबारियों को भी राहत मिली है। दीवाली से पहले सोने की आसमान छूती कीमतों के कारण बाजार में खरीदारी काफी सीमित हो गई थी। शादी वाले परिवार भी बजट बिगड़ने के डर से नए आभूषण खरीदने से बच रहे थे।



कई परिवार पुराने पुश्तैनी गहनों को बदलवाकर नए डिजाइन के आभूषण तैयार करवा रहे थे। नए सोने की खरीदारी करने वाले लोग भी वजन और संख्या में कटौती कर रहे थे। इसका असर सराफा कारोबार पर भी पड़ रहा था। एनआईटी एक बाजार के सर्राफ व्यापारी विशाल नौनिहाल ने बताया कि सोने के दाम से मार्केट में फर्क आया है। लोग अब पुराने सोने के नए आभूषण बनवाने के साथ नया सोना खरीद रहे हैं।

बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी

सोने की कीमतों में गिरावट आने के बाद बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने लगी है। लोग अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार सोने की चेन, अंगूठी, कंगन, हार और अन्य आभूषण खरीद रहे हैं। शादी में बेटी को देने के लिए गहनों की खरीदारी के साथ ही नई बहू के स्वागत की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। शादी में शामिल होने वाले रिश्तेदार भी अब मुंह दिखाई के लिए सोने के आभूषण खरीदने पर विचार कर रहे हैं। कारोबारियों को उम्मीद है कि कीमतों में कमी का सिलसिला जारी रहा तो आने वाले दिनों में खरीदारी और बढ़ सकती है।

मेहमानों की सूची तक सीमित कर दिया था बजट

सोने की लगातार बढ़ती कीमतों ने शादी वाले परिवारों का बजट बिगाड़ दिया था। आभूषणों पर अधिक खर्च होने के कारण परिवारों ने शादी के अन्य खर्चों में कटौती शुरू कर दी थी। यहां तक कि कई परिवारों ने मेहमानों की सूची भी छोटी कर दी थी। अब सोने के भाव कम होने से उन्हें कुछ राहत मिली है। परिवारों को उम्मीद है कि कम कीमतों के चलते वे अपनी बेटी और नई बहू के लिए मनपसंद आभूषण खरीद सकेंगे।

दो साल से सूखी पड़ी पानी की पाइपलाइन

700 परिवार दूषित पानी पीने को मजबूर

फरीदाबाद (एजेंसी)। ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-78 स्थित ओमेक्स स्पा विलेज और न्यू हाइट्स सोसायटी के करीब 700 परिवार गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। यहां 2 साल पहले पानी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाई गई थी, लेकिन अब तक जलापूर्ति शुरू नहीं हुई। मजबूरन निवासी बोरवेल के पानी का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसका कुल घुलनशील ठोस पदार्थ (टीडीएस) 1000 से 1500 तक बताया जा रहा है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, दूषित पानी के इस्तेमाल से त्वचा संबंधी



परेशानियां, बाल झड़ने और घरेलू उपकरणों के खराब होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। दोनों सोसायटियों के 11 टावरों में रहने वाले परिवारों को प्रतिदिन करीब 8 से 9 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है। पानी को उपयोग योग्य बनाने के लिए लोगों को अतिरिक्त खर्च कर जलशोधक उपकरणों का सहारा लेना पड़ रहा है। निवासियों का आरोप है कि क्षेत्र में कुछ टैंकर संचालक अवैध रूप से सीवर का पानी खपा रहे हैं, जिससे भूजल दूषित होने का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जलापूर्ति शुरू कराने और पानी की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। ओमेक्स स्पा विलेज के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष हेमंत राणा और न्यू हाइट्स के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। पाइपलाइन बिछने के बाद लोगों को स्वच्छ पानी मिलने की उम्मीद थी, लेकिन स्थिति अब भी जस की तस बनी हुई है। वहीं, फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के कार्यकारी अभियंता अंकित भारद्वाज ने बताया कि संबंधित पाइपलाइन पर काम चल रहा है और अगले 2 महीनों में जलापूर्ति शुरू करने का लक्ष्य है। उन्होंने सोसायटियों में पहुंच रहे पानी के टीडीएस की जांच कराने और भवन निमार्ता की ओर से जल कनेक्शन लेने की स्थिति का पता लगाने का भी आश्वासन दिया है।

87.60 लाख की साइबर ठगी के आरोपी को जमानत नहीं

फरीदाबाद (एजेंसी)। 87.60 लाख रुपये की कथित साइबर ठगी के मामले में तिहाड़ जेल में बंद आरोपी को बीमारी के आधार पर भी अदालत से जमानत नहीं मिली। हालांकि, अदालत ने उसकी स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखते हुए जेल अधीक्षक को एम्स या सफदरजंग अस्पताल में शीघ्र चिकित्सकीय जांच कराने के निर्देश दिए हैं। फरीदाबाद के साइबर अपराध थाना एनआईटी में दर्ज मामले में आरोप है कि शेयर बाजार में भारी मुनाफे का लालच देकर शिकायतकर्ता प्रवीण कुमार सिंघल से 87.60 लाख रुपये की ठगी की गई।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी को 23 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार किया था।

जांच के दौरान आरोपी की कंपनी के बैंक खाते में 5.50 लाख रुपये पहुंचने की जानकारी सामने आई।

संबंधित बैंक खाते के विरुद्ध



भारतीय साइबर अपराध समन्वय प्रणाली के आंकड़ों में 35 शिकायतें भी दर्ज पाई गईं।

जेल प्रशासन की चिकित्सकीय रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी तपेदिक से पीड़ित है और उसे तिहाड़ जेल के विशेष चिकित्सा वार्ड में रखकर उपचार दिया जा रहा है। उसे नियमित दवाइयों के साथ विशेष प्रोटीनयुक्त आहार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। अदालत ने कहा कि आरोपी का उपचार जेल में जारी है और उसकी चिकित्सकीय निगरानी की जा रही है। ऐसे में बीमारी के आधार पर जमानत देने से इनकार करते हुए अदालत ने निर्देश दिया कि उसकी एम्स या सफदरजंग अस्पताल में जल्द जांच कराई जाए, ताकि स्वास्थ्य संबंधी किसी गंभीर जोखिम से बचा जा सके।

पलवल में पांच साल तक हर दिन जारी रहेंगे विकास कार्य : गौरव गौतम

पलवल (एजेंसी)। पलवल के शमशाबाद में रविवार को खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने 2.59 करोड़ रुपये के गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। नगर परिषद वार्ड सात में ये काम करवाएगी। इस दौरान मंत्री ने अगले पांच वर्षों तक शहर में हर दिन विकास कार्य जारी रखने की घोषणा की। नगर परिषद की ओर से होने वाले इस काम से शमशाबाद की गलियों की तस्वीर बदलेगी। लंबे समय से बेहतर रास्तों की जरूरत महसूस कर रहे स्थानीय लोगों को इससे राहत मिलेगी। पक्की गलियां बनने से लोगों का आवागमन आसान होगा। साथ ही बारिश के दिनों में कीचड़ और जलभराव जैसी परेशानियों से भी राहत मिलने की उम्मीद है। निर्माण कार्य का शुभारंभ करने पहुंचे खेल एवं युवा अधिकारिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि शहर का विकास केवल मुख्य सड़कों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। हर वार्ड और मोहल्ले में रहने वाले लोगों को अच्छी सड़कें, साफ वातावरण और जरूरी सुविधाएं मिलनी चाहिए। इसी सोच के साथ शहर में अलग-अलग विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पलवल को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक शहर बनाने के लिए बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। सड़क, गलियों और जल निकासी से जुड़े कामों को प्राथमिकता दी जा रही है। विकास कार्यों में गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाएगा, ताकि लोगों को लंबे समय तक उनका लाभ मिल सके। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं।

सम्पादकीय

मतदाताओं ने हराया नहीं बल्कि जगाया है

राजस्थान की राजनीति में पंचायतीराज चुनाव के नतीजों ने आने वाले विधानसभा चुनाव की तस्वीर को लेकर नई बहस छेड़ दी है। एक ही दिन में आए परिणामों ने यह संकेत दे दिया है कि प्रदेश की राजनीति अब केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच सीमित नहीं रहने वाली। हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) का ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ता प्रभाव और कांग्रेस की वापसी ने भाजपा के सामने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इन नतीजों को केवल स्थानीय चुनाव की हार-जीत मानकर नजरअंदाज करना राजनीतिक भूल होगी। वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव में तीसरे राजनीतिक विकल्प की संभावना को भी अब गंभीरता से देखना होगा। राजस्थान में सरकार बनाने का रास्ता गांवों और शहरों दोनों से होकर गुजरता है। शहरों के मतदाता सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन ग्रामीण मतदाताओं की नाराजगी सत्ता का समीकरण बदलने की ताकत रखती है। पंचायतीराज चुनाव में भाजपा को मतदाताओं ने पूरी तरह नकारा नहीं है, बल्कि उसे समय रहते जागने का संदेश दिया है। यह संदेश उन जनप्रतिनिधियों के लिए भी है, जिन्होंने चुनाव जीतने के बाद अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता नहीं दी। जनता केवल चुनाव के समय किए गए वादों से संतुष्ट नहीं होती, उसे अपने दैनिक जीवन में विकास और बदलाव दिखाई देना चाहिए।

पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को जनता ने जिस उम्मीद के साथ सत्ता सौंपी थी, उस उम्मीद पर खरा उतरना अब सरकार और उसके विधायकों की जिम्मेदारी है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा और स्थानीय सुविधाओं से जुड़े काम अधूरे पड़े हैं। जनता को उम्मीद थी कि नई सरकार आने के बाद इन समस्याओं का समाधान तेजी से होगा, लेकिन जहां जनप्रतिनिधियों ने सक्रियता नहीं दिखाई, वहां नाराजगी बढ़ती चली गई। इसका असर पंचायत चुनाव के परिणामों में दिखाई दिया है। कांग्रेस ने इस नाराजगी का राजनीतिक लाभ उठाया, वहीं आरएलपी और निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी अपनी जगह बनाई।

राजस्थान की राजनीति में हनुमान बेनीवाल की भूमिका को हल्के में नहीं लिया जा सकता। उनकी पार्टी आरएलपी ने ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर यह संकेत दिया है कि जनता के सामने भाजपा और कांग्रेस के अलावा भी विकल्प मौजूद है। यदि आरएलपी पंचायत स्तर पर अपना प्रभाव मजबूत करती है और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जनता के बीच लगातार सक्रिय रहती है तो 2028 के विधानसभा चुनाव में वह महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। तीसरे दल की सफलता केवल चुनावी भाषणों से नहीं आती, बल्कि संगठन, स्थानीय नेतृत्व और जनता के बीच निरंतर संपर्क से आती है। बेनीवाल के सामने भी अपनी राजनीतिक ताकत को स्थायी जनाधार में बदलने की चुनौती रहेगी।

भाजपा के लिए सबसे बड़ी चिंता यह होनी चाहिए कि जिन क्षेत्रों में उसके उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा, वहां आखिर जनता की नाराजगी के कारण क्या रहे। कई स्थानों पर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए उम्मीदवारों को जनता ने पहले से ही स्वीकार नहीं किया था। केवल राजनीतिक समीकरण देखकर उम्मीदवारों को टिकट देना हमेशा लाभदायक नहीं होता। जनता के बीच जिसकी छवि और स्वीकार्यता कमजोर हो, उसे पार्टी में शामिल कर चुनाव मैदान में उतारने से पुराने कार्यकर्ताओं में भी असंतोष पैदा होता है। नाराज कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और नए चेहरों को बिना जनभावना समझे आगे बढ़ाना संगठन को कमजोर करता है। इस चुनाव में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है।

भारत को अपनी ताकत पर रखना होगा भरोसा

कांतिलाल मांडोत

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कोई भी देश स्थायी मित्र और स्थायी दुश्मन नहीं होता। प्रत्येक राष्ट्र अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखकर विदेश नीति तय करता है। भारत को भी चीन और अमेरिका के साथ संबंधों में इसी वास्तविकता को समझना होगा। चीन की विस्तारवादी मानसिकता और अमेरिका की दोहरी कूटनीति दोनों भारत के सामने अलग-अलग चुनौतियां खड़ी करती रही हैं। भारत ने हमेशा शांति, सहयोग और द्विपक्षीय संबंधों को महत्व दिया है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं होना चाहिए कि कोई देश हमारी उदारता को कमजोरी समझने लगे। चीन की भारत के प्रति नाराजगी और प्रतिस्पर्धा का इतिहास आज का नहीं है। अंग्रेजी शासन के दौर से ही दोनों देशों के बीच सीमाओं और क्षेत्रीय प्रभाव को लेकर मतभेद रहे। आजादी के बाद भारत ने चीन के साथ मित्रता स्थापित करने की पहल की। भारत ने एशिया में सहयोग और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व का संदेश दिया, लेकिन चीन ने 1962 के युद्ध के माध्यम से भारत को ऐसा



घाव दिया जिसकी याद आज भी राष्ट्रीय सुरक्षा के सवाल पर सामने आती है। चीन ने शायद उस समय यह मान लिया था कि भारत लंबे समय तक उसकी चुनौती नहीं बन पाएगा। लेकिन आज का भारत 1962 वाला भारत नहीं है। आर्थिक विकास, आधुनिक तकनीक, अंतरिक्ष कार्यक्रम, मजबूत सैन्य क्षमता और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव ने भारत की स्थिति बदल दी है। चीन आज भी अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा छोड़ने को तैयार नहीं है। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर उसकी गतिविधियां और सैन्य मौजूदगी भारत के लिए चिंता का विषय हैं। पाकिस्तान के साथ उसकी नजदीकी भी किसी से छिपी नहीं है। जब पाकिस्तान आर्थिक संकट और अंतरराष्ट्रीय दबाव से गुजर रहा था, तब चीन ने उसे आर्थिक सहायता और निवेश के माध्यम से अपने प्रभाव में बनाए रखा। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा इसी रणनीतिक साझेदारी का उदाहरण है। पाकिस्तान को सैन्य और तकनीकी सहयोग देकर चीन भारत के सामने एक अतिरिक्त चुनौती खड़ी करता रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी पाकिस्तान को चीनी सहयोग मिलने की खबरों ने दोनों देशों की रणनीतिक नजदीकी को फिर चर्चा में ला दिया।

भारत ने इसके बावजूद चीन के साथ बातचीत के रास्ते बंद नहीं किए। दोनों देशों का ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मिलना और द्विपक्षीय संबंध सुधारने की कोशिश करना भारत की परिपक्व कूटनीति का परिचायक है। भारत चाहता है कि सीमा पर शांति रहे और व्यापारिक संबंध भी सामान्य बने रहें। लेकिन चीन को यह समझना होगा कि मित्रता का रास्ता विश्वास से होकर गुजरता है। सीमा पर तनाव बनाए रखते हुए आर्थिक सहयोग की अपेक्षा करना उचित नहीं है। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती नौसैनिक गतिविधियां भी भारत की सुरक्षा और समुद्री हितों के लिए गंभीर विषय हैं। अमेरिका की विदेश नीति को भी इसी दृष्टिकोण से समझने की आवश्यकता है। डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिका ने चीन को लेकर कभी सख्त रुख अपनाया तो कभी आर्थिक और कूटनीतिक जरूरतों के अनुसार उसे महत्व दिया। अमेरिकी राजनीति में चीन को लेकर एकराय नहीं दिखाई देती। भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी की बातें करने वाला अमेरिका चीन के साथ भी अपने हितों के अनुसार समझौते करने से पीछे नहीं हटता। यही उसकी कूटनीति की वास्तविकता है। हाल ही में अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट में भारत के साथ सहयोग बढ़ाने के कई सुझाव दिए गए हैं। इनमें दवाओं के निर्माण में साझेदारी, भारत से लंबे समय तक दवाएं खरीदने की गारंटी, चीन की नौसेना की गतिविधियों से संबंधित खुफिया जानकारी साझा करना और दलाई लामा के उत्तराधिकारी के मुद्दे पर भारत के साथ सहयोग करना शामिल है।

भारत का संविधानः विश्व के महानतम लोकतंत्र का प्राण

हेमेन्द्र क्षीरसागर

भारत का संविधान विश्व के महानतम लोकतंत्र का प्राण, सांस्कृतिक चेतना और जीवन-मूल्यों की जीवंत अभिव्यक्ति है। यह केवल राजकाज चलाने वाली धाराओं और अनुच्छेदों का संकलन नहीं, बल्कि उस दीर्घकालिक राष्ट्रीय स्वप्न का स्वरूप है। जिसमें स्वतंत्रता संग्राम के त्याग, लोकतांत्रिक आकांक्षाओं और भारतीय जीवन-दर्शन की गहराई समाहित है। वर्ष 1946 में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में गठित संविधान सभा। 1947 में डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व वाली मसौदा समिति के अथक परिश्रम। गहन विमर्श और संतुलन की भावना से यह ग्रंथ 2 वर्ष, 11 महीने और 18 दिन में तैयार हुआ। 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत इस संविधान पर 24 जनवरी 1950 को 284 सदस्यों जिनमें 15 महिलाएं भी थीं ने हस्ताक्षर किए। 26 जनवरी 1950 को यह पूरे देश में लागू



हुआ। मूल रूप से 395 अनुच्छेद, 8 अनुसूचियों और 22 भागों वाला यह विश्व का सबसे बड़ा लिखित, लोकतांत्रिक संविधान हैं। जो समय के साथ बदलती सामाजिक- आर्थिक आवश्यकताओं और संशोधनों के माध्यम से अधिक व्यापक तथा जीवंत बनता गया है।

संविधान की प्रस्तावना 'हम भारत के लोग' के उद्घोष के साथ यह स्पष्ट करती है कि संप्रभु शक्ति किसी सत्ता या वर्ग में नहीं, बल्कि सीधे जनता में निहित है। राष्ट्र को संप्रभु, पंथनिरपेक्ष, समाजवादी तथा लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में स्थापित करती है। मौलिक अधिकार भाग-3 प्रत्येक नागरिक को गरिमा, स्वतंत्रता और समानता के बुनियादी अधिकार तथा न्यायिक संरक्षण प्रदान करते हैं। जबकि नीति निदेशक तत्व भाग-4 राज्य को सामाजिक- आर्थिक न्याय, जनकल्याण और समतामूलक समाज की दिशा में निरंतर मार्गदर्शित करते हैं। इन दोनों स्तंभों का समन्वय लोकतंत्र को केवल औपचारिक शासन- प्रणाली नहीं रहने देता, बल्कि उसे संवेदनशील और उत्तरदायी बनाता है।

संविधान की एक विशिष्ट पहचान इसकी सांस्कृतिक चेतना और पांडुलिपि की कलात्मक विरासत भी है। मूल हस्तलिखित प्रति में शांतिनिकेतन के महान चित्रकार नंदलाल बोस और उनके सहयोगियों द्वारा उकेरे गए चित्र इस दस्तावेज को एक अलौकिक सभ्यतागत आयाम देते हैं। भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, नटराज, बुद्ध, महावीर, गुरु गोबिंद सिंह और गंगावतरण जैसे दृश्य करुणा, त्याग, शांति और नैतिक आदर्शों की झलक दिखाते हैं। तो शिवाजी महाराज, रानी लक्ष्मीबाई, महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, महाराजा विक्रमादित्य का दरबार और नालंदा विश्वविद्यालय की मुहर संघर्ष, स्वाभिमान और ज्ञान परंपरा को जीवंत करते हैं। यद्यपि ये चित्र संविधान के विधिक अनुच्छेदों का हिस्सा नहीं हैं। तथापि ये इसकी मूल पांडुलिपि के अभिन्न अंग बनकर संवैधानिक मूल्यों को भारतीय सांस्कृतिक अनुभव और सर्वधर्म समभाव से जोड़ते हैं।

आज जब लोकतंत्र विविध चुनौतियों और अपेक्षाओं के बीच आगे बढ़ रहा है। तब आवश्यकता इस बात की है कि हम संविधान को केवल कानूनी प्रावधानों या औपचारिक उत्सवों तक सीमित न रखें। संवैधानिक नैतिकता, परस्पर सम्मान, संवाद की संस्कृति और सामूहिक उत्तरदायित्व को अपने दैनिक आचरण में उतारना ही इसकी सच्ची सार्थकता है। यही हमारे गणराज्य की मजबूती और गौरव का स्थायी आधार है। सत्यमेव जयते!

राजसमंद में बहुमत के बावजूद प्रधान की कुर्सी पर फंसी कांग्रेस

उदयपुर (एजेंसी)। पंचायत चुनाव में बहुमत हासिल करना ही सत्ता की गारंटी नहीं है। राजसमंद जिले की देलवाड़ा पंचायत समिति में कांग्रेस के सामने इसका अनोखा राजनीतिक संकट खड़ा हो गया है। 15 वार्डों में से 9 पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल करने वाली कांग्रेस प्रधान की कुर्सी पर अपना दावा मजबूत नहीं कर पा रही है।

इसकी वजह प्रधान पद का अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित होना और कांग्रेस के जीते हुए प्रत्याशियों में एक भी एससी महिला का नहीं होना है। अब पार्टी की निगाहें आरएलपी की विजयी प्रत्याशी के समर्थन पर टिकी हैं।

देलवाड़ा पंचायत समिति में कांग्रेस ने 9 वार्डों में जीत दर्ज की, जबकि भाजपा को 5 और आरएलपी को एक सीट मिली। कांग्रेस की



ओर से प्रधान पद की प्रमुख दावेदार मानी जा रही वार्ड-6 की प्रत्याशी वंदना खटीक को भाजपा की रानी देवी खटीक ने 263 मतों से हरा दिया। रानी देवी को 1414 और वंदना को 1151 वोट मिले। दोनों ही एससी वर्ग से हैं। वंदना की हार के साथ कांग्रेस के पास प्रधान पद के लिए पात्र महिला सदस्य नहीं बची।

भाजपा और आरएलपी के पास एससी महिला सदस्य

देलवाड़ा में एससी महिला वर्ग से जीतने वाली दो प्रत्याशियों में भाजपा की रानी देवी खटीक और आरएलपी की कृष्णा शामिल हैं। रानी देवी वार्ड-6 से निर्वाचित हुई हैं, जबकि आरएलपी की कृष्णा वार्ड-9 से जीती हैं। कृष्णा नाथद्वारा तहसील की सालौर ग्राम पंचायत के धोली मंगरी, मोगाना गांव की निवासी हैं। ऐसे में प्रधान पद के चुनाव में आरएलपी की एकमात्र सदस्य की भूमिका निर्णायक हो सकती है।

कांग्रेस को समर्थन का भरोसा, लेकिन समीकरण बाकी

राजसमंद कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह का कहना है कि देलवाड़ा में कांग्रेस को बहुमत मिला है, इसलिए बोर्ड भी कांग्रेस का ही बनेगा। उनका दावा है कि आरएलपी से जीतीं कृष्णा भी पहले कांग्रेस से जुड़ी रही हैं। चुनाव में अभी कुछ दिन बाकी हैं और आगे की स्थिति उसी दौरान स्पष्ट होगी।

श्रद्धालुओं की गाड़ी ट्रक से टकराई एक ही परिवार के 9 लोगों की मौत

जयपुर (एजेंसी)। कोटा-उदयपुर नेशनल हाईवे पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात 2 बजे एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें बच्चों समेत एक ही परिवार के 9 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 6 लोग घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना रात करीब 2:00 बजे शंभूपुरा गांव के पास हुई, जब एक तेज रफ्तार 'क्रूजर' गाड़ी सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई।

जान गंवाने वालों में उषा बाई, सुशीला, कैलाश, सान्वी, सज्जन, अनीता, बाबूलाल, जाह्नवी और माधवी शामिल हैं। घायल हुए 6 लोगों को एम्बुलेंस के जरिए न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

खाटू श्यामजी के दर्शन करके लौट रहे थे श्रद्धालु



गाड़ी में महाराष्ट्र के एक ही परिवार के 15 लोग सवार थे। ये सभी लोग राजस्थान से खाटू श्यामजी के दर्शन करके लौट रहे थे। शुरूआती रिपोर्ट के मुताबिक, गाड़ी के ड्राइवर की लापरवाही के वजह से ये हादसा हुआ। बताया जा रहा है ड्राइविंग के वक्त उसे झपकी लग गई थी।

हादसे की खबर मिलते ही सिटी पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम मौके पर पहुंचीं। पुलिस और बचाव दलों ने गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पीड़ितों की देखभाल के लिए अस्पताल में एक मेडिकल टीम भी तैनात की गई है। स्थिति का जायजा लेने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी, जिनमें अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट भी घटनास्थल और अस्पताल दोनों जगह पहुंचे।

जोधपुर में कार और ट्रैवल टेम्पो की टक्कर, 3 लोगों की मौत

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के जोधपुर में शनिवार शाम एक कार और ट्रैवल टेम्पो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है और करीब 15 लोग घायल हैं।

सभी घायलों को मथुरादास माथुर अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि ये सभी लोग गुजरात लौट रहे थे।

जोधपुर हादसे में 3 लोगों की मौत

मथुरादास माथुर अस्पताल के अधीक्षक, विकास राजपुरोहित ने बताया, 'यह गुजरात का एक ही परिवार है, जो शायद गुजरात से



रामदेवरा जा रहा था, तभी उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई।' विकास राजपुरोहित ने हादसे के बारे में आगे जानकारी देते हुए कहा, 'हमें शाम करीब 7:00 बजे इस घटना की सूचना मिली और हमने सभी जरूरी इंतजाम किए। अब तक चार एम्बुलेंस के जरिए लगभग 14-15 लोग यहां पहुंच चुके हैं। इस समूह में 3 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल हैं।'

इंस्टाग्राम के 5.21 लाख फॉलोअर्स भी नहीं दिला सके जीत, कांग्रेस की भगवती भील चुनाव हारीं

उदयपुर (एजेंसी)। सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स और युवाओं के बीच पहचान भी स्थानीय चुनाव में जीत की गारंटी नहीं बन सकी। प्रतापगढ़ जिला परिषद के वार्ड संख्या 11 में कांग्रेस प्रत्याशी और राजस्थान युवा कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष भगवती भील को हार का सामना करना पड़ा।

इंस्टाग्राम पर उनके 5.21 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं, लेकिन चुनावी मैदान में बीएपी की प्रत्याशी गीता ने उन्हें 322 मतों से शिकस्त दे दी। इस नतीजे ने एक बार फिर सोशल मीडिया की लोकप्रियता और स्थानीय स्तर पर मतदाताओं के बीच राजनीतिक पकड़ के अंतर को चर्चा में ला दिया है।



वार्ड-11 में मुकाबला त्रिकोणीय रहा। बीएपी प्रत्याशी गीता को 8757 वोट मिले, जबकि कांग्रेस की भगवती भील 8435 मत हासिल कर दूसरे स्थान पर रहीं। भाजपा प्रत्याशी गीता निनामा को 5927 वोट मिले।

तीनों प्रत्याशियों को कुल 23119 मत प्राप्त हुए। भाजपा प्रत्याशी के मैदान में होने से मुकाबला दिलचस्प बना रहा, लेकिन अंततः बीएपी की गीता ने जीत दर्ज की।

2886 पोस्ट के बावजूद नहीं मिला चुनावी फायदा

भगवती भील सोशल मीडिया पर सक्रिय आदिवासी युवा चेहरों में गिनी जाती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 5.21 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं और वे अब तक 2886 पोस्ट साझा कर चुकी हैं। चुनाव प्रचार के दौरान भी उनकी डिजिटल लोकप्रियता को कांग्रेस की ताकत के रूप में देखा जा रहा था। हालांकि, परिणामों ने स्पष्ट कर दिया कि सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में फॉलोअर्स होना और किसी खास निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं का समर्थन हासिल करना दो अलग-अलग बातें हैं।

राजस्थान में रेलवे ट्रैक पर हुए धमाके के मामले में बड़ी कार्रवाई



जयपुर(एजेंसी)। राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के रामसिंहपुर क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर तीन नवंबर को हुए बम धमाके के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपित 20 वर्षीय हरप्रीत को पंजाब के गुरदासपुर से गिरफ्तार किया है।शनिवार को हरप्रीत को लेकर पुलिस श्रीगंगानगर पहुंची और अनूपगढ़ अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया, जहां से उसे पांच दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। हरप्रीत गुरदासपुर जेल में फायरिंग के मामले में बंद था। हरप्रीत ने पाकिस्तानी हैंडलर के इशारे पर 24 अक्टूबर को अकाली कार्यकर्ता कैप्टन सिंह पर फायरिंग की थी। पुलिस के अनुसार, वह रेलवे ट्रैक पर हुए धमाके के मामले में गिरफ्तार महकदीप कौर और देवेंद्र सिंह के संपर्क में था। उसके मोबाइल फोन में पाकिस्तान में हुई बातचीत के सबूत मिले हैं।

कोटा के सरकारी अस्पताल में बड़ी लापरवाही

35 दिनों में 7 प्रसूताओं की मौत, सिस्टम पर उठे गंभीर सवाल

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में कोटा जिले के जेके लोन अस्पताल में प्रसूताओं की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार देर रात इलाज के दौरान एक और गर्भवती महिला की मौत हो गई। बता दें कि मध्य प्रदेश के श्योपुर जिला अस्पताल से महिला को बेहद गंभीर हालत में कोटा रेफर किया गया था। यहां शुक्रवार रात 10 बजे उसने दम तोड़ दिया। इसके साथ ही पिछले 35 दिनों में जेके लोन अस्पताल में 8 मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें 7 प्रसूताएं शामिल हैं। गौरतलब है कि इस वर्ष अब तक कोटा के सरकारी अस्पतालों में करीब 30 प्रसूताओं की मौत हुई है। हालांकि, प्रशासन के रिकॉर्ड में मात्र 13 प्रसूताओं के नाम दर्ज हैं। अधिकांश मौतें प्रसव के बाद अधिक रक्तस्राव, मल्टी-आर्गन डिस्फंक्शन सिंड्रोम और समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण हुई हैं। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बताया कि दवाओं की गुणवत्ता, ऑपरेशन थिएटर, उपकरणों में संक्रमण और उपचार में लापरवाही सहित सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।



तेज रफ्तार कार ट्रांसफॉर्मर से टकराई धूं-धूं कर जलने लगी गाड़ी

अलवर (एजेंसी)। जो को राखे साइंया मार सके न कोय.... यह कहावत राजस्थान में साकार हो गई है। राजस्थान के अलवर में तेज रफ्तार कार सड़क किनारे लगे बिजली ट्रांसफॉर्मर से टकरा गई। भीषण टक्कर के बाद ट्रांसफॉर्मर और कार में आग लग गई, लेकिन कार में सवार सभी छह लोग चमत्कारिक तरीके से बिना चोट के बच गए।

घटना गुरुवार सुबह खैरथल इलाके में हुई। स्वामी ध्यानगिरी मार्ग (किशनगढ़ रोड से जुड़ा) पर खाली सड़क के कोने पर लगे ट्रांसफॉर्मर बॉक्स से सफेद सेडान कार सिर के बल टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रांसफॉर्मर तुरंत आग की लपटों और चिंगारियों के साथ फट गया।

स्वामीः गायत्री मीडिया, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा, मुद्रकः रजनी कुमारी द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, बी-42, नोएडा, सेक्टर-7, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित व बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र दिल्ली होगा।
RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

चंडीगढ़ इंटरनेशनल मैराथन में 9,000 धावकों की भागीदारी, 11 देशों ने लिया हिस्सा

चंडीगढ़, एजेंसी।



पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने रविवार को ह्यचंडीगढ़ इंटरनेशनल मैराथनह्ल के दूसरे संस्करण को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मैराथन में 42 किमी, 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी की दौड़ शामिल हैं, जिसमें कई आईएएस अधिकारी 42 किमी और 21 किमी की श्रेणियों में हिस्सा ले रहे हैं।

पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि देखिए, चंडीगढ़ के लिए यह बड़े सौभाग्य की बात है कि आज हमारी दूसरी अंतरराष्ट्रीय मैराथन हो रही है। हमने पिछले साल भी इसका आयोजन किया था। तब इसमें कुल 3,500 के आसपास लोग शामिल हुए थे। आज, मुझे लगता है कि यह संख्या लगभग 9,000 होगी। यानी, इसमें लोगों की भागीदारी बढ़ी है; पूरे देश और दुनिया के 10-11 देशों से लोग इसमें हिस्सा ले रहे हैं। हमारे स्थानीय निवासी भी, भले ही 5 किलोमीटर की श्रेणी में कोई इनाम न हो, फिर भी इसमें दौड़े ताकि सभी स्वस्थ रहें।

राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि चंडीगढ़ मैराथन का दूसरी बार सफल आयोजन सभी अधिकारियों और सहयोगी कर्मचारियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस वर्ष प्रतियोगिता में 11 देशों के धावकों ने हिस्सा लिया, जो शहर के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि इस बार लगभग 360 प्रतिभागियों ने 42 किलोमीटर की मैराथन दौड़ में हिस्सा लिया। इतनी लंबी दूरी की दौड़ पूरी करना आसान नहीं होता और इसके लिए शारीरिक क्षमता के साथ-साथ दृढ़ इच्छाशक्ति और अनुशासन की भी जरूरत होती है।

उन्होंने विशेष रूप से एक भारतीय महिला एथलीट की भागीदारी पर गर्व जताया। कटारिया ने कहा कि खेलों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देश के लिए सकारात्मक संकेत है। ऐसे आयोजन युवाओं को फिटनेस, अनुशासन और खेलों के प्रति प्रोत्साहित करते हैं।

इस दौरान राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपीलों और उनके प्रभाव को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की बातों का लोगों पर असर होता है। जब कोई व्यक्ति स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपना जीवन जीता है, तो लोग स्वाभाविक रूप से उससे प्रेरित होते हैं और उसकी बातों का अनुसरण करते हैं।

अपनी बात को स्पष्ट करने के लिए कटारिया ने वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उस समय देश ने युद्ध में हार का सामना किया था। इसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की अपील पर देशभर के लोगों ने राष्ट्रहित में सहयोग दिया था। माताओं और बहनों ने भी देश की रक्षा के लिए अपने सोने के गहने तक दान कर दिए थे।

कटारिया ने कहा कि यह उदाहरण बताता है कि जब देश का नेतृत्व किसी बड़े उद्देश्य के लिए लोगों से अपील करता है और स्वयं भी प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करता है, तो आम नागरिक भी आगे आकर योगदान देते हैं।

राज्यपाल ने चंडीगढ़ मैराथन को खेल संस्कृति और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण आयोजन बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

भारत मंडपम में शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति ने बिखेरी भारतीय संस्कृति की छटा

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। नई दिल्ली के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय आयोजन स्थल भारत मंडपम में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कथक नृत्यांगना एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के देशबंधु कॉलेज के हिंदी विभाग में सहायक आचार्य डॉ. सीमा और उनकी टीम ने शानदार नृत्य प्रस्तुति देकर भारतीय कला एवं संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरी। डॉ. सीमा के निर्देशन में प्रस्तुत इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में कथक की पारंपरिक शैली, भाव-भंगिमाओं, आकर्षक मुद्राओं, लय, ताल और पद-संचालन का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट नृत्याभिव्यक्ति, सामूहिक तालमेल और प्रभावशाली मंच प्रस्तुति से कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

इस प्रस्तुति में डॉ. सीमा के साथ बृजेश कुमारी, परिणिता खन्ना, अपर्णा सारटे, अनन्या अरोड़ा, शगुन जायसवाल एवं अल्का ने सहभागिता की। सभी कलाकारों ने पूरे उत्साह, समर्पण और कलात्मक अनुशासन के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन अनुराधा गौतम ने किया। डॉ. सीमा दिल्ली विश्वविद्यालय के देशबंधु कॉलेज के हिंदी विभाग में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत हैं। एक शिक्षाविद् होने के साथ-साथ वे प्रतिष्ठित कथक नृत्यांगना एवं शास्त्रीय नृत्य कलाकार भी हैं।

इस आयोजन ने न केवल कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दिया, बल्कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। देशबंधु कॉलेज व अरबिंदो कॉलेज के शिक्षकों ने भारत मंडपम में जाकर डॉ.सीमा की शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति को देखा और सभी ने सराहना की।

झारखंड के केरेडारी में एलएंडटी साइट पर फायरिंग पुलिस के लिए चुनौती बना राहुल दुबे गिरोह

हजारीबाग, एजेंसी।



झारखंड में राहुल दुबे गैंग पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। इस गैंग के अपराधियों ने पिछले तीन महीनों में राज्य के चार जिलों में गोलीबारी की 10 से अधिक घटनाएं अंजाम दी है। रविवार तड़के इसी गैंग के गुर्गों ने हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र स्थित एलएंडटी कन्वेयर बेल्ट साइट पर अपराधियों ने कई राउंड फायरिंग की।

इस घटना में एक सुरक्षा गार्ड को गोली लगने की बात कही गई है। घटना के बाद सोशल मीडिया पर राहुल दुबे गैंग ने पोस्ट जारी कर हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा किया गया है। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब तीन से चार बजे के बीच एलएंडटी कन्वेयर बेल्ट परिसर में आठ से दस राउंड गोलियां चलाई गईं। गैंग के सोशल मीडिया पोस्ट में इसमें संबंधित पक्षों को चेतावनी भी दी गई है। इसमें कहा गया है कि उनकी बात नहीं मानी गई तो आगे और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कथित बयान में पुलिस कार्रवाई और कुछ पुराने मामलों का भी जिक्र किया गया है। हाल के दिनों में हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और रांची में कोयला कारोबार तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों से जुड़ी जगहों पर फायरिंग की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन घटनाओं में राहुल दुबे गैंग का नाम धमकी भरे पर्चों और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सामने आता रहा है।

तमिलनाडु सरकार ने 1.15 लाख करोड़ के 112 निवेश समझौतों पर किए हस्ताक्षर

चेन्नई, एजेंसी।



तमिलनाडु सरकार ने 10 मई से 21 नवंबर के बीच 23 क्षेत्रों में 1,14,811.91 करोड़ रुपये के 112 निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रस्तावित परियोजनाओं से 1,32,771 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। 112 परियोजनाओं में से 83 परियोजनाएं कम से कम जमीन पक्की होने के चरण तक पहुंच गई हैं। यह जानकारी राज्य सरकार की ओर से दी गई है।

मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के प्रशासन के पहले 195 दिनों की समीक्षा करते हुए सरकार ने एक बयान में कहा कि प्रस्तावित निवेश में ऑटोमोबाइल निर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स की हिस्सेदारी लगभग 30 प्रतिशत है। ऑटोमोबाइल निर्माण क्षेत्र में 17,073 करोड़ रुपये के निवेश का वादा मिला, जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में 16,832 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। निवेशकों ने कपड़ा उद्योग (टेक्सटाइल) के लिए भी 7,871 करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया है। इन तीनों क्षेत्रों को मिलाकर कुल निवेश 41,776 करोड़ रुपये होता है, जो कुल समझौतों के मूल्य का 36 प्रतिशत से कुछ अधिक है।

सरकार ने बताया कि इन प्रस्तावों से राज्य भर में नई फैक्ट्रियों और अन्य औद्योगिक इकाइयों की स्थापना में मदद मिलेगी। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, 17 देशों के निवेशकों ने तमिलनाडु सरकार के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

बयान में 35 समझौतों का भी जिक्र किया गया है, हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया कि ये किस श्रेणी से संबंधित हैं। इसके अलावा, यह भी बताया गया कि वैश्विक कौशल केंद्रों (ग्लोबल स्किल सेंटर्स) के माध्यम से 5,870 उच्च-कुशल नौकरियां सृजित हुई हैं।

सरकार ने कहा कि वह समझौतों पर हस्ताक्षर होने के बाद प्रत्येक परियोजना की प्रगति पर नजर रख रही है। जिन 83 परियोजनाओं में जमीन की पुष्टि हो चुकी है या जो उससे आगे बढ़ चुकी हैं, वे कुल समझौतों में शामिल परियोजनाओं का 74.11 प्रतिशत हैं। सरकार ने बताया कि 23 परियोजनाएं शिलान्यास (नींव रखने) के चरण तक पहुंच चुकी हैं। राज्य ने कंपनियों के लिए कामकाज शुरू करना आसान बनाने के प्रयासों के तहत 21 कार्य दिवसों के भीतर परमिट जारी करने की एक प्रक्रिया शुरू की है। व्यावसायिक मंजूरियों में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में तमिलनाडु निवेश संवर्धन प्राधिकरण का गठन किया है।

सरकार ने बताया कि उसने 11 क्षेत्रों में 25 से अधिक सुधार लागू किए हैं, ताकि कंपनियों के लिए औद्योगिक कामकाज शुरू करने की प्रक्रियाओं को सरल बनाया जा सके। सरकार ने कहा कि वह नए निवेश को आकर्षित करने के साथ-साथ, उन परियोजनाओं को भी आगे बढ़ाने में मदद करेगी जिनके लिए पहले ही समझौते हो चुके हैं। इसका उद्देश्य राज्य में अधिक उद्यमों को शुरू करना और निवेश के वादों को रोजगार के अवसरों में बदलना है।

उद्घाटन हो गया था तो पुल पर चल क्यों नहीं रहे थे? तेजस्वी के दावे पर भाजपा का तीखा पलटवार



छपरा, एजेंसी।

बिहार के दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन पुल (नीतीश सेतु) के उद्घाटन और उसके श्रेय को लेकर बिहार की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया था कि यह पुल करीब डेढ़ साल पहले ही शुरू हो चुका था और इसके नामकरण तथा श्रेय को लेकर सवाल खड़े किए थे। इस पर भारतीय जनता पार्टी के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को केवल सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के बजाय जमीन पर जाकर तथ्यों को देखना चाहिए।

सांसद सिग्रीवाल ने कहा कि जब उद्घाटन हो गया था, तो फिर पुल पर आवागमन क्यों शुरू नहीं हुआ। उन्होंने सवाल उठाया कि तेजस्वी यादव कभी मौके पर क्यों नहीं गए। राघोपुर का प्रतिनिधित्व करने के बावजूद तेजस्वी यादव वहां कभी नहीं पहुंचे। राघोपुर के लोगों की इस पुल की मांग वर्षों पुरानी थी लेकिन तेजस्वी के कार्यकाल में इस दिशा में कोई ठोस काम नहीं हुआ।

उन्होंने आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव के माता-पिता भी करीब पंद्रह वर्षों तक सत्ता में रहे लेकिन उन्होंने भी राघोपुर के लोगों की इस मांग को पूरा नहीं किया। सिग्रीवाल ने कहा कि अब जब पुल बनकर तैयार हो गया है और उसका उद्घाटन पीएम मोदी ने खुद किया है, तो श्रेय लेने की कोशिश की जा रही है।

वहीं, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास आज कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है। जब विपक्ष मुद्दाविहीन हो जाता है, तो वह अनर्गल बयानबाजी करने लगता है। उन्होंने कहा कि कोई खुद को शिव बता रहा है, कोई पार्वती और कोई दुर्गा बता रहा है। यह सब काल्पनिक बातें हैं, जिनका जमीन से कोई लेना-देना नहीं है।

सिग्रीवाल ने कहा कि उन्हें राजनीति में करीब पैंतीस वर्ष हो गए, जिनमें उन्होंने संवैधानिक पदों पर रहते हुए काम किया है लेकिन उन्होंने आज तक ऐसा विपक्ष नहीं देखा। उन्होंने कहा कि पहले विपक्ष में अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और सुषमा स्वराज जैसे नेता रहे, जिन्होंने नेता प्रतिपक्ष की भूमिका को गरिमा के साथ निभाया। बिहार में भी सुशील कुमार मोदी जैसे नेता प्रतिपक्ष रहे, जिन्होंने सिद्धांतों से समझौता किए बिना सकारात्मक भूमिका निभाई।

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की भूमिका नकारात्मक हो गई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता देश के अंदर की शिकायतें विदेशों में जाकर करते हैं। यह देश के प्रति उनकी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत की धरती पर जन्म लेकर उसकी शिकायत विदेश में करना किसी भी तरह से उचित नहीं है। इससे यह लगता है कि उन्हें अपने देश से प्रेम नहीं है।

तमिलनाडु में पोंगल से साल में 3 बार फ्री गैस सिलेंडर देने की तैयारी, सरकार ने शुरू किया काम



चेन्नई, एजेंसी।

तमिलनाडु में पोंगल से साल में तीन बार मुफ्त कुकिंग गैस रिफिल देने वाली योजना के लिए लाभार्थी परिवारों की पहचान का काम जल्द शुरू होने की संभावना है। राज्य सरकार इस योजना को पोंगल त्योहार से लागू करने की तैयारी में है, जिससे लाखों परिवारों को सीधा फायदा मिलेगा।

मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने विधानसभा को बताया कि इससे 1.30 करोड़ परिवारों को फायदा मिल सकता है और सरकार रिफिल की लागत सीधे उनके बैंक खातों में जमा करेगी।

अन्नपूर्णी सुपर 6 नाम की यह योजना मुख्यमंत्री विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम के उस विधानसभा चुनावी वादे का हिस्सा है, जिसमें हर साल छह मुफ्त घरेलू एलपीजी सिलेंडर देने का वादा किया गया था।

विधानसभा में पहले चरण की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री विजय ने कहा कि सरकार शुरूआत में हर परिवार के लिए साल में तीन रिफिल का खर्च उठाएगी, जिसकी शुरूआत जनवरी में पोंगल त्योहार से होगी।

सरकार ने इस बात का अंदाजा लगाने के लिए शुरूआती काम शुरू कर दिया है कि इस योजना में कितने परिवार शामिल हो सकते हैं। इसके लिए ह्यप्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनाह्ल के तहत एलपीजी कनेक्शन वाले परिवारों, सरकारी सहायता के रूप में 1,000 रुपये पाने वाली महिलाओं और 2.50 लाख रुपये तक की सालाना आय वाले परिवारों के रिकॉर्ड का इस्तेमाल किया जा रहा है। इन रिकॉर्ड्स की मदद से सरकार संभावित लाभार्थियों की सूची तैयार कर सकेगी।

विधानसभा में बताई गई 1.30 करोड़ की संख्या इस योजना की संभावित पहुंच को दर्शाती है। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि कितने परिवारों को इसका लाभ मिलेगा।

तमिलनाडु में लगभग 2.40 करोड़ घरेलू एलपीजी कनेक्शन हैं। इनमें से करीब 1.10 करोड़ कनेक्शन सिंगल-सिलेंडर वाले हैं। इस संख्या में लगभग 42 लाख ऐसे कनेक्शन शामिल हैं जो ह्यउज्ज्वला योजनाह्ल के तहत दिए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों की महिलाओं को एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराए जाते हैं।

जिन परिवारों के पास पहले से ही कुकिंग गैस कनेक्शन है, उनके लिए राज्य सरकार की यह प्रस्तावित योजना घर के नियमित खर्चों में कुछ राहत देगी।

केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना के तहत कनेक्शन दिया जाता है, जबकि तमिलनाडु की इस योजना में साल में तीन बार सिलेंडर रिफिल कराने का खर्च कवर किया जाएगा। मुख्यमंत्री विजय द्वारा घोषित बैंक ट्रांसफर की राशि, योजना के लिए चुने गए परिवारों को दी जाएगी।

रायगढ़ में कारोबारी श्रीनिवास बेंडखले की 1200 फीट गहरी खाई में गिरने से मौत

रायगढ़, एजेंसी।



महाराष्ट्र के रायगढ़ में कारोबारी श्रीनिवास बेंडखले की खाई में गिरने से मौत हो गई। दो दिन बाद उनका शव 1200 फीट गहरी खाई से बरामद किया गया। फिलहाल, शव को आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंप दिया गया है।

यह घटना पुणे और रायगढ़ जिलों को जोड़ने वाले ताम्हिनी घाट इलाके में हुई। बताया गया कि कारोबारी श्रीनिवास बेंडखले पिछले दो दिनों से लापता थे। इसके बाद पुलिस जांच में ताम्हिनी घाट में उनके वाहन की लोकेशन का पता चला और आखिरकार पुलिस ने तलाशी अभियान तेज किया।

बताया जा रहा है कि पुणे सीमा के भीतर ताम्हिनी घाट में 1200 फीट गहरी खाई में गिरने से उनकी मौत हो गई। बचाव दल ने देर रात तक तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद शव निकालने में सफलता मिली। श्रीनिवास बेंडखले मानगांव तालुका के गोरेगांव के निवासी थे और रायगढ़ में एक सफल व्यवसायी के रूप में जाने जाते थे।

इससे पहले, रत्नागिरी जिले में शनिवार को राज्य परिवहन की बस के नीचे आने से दोपहिया वाहन चालक की मौके पर मौत हो गई। यह हादसा रत्नागिरी जिले के दापोली-मंडनगढ़ रोड पर शनिवार सुबह करीब 7.30 से 8 बजे के बीच हुआ।

बताया गया कि राज्य परिवहन की बस मंडनगढ़ से दापोली की ओर जा रही थी, जबकि दोपहिया वाहन चालक दापोली से मंडनगढ़ की ओर जा रहा था। इस दौरान, दोपहिया वाहन चालक बस के पिछले पहिए के नीचे आ गया। इस दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद इस मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस की ओर से जरूरी कार्रवाई पूरी करने के बाद यातायात बहाल कर दिया गया। मृतक की पहचान दापोली तालुका के कलकाई कोंड निवासी सुरेंद्र गोरीवाले के रूप में हुई।

शिवमोगा में कार ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर नवविवाहित जोड़े की मौत

शिवमोगा। कर्नाटक के शिवमोगा में एक भीषण हादसे में नवविवाहित जोड़े की मौत हो गई। इस घटना से दोनों परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई। फिलहाल, घटना के संबंध में तुंगानगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है। यह हादसा शिवमोगा जिले में सागर रोड के पास रिंग रोड पर हुआ। मृतकों की पहचान पति किरण जी (24 साल) और पत्नी सौम्या (22 साल) के रूप में हुई। मृतक किरण शिवमोगा सिटी कॉर्पोरेशन में आउटसोर्स कर्मचारी के तौर पर काम करता था। शादी के महज डेढ़ महीने बाद ही इस नवविवाहित जोड़े की दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि यह हादसा तब हुआ जब वे शरावती नगर स्थित अपने घर से अपनी पत्नी सौम्या के घर गोविंदपुरा जा रहे थे। रिंग रोड पर उनकी बाइक एक कार से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर सवार नवविवाहित जोड़े की मौके पर ही मौत हो गई।

जूनागढ़ में केशोद-बालागाम रोड पर कार में आग लगने से तीन लोग जिंदा जले, एक युवती गंभीर घायल

जूनागढ़, एजेंसी।



गुजरात के जूनागढ़ जिले में केशोद-बालागाम रोड पर रविवार को खमीदाणा गांव के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद कार में अचानक भीषण आग लग गई और देखते ही देखते वाहन आग के गोले में तब्दील हो गया। इस दर्दनाक हादसे में कार में सवार तीन लोगों की जिंदा जलने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार से बाहर छिटककर गिरी एक युवती की जान बच गई। हालांकि, युवती गंभीर रूप से घायल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार केशोद-बालागाम रोड से गुजर रही थी। इसी दौरान खमीदाणा गांव के पास चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे तेज रफ्तार कार सड़क पर पलट गई। कार के पलटते ही उसमें आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कार में सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। देखते ही देखते पूरी कार आग की लपटों से घिर गई। हादसे के दौरान एक युवती कार से बाहर छिटककर दूर जा गिरी, जिससे उसकी जान बच गई।

घटना में गंभीर रूप से घायल युवती को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से केशोद के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने अस्पताल में युवती का तत्काल उपचार शुरू कर दिया। हादसे के भयावह दृश्य और अपने साथ हुई इस दर्दनाक घटना के चलते युवती गहरे सदमे में बताई जा रही है। फिलहाल डॉक्टरों की टीम उसकी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

उधर, हादसे की सूचना मिलते ही केशोद फायर ब्रिगेड की टीम और इमरजेंसी 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। दमकलकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद कार में लगी आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। आग बुझने के बाद कार के भीतर तीन लोगों के शव मिले।

पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मृतकों की पहचान करने और जले हुए वाहन के संबंध में जानकारी जुटाने की कवायद की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हादसा किस वजह से हुआ और कार चालक का वाहन से नियंत्रण कैसे छूटा।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर हादसे की जांच की जा रही है। हादसा कैसे हुआ, इसका पता लगाया जा रहा है। इसके लिए एक टीम का भी गठन किया जा रहा है, जो जल्द ही मामले की जानकारी देगी।

तरनतारन में ड्रोन से गिराए गए पैकेट से हथियार कारतूस और 277 ग्राम हेरोइन बरामद

तरनतारन, एजेंसी।



भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे खालड़ा सेक्टर में सीमा पार से ड्रोन के जरिए हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी का मामला सामने आया है। गांव कलसियां के खेतों में ड्रोन के माध्यम से गिराए गए पैकेट से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में चार पिस्तौल, छह खाली मैगजीन, 57 कारतूस और 277 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। इसके अलावा पैकेट से 37 ग्राम पैकिंग सामग्री भी मिली है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, थाना खालड़ा पुलिस को बीएसएफ की 115वीं बटालियन की कलसियां सीमा चौकी (बीओपी) के कमांडर मुरारी लाल शर्मा ने सूचना दी थी कि गांव कलसियां में किसान सुखा सिंह के खेत में ड्रोन के जरिए एक पीले रंग का पैकेट गिराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और खेत में मिले पैकेट को कब्जे में लेकर उसकी जांच की।

पैकेट खोलने पर उसमें से चार पिस्टल, छह खाली मैगजीन, 57 जिंदा कारतूस, 277 ग्राम हेरोइन और 37 ग्राम पैकिंग सामग्री बरामद हुई। बरामद हथियारों और नशीले पदार्थों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। इसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई।

थाना खालड़ा के सब-इंस्पेक्टर आरजू ने बताया कि बीएसएफ की 115वीं बटालियन की कलसियां बीओपी के कमांडर मुरारी लाल शर्मा की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्रवाई की। किसान सुखा सिंह के खेत में ड्रोन से गिराए गए पीले पैकेट से हथियार, कारतूस और हेरोइन बरामद की गई है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि यह खेप पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के माध्यम से भारतीय क्षेत्र में भेजी गई थी। हालांकि, इस संबंध में पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हथियारों और हेरोइन की खेप किसने भेजी थी और इसे आगे किसके हवाले किया जाना था।

इससे पहले राजस्थान पुलिस ने 28 ऐसे पाकिस्तानी हैंडलरों की पहचान की है और उनके नाम बताए हैं, जो ड्रोन का इस्तेमाल करके अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार हथियार, नशीले पदार्थ और विस्फोटक भेजने में शामिल रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया था कि उनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है और इसे केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ साझा किया जाएगा। इस बीच, पुलिस ने स्थानीय मददगारों की जमीनों की पहचान करना शुरू कर दिया है। जिन संपत्तियों का इस्तेमाल तस्करी के काम में किया गया है, उन्हें जब्त करने की योजना है।

मुंबई में डब्ल्यूएनसी नेवी हाफ मैराथन का आयोजन एशियाई खेलों के पदक विजेताओं ने लिया हिस्सा

मुंबई, एजेंसी।

मुंबई में रविवार को ह्यनेवी डे समारोह के हिस्से के रूप में डब्ल्यूएनसी नेवी हाफ मैराथन का 9वां संस्करण आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 10 हजार धावकों ने भाग लिया। एशियाई खेलों के पदक विजेता गुरिंदर वीर सिंह, एंसी सोजन और भरत हुड्डा के अलावा अर्जुन पुरस्कार विजेता सुरजीत ने इस मैराथन को हरी झंडी दिखाई।

एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता एंसी सोजन ने कहा, यह साल मेरे लिए बहुत अच्छा रहा है। इस सीजन में मैंने तीन-चार रिकॉर्ड तोड़े, जिनमें एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी शामिल है। यह एक शानदार सफर रहा। इस दौरान मैंने बहुत कुछ सीखा। मैंने कई त्याग किए, कड़ी मेहनत की, पूरी लगन से काम किया और मुझे भारतीय नौसेना से बहुत समर्थन मिला। इस सीजन में मेरे सफर में योगदान देने वाले हर व्यक्ति ने इसे सार्थक बना दिया है।

मैराथन को लेकर उन्होंने कहा, यह एक बहुत ही सुखद और खास पल है और मुझे खुशी है कि मैं इस डब्ल्यूएनसी नेवी हाफ मैराथन का हिस्सा बनी हूं। यहां आकर बहुत अच्छा लगा। मैंने बहुत से लोगों को इसमें भाग लेते हुए देखा।

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता और पीओ गुरिंदर वीर सिंह ने कहा, मैं हमारे नौसेना स्टाफ को धन्यवाद देना चाहता हूं। आज डब्ल्यूएनसी नेवी हाफ मैराथन में मैंने खुश और प्रेरित लोगों को देखा। 21 किमी, 10 किमी और 7 किमी की श्रेणियों में 10,000 से अधिक प्रतिभागियों ने दौड़ लगाई। मैं उन सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। मुझे भी इस आयोजन से प्रेरणा मिल रही है।

उन्होंने कहा कि हमारे युवा खेलों को पसंद करते हैं। मैंने देखा है कि हर उम्र के व्यक्ति मैराथन को लेकर उत्साहित दिखे। मेरा यहां आना एक तरह से सफल रहा है। गुरिंदर वीर सिंह ने कहा, यहां लोगों की इतनी बड़ी संख्या देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा। यह आयोजन बहुत ही व्यवस्थित है। मैंने पहली बार किसी मैराथन को इतने अच्छे तरीके से आयोजित होते देखा है। यहां बहुत ही हाई-टेक उपकरण लगाए गए हैं। समय मापने के लिए हर 5 किलोमीटर पर एक टाइमिंग गेट लगाया गया।

प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के नाम पर लेवी मांगने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

खूंटी, एजेंसी।



खूंटी पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) के नाम पर लेवी मांगने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी 21 नवंबर को संयुक्त छापेमारी अभियान के दौरान रनिया थाना क्षेत्र से की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी एक आवासीय विद्यालय और सड़क निर्माण स्थल पर पीएलएफआई के नाम का पर्चा फेंककर लेवी मांगने की घटनाओं में शामिल थे।

खूंटी के एसपी ऋषभ गर्ग ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 13 नवंबर को तपकरा थाना क्षेत्र के कमड़ा मोड़ के पास स्थित एक आवासीय विद्यालय में और 15 नवंबर को पश्चिमी सिंहभूम जिले के आनंदपुर थाना क्षेत्र में वीकेएस सड़क निर्माण कार्यस्थल पर कुछ अपराधियों ने पीएलएफआई के नाम का पर्चा फेंककर लेवी की मांग की थी।

इन घटनाओं के बाद तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में तपकरा, रनिया और आनंदपुर थानों की संयुक्त टीम गठित की गई थी। टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। एसपी के मुताबिक, 21 नवंबर को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि तीन लोग बिना नंबर प्लेट वाली पल्सर मोटरसाइकिल से जयपुर, केलो की ओर से रनिया आ रहे हैं। सूचना का सत्यापन करने के बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई की और मौके से दो लोगों को पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजू मांझी और अंकुश बागे के रूप में हुई है। दोनों खूंटी जिले के रनिया थाना क्षेत्र के केलो गांव के निवासी हैं।

तिरुचेंदूर मंदिर में कांडा षष्ठी कॉन्सर्ट विवाद के बाद लोगों की तारीफ करने पर रोक

तिरुचेंदूर। तमिलनाडु के तिरुचेंदूर में सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर ने अपने धार्मिक कार्यक्रम में परफॉर्म करने वाले कलाकारों को किसी की तारीफ न करने का निर्देश दिया है। हालांकि दो गायकों ने कांडा षष्ठी त्योहार के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती मंत्री की तारीफ में नारे लगाए थे। मंदिर में कांडा षष्ठी त्योहार का सबसे खास हिस्सा सूर्यसंहारम के दौरान गायकों ने पुष्पवनम कुप्पुसामी और वेलमुरुगन ने 15 नवंबर को एक भक्ति संगीत प्रोग्राम में हिस्सा लिया था। कॉन्सर्ट के दौरान गायकों ने मुख्यमंत्री और मंत्री की लंबी उम्र की कामना की थी। जिसके बाद राजनीतिक दलों और हिंदू संगठनों ने इसकी निंदा की थी और मामला दर्ज कराया था।

विकिरण के खतरे को लेकर वल्लारपदम कंटेनर टर्मिनल के चालकों ने विरोध प्रदर्शन वापस लिया

कोच्चि, एजेंसी।



कोच्चि स्थित डीपी वर्ल्ड द्वारा संचालित वल्लारपदम कंटेनर टर्मिनल पर कार्यरत चालकों ने पिछले 13 दिनों से जारी अपना असहयोग विरोध प्रदर्शन शनिवार को वापस ले लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

ये चालक 'कंटेनर स्कैनिंग' के दौरान विकिरण से संभावित स्वास्थ्य जोखिमों की चिंताओं को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे।

एणार्कुलम जिला प्रशासन के एक बयान के अनुसार, यह निर्णय एक बैठक में लिया गया जिसमें एणार्कुलम के सांसद हिबी ईडन, विधायक मोहम्मद शियास, टी जे विनोद और टोनी चामनी, जिलाधिकारी जी प्रियंका तथा पुलिस, सीमा शुल्क, डीपी वर्ल्ड और ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बयान में कहा गया है कि इस बात पर सहमति बनी कि श्रमिकों की शिकायतें सुनी जाएंगी और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए व्यवस्था की जाएगी। श्रमिक सोमवार से काम पर लौटने के लिए सहमत हो गए हैं।

यह विरोध प्रदर्शन केंद्र सरकार के एक निर्देश के बाद सीमा शुल्क विभाग द्वारा टर्मिनल पर सभी कंटेनरों को स्कैन करने का निर्णय लिए जाने के बाद शुरू हुआ था। चालकों ने चिंता जताई थी कि स्कैनिंग से निकलने वाले विकिरण से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

बयान में कहा गया है कि हालांकि पहले भी इसी तरह की शिकायतें उठाई गई थीं, लेकिन जिला चिकित्सा अधिकारी और एक अधिवक्ता आयुक्त की जांच में चिंता का कोई कारण नहीं पाया गया था। हालांकि, कंटेनर को स्कैन करने की दर पहले 20 से 80 प्रतिशत के बीच थी, जिसे बढ़ाकर 100 प्रतिशत तक कर दिया गया और इसी वजह से चालकों की चिंताएं फिर से बढ़ गईं। बयान के मुताबिक, बैठक में इस बात की जांच करने का निर्णय लिया गया कि क्या इस तरह के स्वास्थ्य जोखिम मौजूद हैं।

ओडिशा के तट पर लगाया जाएगा वीडियो कैमरे आधारित ऑटोनॉमस बीच मॉनिटरिंग सिस्टम

भुवनेश्वर। ओडिशा के तटों पर वीडियो कैमरों पर आधारित एक ऑटोनॉमस बीच मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने रविवार को जानकारी दी कि सीएम मोहन चरण माझी ने राज्य की आपदा प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, ओडिशा के तटों पर वीडियो कैमरे पर आधारित एक ऑटोनॉमस बीच मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया जाएगा। इसके अलावा, ओडिशा में ह्यभारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (आईएनसीओआईएस) का एक क्षेत्रीय केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। यह प्रस्तावित प्रणाली मौसम से जुड़े सटीक आंकड़े उपलब्ध कराएगी।

वैकोम महादेव मंदिर में पूजा के निर्धारित समय का पालन नहीं किए जाने पर उच्च न्यायालय ने चिंता जताई

कोच्चि, एजेंसी।



केरलम उच्च न्यायालय ने कोट्टायम जिले के वैकोम महादेव मंदिर में विभिन्न पुजारियों द्वारा पूजा के निर्धारित समय का कथित तौर पर पालन नहीं किए जाने पर चिंता जताई और त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) को इस मामले पर ध्यान देने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति देवन रामचंद्रन और न्यायमूर्ति जॉनसन जॉन की पीठ ने कहा कि त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड के पहले दिए गए आश्वासन के बावजूद मंदिर के कई पुजारी पूजा के निर्धारित समय का पालन नहीं कर रहे।

पीठ ने अधिवक्ता आयुक्त की रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद यह टिप्पणी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुजारी अपनी मनमर्जी के मुताबिक पूजा कर रहे हैं, जिसके कारण कई शिकायतें मिली हैं। पीठ ने कहा, देवस्वओम बोर्ड को इस रिपोर्ट पर निश्चित रूप से तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मंदिर में लेखाकार का पद नवंबर 2022 से खाली है जिसके कारण किसी अन्य को इसका प्रभार सौंपना पड़ा। इसके बाद धन के गबन के आरोप सामने आए हैं, जिनमें विशेष रूप से 34 लाख रुपये के गबन का आरोप शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कझकम विभाग में एक पद आठ साल से अधिक समय से खाली है और इससे संबंधित कार्य नालंबलम (मंदिर के आंतरिक परिसर) में पुजारी कर रहे हैं।

अधिवक्ता आयुक्त ने यह भी दावा किया कि मान्यता प्राप्त पुजारियों के बजाय कई ऐसे पुजारी धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं, जिन्हें बोर्ड ने न तो अधिकृत किया है और न ही मान्यता दी है। उन्होंने सभी रिक्त पदों को नियमानुसार भरने का निर्देश देने का अनुरोध किया। बोर्ड ने पीठ को आश्वासन दिया कि रिपोर्ट में उठाए गए मुद्दों पर गौर किया जाएगा और मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया। अदालत ने मंदिर की स्थिति को लेकर स्वतः संज्ञान लेते हुए शुरू की गई कार्यवाही के दौरान ये टिप्पणियां कीं और निर्देश दिया। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और एक प्रसिद्ध तीर्थस्थल है।

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में एलओसी के पास संदिग्ध नशीला पदार्थ बरामद

श्रीनगर, एजेंसी।



जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास हेरोइन जैसा एक पदार्थ बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लगभग छह करोड़ रुपये है।

कुपवाड़ा पुलिस ने शनिवार को उत्तरी कश्मीर जिले के करनाह इलाके के अमरोही में चलाए गए 'कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन' के दौरान हेरोइन जैसा लगभग 827 ग्राम पदार्थ बरामद किया है। इस ऑपरेशन के दौरान करनाह के अमरोही निवासी जमीर अहमद तुंच के घर की तलाशी ली गई, जहां से एक काला पॉलीथीन बैग मिला, जिसमें संदिग्ध नशीला पदार्थ रखा हुआ था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने आगे बताया कि बरामद पदार्थ कहां से आया, इसका पता लगाने और इससे जुड़े अन्य संपर्कों की जांच की जा रही है।

ओडिशा एसटीएफ ने बिहार के दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया

भुवनेश्वर, एजेंसी।



ओडिशा पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक अवैध हथियार तस्करी गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छह आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद जब्त किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एसटीएफ के पुलिस महानिरीक्षक हिमांशु कुमार लाल ने यहां संवाददाताओं को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिहार के मुंगेर जिले के आकाश कुमार सिंह (44) और राजेश शर्मा (45) के रूप में हुई है।

महानिरीक्षक के मुताबिक, एसटीएफ ने आरोपियों के कब्जे से देसी पिस्तौलें, कारतूस, 5,600 रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, दो आधार कार्ड और रेल टिकट भी बरामद किए हैं।

लाल ने कहा , प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि एक अंतर-राज्यीय नेटवर्क बिहार के मुंगेर से अवैध हथियार खरीदकर ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों में आपूर्ति करता है। एसटीएफ इस आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ने के लिए हथियारों के निमार्ताओं, आपूर्तिकताओं, बिचौलियों और स्थानीय खरीदारों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

आरोपियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है।

रुहुल्लाह का दावा, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को धरना स्थल से हटाया

श्रीनगर। श्रीनगर के पूर्व सांसद रुहुल्लाह मेहदी ने शनिवार को दावा किया कि पुलिस ने उन्हें और प्रदर्शन कर रहे छात्रों को शेर-ए-कश्मीर पार्क से उस समय हटा दिया जब वे सरकारी भर्ती परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ धरना दे रहे थे। सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के साथ 24 साल पुराना नाता हाल ही में समाप्त करने और पार्टी नेतृत्व के साथ लंबे समय से जारी मतभेदों के बाद लोकसभा से इस्तीफा देने वाले मेहदी ने छात्रों के समर्थन में प्रदर्शन में हिस्सा लिया। छात्र जम्मू-कश्मीर सेवा चयन बोर्ड (जेकेएसएसबी) द्वारा आयोजित वित्त लेखा सहायक (एफएए) भर्ती परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। मेहदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कोई जवाब नहीं, तो घर नहीं जाएंगे। रात होने के बावजूद छात्र एफएए परीक्षा में कथित धांधली के खिलाफ डटे हुए हैं।

भाजपा विधायक रेखा पात्रा की अचानक बिगड़ी तबीयत, कोलकाता के अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर

कोलकाता, एजेंसी।



पश्चिम बंगाल के हिंगलगंज विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक रेखा पात्रा की अचानक तबीयत खराब होने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पार्टी नेता अर्चना दास मजूमदार ने रविवार को यह जानकारी दी।

अर्चना दास मजूमदार ने बताया कि विधायक रेखा पात्रा शनिवार रात करीब 9 बजे नॉर्थ 24 परगना जिले के हिंगलगंज में अपने घर पर अचानक बीमार पड़ गईं। उन्हें तुरंत एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राइमरी इलाज के बाद उनकी हालत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें बशीरहाट सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में शिफ्ट कर दिया गया।

विधायक रेखा पात्रा को वहां सीसीयू में भर्ती कराया गया। हालांकि, चार घंटे बाद भी उनकी हालत में अधिक सुधार नहीं हुआ। इसके बाद, भाजपा विधायक को कोलकाता के एक हॉस्पिटल में शिफ्ट करने का फैसला किया गया। शहर के एक हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हालांकि, अस्पताल ने अभी तक कोई हेल्थ बुलेटिन जारी नहीं किया है।

अर्चना दास मजूमदार ने मीडिया को बताया कि रेखा पात्रा की हालत स्थिर है और अभी उनका इलाज चल रहा है। उनके मुताबिक, विधायक रेखा पात्रा डॉक्टर युद्धजीत सेनगुप्ता की देखरेख में हैं। उन्हें वेंटिलेशन सपोर्ट पर रखा गया है।

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री शरदवत मुखर्जी सुबह विधायक रेखा पात्रा का हालचाल जानने के लिए अस्पताल पहुंचे।

गौरतलब है कि रेखा पात्रा पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिला उत्पीड़न, जमीन हड़पने और जबरन वसूली के आरोपी टीएमसी नेता शेख शाहजहां के खिलाफ आंदोलन का प्रमुख चेहरा थीं। बाद में भाजपा ने उन्हें अपने साथ लिया और 2024 में लोकसभा चुनाव का टिकट दिया। हालांकि, वह बशीरहाट सीट से नहीं जीत पाईं। बाद में वह इस साल अप्रैल में हुए विधानसभा चुनाव में हिंगलगंज निर्वाचन क्षेत्र से

नशे की गिरफ्त से निकल सनातन की राह पर चले एलेक्स, शिकागो से खिंचे चले आए काशी

वाराणसी, एजेंसी।

सनातन धर्म की आध्यात्मिक शक्ति और काशी की अलौकिक ऊर्जा सात समंदर पार अमेरिका के शिकागो निवासी एलेक्स मॉम सिलिविक को भी अपनी ओर खींच लाई। कभी ड्रग्स की लत से जूझ रहे एलेक्स आज हनुमानजी और नीम करौली बाबा के भक्त हैं। आध्यात्मिक साधना ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। नशे की गिरफ्त से बाहर निकलने के बाद अब वह अमेरिका में लोगों को योग और ध्यान सिखा रहे हैं। साथ ही ड्रग्स और शराब की लत से परेशान लोगों को बेहतर जीवन जीने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। सनातन धर्म के प्रति इसी गहरे जुड़ाव के चलते वह तीन दिन पहले अपने सात दोस्तों के साथ काशी पहुंचे। रविवार को अस्सी घाट पर उन्होंने मां गंगा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और



आरती उतारी। इसके बाद घाट पर बैठकर 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया।

एलेक्स ने बताया कि वह पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं और शिकागो की एक कंपनी में काम करते थे। नौकरी के दौरान ही वह ड्रग्स लेने लगे। शुरूआत में यह आदत थी, लेकिन धीरे-धीरे इसकी गिरफ्त इतनी मजबूत हो गई कि उससे बाहर निकलना मुश्किल हो गया। उन्होंने कई बार नशा छोड़ने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। इसी दौरान करीब 10 साल पहले उन्हें नीम करौली बाबा के बारे में जानकारी मिली। बाबा के जीवन और उनके आध्यात्मिक संदेशों ने उन्हें प्रभावित किया। उनके बारे में और जानने की जिज्ञासा उन्हें भारत खींच लाई। यहां उन्होंने नीम करौली बाबा के जीवन, विचारों और शिक्षाओं का अध्ययन शुरू किया। इसी क्रम में सनातन धर्म, भगवद्गीता और दूसरे आध्यात्मिक ग्रंथों को पढ़ा तथा साधना से जुड़ते चले गए।

सनातन से जुड़ाव ने बदली जिंदगी, नशे से बनाई दूरी

एलेक्स के अनुसार, सनातन धर्म और आध्यात्मिक साधना से जुड़ने के बाद उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया। उन्हें अपने भीतर नई ऊर्जा और शक्ति का अनुभव हुआ। जीवन को देखने का नजरिया बदला और धीरे-धीरे नशे से बाहर निकलने का रास्ता मिला। उन्होंने ड्रग्स की लत छोड़ दी और नीम करौली बाबा को अपना गुरु मान लिया। उनका कहना है कि आध्यात्मिकता ने उन्हें केवल नशे से मुक्ति का रास्ता ही नहीं दिखाया, बल्कि जीवन का उद्देश्य भी समझाया।

आज एलेक्स नियमित रूप से योग और ध्यान करते हैं। हनुमानजी और नीम करौली बाबा के प्रति उनकी गहरी आस्था है। वह अपने साथियों के साथ मिलकर भंडारे का आयोजन करते हैं और जरूरतमंद लोगों को भोजन व अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराकर सेवा करते हैं। उनके लिए सनातन धर्म का अर्थ केवल मंदिर जाना, पूजा करना या धार्मिक अनुष्ठान करना नहीं है, बल्कि प्रेम, करुणा और दूसरों की मदद करना भी है।

अमेरिका में योग-ध्यान की कक्षाएं, किताबों और पॉडकास्ट से कर रहे जागरूक

नशे की लत से बाहर निकलने के बाद एलेक्स ने अपने जीवन को दूसरों की मदद के लिए समर्पित करने का प्रयास शुरू किया। अमेरिका में वह योग और ध्यान की कक्षाएं संचालित करते हैं। आध्यात्मिक विषयों पर पुस्तकें लिखने के साथ पॉडकास्ट के माध्यम से भी लोगों तक अपने विचार पहुंचाते हैं। उनका विशेष ध्यान उन लोगों पर रहता है, जो ड्रग्स और शराब की लत के कारण परेशान हैं।

पुलिस लाइन में एयर स्ट्राइक और ब्लैकआउट मॉक ड्रिल का हुआ प्रदर्शन

जवानों ने घायलों को सुरक्षित निकालने और प्राथमिक उपचार देने का किया अभ्यास

उत्तम भारत संवाददाता

फिरोजाबाद। रविवार को पुलिस लाइन मैदान में नागरिक सुरक्षा केंद्र एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में ह्यसिविल डिफेंस एयर स्ट्राइक एवं ब्लैकआउट मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस अभ्यास में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का सजीव प्रदर्शन किया गया। शाम 6:30 बजे तक आयोजित मॉक ड्रिल में निर्धारित समय पर पुलिस लाइन परिसर में ब्लैकआउट किया गया। इसके बाद सायरन बजते ही राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिए गए। नागरिक सुरक्षा के जवानों के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस, होमगार्ड, अग्निशमन विभाग और एम्बुलेंस टीमों ने आपसी समन्वय के साथ



अभ्यास किया। इस दौरान जवानों ने घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने तथा उन्हें प्राथमिक उपचार देने का प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य हवाई हमले अथवा किसी आकस्मिक आपदा के दौरान ब्लैकआउट की स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, प्रशासन एवं सुरक्षा बलों की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का आकलन करना तथा आमजन को आपातकालीन परिस्थितियों के प्रति जागरूक करना रहा। सभी टीमों को न्यूनतम समय में राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे जनहानि और धनहानि को कम किया जा सके। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रशासन के साथ आम नागरिकों का सतर्क एवं प्रशिक्षित होना भी आवश्यक है। सिविल डिफेंस के गठन का उद्देश्य आम नागरिकों को भी आपदा प्रबंधन से जोड़ना है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी मोहनलाल गुप्ता भी मौजूद रहे।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 23 नवंबर को आएंगे सुईथाकला

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 23 नवंबर को जौनपुर के सुईथाकला क्षेत्र स्थित छीतमपट्टी गांव आएंगे। शासन की ओर से उनका आधिकारिक भ्रमण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपमुख्यमंत्री सुबह 11 बजे लखनऊ से राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होंगे और दोपहर 12 बजे छीतमपट्टी हेलीपैड पहुंचेंगे। यहां से वह 12:10 बजे वरिष्ठ पत्रकार हेमंत तिवारी के पैतृक आवास पहुंचकर उनसे और परिजनों से मुलाकात करेंगे तथा उनकी भतीजी को आशीर्वाद देंगे। गौरतलब है कि 25 नवंबर को हेमंत तिवारी के पैतृक आवास पर वैवाहिक आयोजन है।

आगरा के मंडलीय सम्मेलन में फिरोजाबाद के कांग्रेसियों ने दिखाया दमखम

भाजपा नेता कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने थामा कांग्रेस का दामन

उत्तम भारत संवाददाता

फिरोजाबाद। आगरा के रोहता नगर चौराहे पर आयोजित कांग्रेस के मंडलीय सम्मेलन में फिरोजाबाद के सैकड़ों कांग्रेसियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सम्मेलन में कार्यकताओं ने पार्टी नेताओं का जोशीला स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं दो बार के पूर्व पार्षद कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने बताया कि भाजपा के कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने कांग्रेस की विचारधारा, नीतियों और संघर्ष में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी का दामन थामा है।



उन्होंने आजीवन कांग्रेस को मजबूत करने के लिए कार्य करने का संकल्प भी लिया। मंडलीय सम्मेलन में हाजी सईद पटेल, राजवीर सिंह यादव, जितेंद्र तिवारी, प्रदीप कुमार शर्मा एडवोकेट, शैलेंद्र शुक्ला सरपंच, शांतिदास शखवार, अनिल यादव, जगदीश वाल्मीकि, अजय यादव, धर्मेंद्र यादव, विराट दिवाकर, हरिशंकर तिवारी, बीएस गौतम, प्रशांत तिवारी, संदीप तिवारी, चंद्रकांत यादव, आशीष तिवारी, मुकेश गौड़, गुलाम जिलानी, लाला लाइन, गांधी, जयपाल यादव, रामप्रवेश यादव, राजेंद्र कुमार, संदीप कुमार, दिनेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

फिरोजाबाद। द्रविड़ जन कल्याण महासभा के तत्वावधान में समाजवादी आंदोलन के पूर्व मुख्यमंत्री तथा पूर्व रक्षा मंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की 87 वीं जयंती पर जेएस कॉलोनी, नगला भाऊ स्थित महेश यादव के प्रतिष्ठान पर माल्यार्पण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। महासभा के संस्थापक उदयवीर सिंह यादव ने कहा कि नेताजी ने डॉ. राममनोहर लोहिया की समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य किया। उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए शिक्षा, चिकित्सा और गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कीं। गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने समाजवादी विचारधारा को आगे का संकल्प लिया। इस दौरान चंद्रमोहन चक्रवर्ती, अनिल यादव, रामू यादव, दिलीप सिंह, रईस पाल यादव, बंटू यादव, इंद्रजीत ठेकेदार, दिनेश यादव, संयोजक अनिरुद्ध प्रताप उर्फ भोला यादव आदि मौजूद रहे।

देव दीपावली पर गंगा में सख्त पहरा

एनडीआरएफ के साथ पुलिस भी करेगी निगरानी

वाराणसी, एजेंसी।

देव दीपावली पर काशी में उमड़ने वाली लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। घाटों से लेकर गंगा की जलधारा तक निगरानी बढ़ाई जा रही है। पर्व के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना और नाव दुर्घटना रोकने के लिए पुलिस अधिकारी लगातार स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में एसीपी भेलूपुर गौरव कुमार और भेलूपुर थानाध्यक्ष दिगंबर उपाध्याय ने रविवार को अस्सी घाट से हरिश्चंद्र घाट तक नाव से गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गंगा में भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न घाटों पर सुरक्षा इंतजामों



का निरीक्षण किया और नाविकों से बातचीत कर देव दीपावली के दिन विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि कोई भी नाविक बिना लाइफ जैकेट पहने नाव का संचालन नहीं करेगा। नाव पर सवार सभी पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए भी लाइफ जैकेट की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। इसके साथ ही नाव की निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने पर रोक और सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की हिदायत दी गई।

अधिकारियों ने नाविकों को समझाया कि देव दीपावली पर गंगा में बड़ी संख्या में नावों और बजड़ों का संचालन होगा।

नारायण दिव्यांग सेवा समिति की बैठक सुनी दिव्यांगों की समस्याऐं

उत्तम भारत संवाददाता

फिरोजाबाद। नारायण दिव्यांग सेवा समिति की एक बैठक रामलीला मैदान में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार ने प्रत्येक दिव्यांगजन की बात सुनते हुए आश्वासन दिया कि दिव्यांगों के साथ किसी प्रकार का अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के हक का राशन और अन्य सुविधाएं कोई नहीं छीन सकेगा।

प्रदेश सचिव दिनेश राठौर ने पेंशन का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आठ महीने में केवल एक बार पेंशन मिली है। सरकार ने 1500 रुपये पेंशन देने का वादा किया था, लेकिन अभी 1000 रुपये ही मिल रहे हैं। महिला अध्यक्ष यमशी ने कहा कि दिव्यांग महिलाएं शिक्षित और ग्रेजुएट हैं, लेकिन सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से दिव्यांग महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई और बुनाई जैसे रोजगारपरक कार्य उपलब्ध कराने की मांग की, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। जिलाध्यक्ष विकास गुप्ता ने बताया कि तीन दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर पंजा कुश्ती, कबड्डी, दौड़, रिंग प्रतियोगिता एवं गायन सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इच्छुक दिव्यांग भाई-बहन मंडी समिति स्थित कार्यालय पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई है। बैठक में विनोद कुमार राठौर, प्रवीण, छविराम, बृजेश, राहुल, नेहा, प्रवीण बघेल, रेशमा, अनीता, ललित कुशवाहा, भगवान स्वरूप, बंटू, सुरजीत और मंजू सहित अनेक दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

धक्का मुक्की कर आटो सवार महिला से पर्स लूटा, मुकदमा दर्ज

शिकोहाबाद। एक आटो में सवार महिला से अन्य व्यक्ति ने धक्का मुक्की कर उसका पर्स नीचे गिरा दिया और उसमें रखा छोटा पर्स जिसमें 15 हजार रुपये, मोबाइल व अन्य सामान था लूट कर भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना दक्षिण के मोहल्ला सुहाग नगर निवासी राजकुमार गोस्वामी ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें कहा है कि वह अजय कुमार एडवोकेट की सीट पर टाइपिंग का काम कर परिवार का भरण पोषण कर रहा है। उसने अपनी पत्नी 12 अक्टूबर को सुबह साढ़े दस बजे सफेद रंग के टैंपो में शिकोहाबाद अपने मायके जाने के लिए बैठा दिया था। उसकी पत्नी के पास हैंड बैग था जिसमें नवजात बच्चे के कपड़े व अन्य सामान के साथ 15 हजार रुपये और एक मोबाइल भी था। शिकोहाबाद एटा चौराहे पर उतरते समय अज्ञात व्यक्ति द्वारा धक्का मुक्की करते हुए हैंड बैग गिरा दिया और उसमें से मोबाइल व रुपये व चाबियां थी लूट कर भाग गया।

जिलाधिकारी ने उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश



उत्तम भारत संवाददाता

फिरोजाबाद। कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक में जनपद के औद्योगिक विकास को गति देने, उद्यमियों की व्यवहारिक समस्याओं के त्वरित निस्तारण तथा शासन की रोजगारपरक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उद्यमियों ने जलेसर रोड स्थित यूपीसीडा औद्योगिक क्षेत्र की क्षतिग्रस्त बाउंड्री बाल की पुनः पैमाइश कराने, रिक्त आवासीय भूखंडों के शीघ्र ऑनलाइन आवंटन तथा औद्योगिक टाउनशिप के रखरखाव सड़क व पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने जैसे मुद्दों को उठाया।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने राजस्व व यूपीसीडा के अधिकारियों को समन्वय बनाकर उद्यमियों की समस्याओं को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। वहीं मेडिकल कॉलेज परिसर में संचालित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा को परिसर के बाहर चिह्नित भूमि पर स्थानांतरित करने हेतु क्षेत्रीय कार्यालय से समन्वय तेज करने के निर्देश दिए। डीएम ने उद्यमियों की उठाई समस्या ककरऊ कोठी से नवीन सिक्स लेन बाईपास तक नाला निर्माण, ककरऊ कोठी से जिला कारागार तक स्ट्रीट लाइटों की स्थापना तथा मक्खनपुर कस्बे में औद्योगिक इकाइयों तक जाने वाली क्षतिग्रस्त मार्ग के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शिकोहाबाद के माध्यम से जनपद की औद्योगिक इकाइयों में अधिक से अधिक युवाओं को अप्रेंटिस से जोड़ा जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि एवं रा कल्पना जायसवाल, उपायुक्त उद्योग संध्या, एएलसी यसवंत सिंह, सभी विभाग के एक्स ईएन आदि संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अहंकार और अत्याचार का अंत निश्चित: धनंजय महाराज



मीरजापुर, एजेंसी।

जिगना क्षेत्र के सिकरा कला गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन रविवार को आचार्य धनंजय महाराज ने कंस वध और रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

आचार्य ने कहा कि अत्याचारी कंस ने साधु-संतों का जीवन भी कठिन कर दिया था। उसने बाल्यावस्था से ही वसुदेव और देवकी की संतानों को मारने के प्रयास किए। अहंकार के कारण वह भगवान श्रीकृष्ण को पहचान नहीं पाया। युद्ध के दौरान श्रीकृष्ण ने उसे चेतावनी भी दी, लेकिन कंस अपने अहंकार में झुकने को तैयार नहीं हुआ। अंततः श्रीकृष्ण ने उसका वध कर अत्याचार का अंत किया।

रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि शिशुपाल से जबरन विवाह तय होने पर रुक्मिणी दुखी थीं। भगवान श्रीकृष्ण ने उनका हरण कर उन्हें अपनी जीवनसंगिनी बनाया। कथावाचक ने कहा कि अहंकार और अत्याचार का अंत निश्चित है। प्रेम, करुणा, सत्कार और सद्भाव जैसे गुण अपनाने वाले व्यक्ति का जीवन धन्य हो जाता है।

कैबिनेट मंत्री ने विज्ञान प्रदर्शनी के ब्रॉशर का किया विमोचन

उत्तम भारत संवाददाता

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, द्वारा 23 नवंबर को जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन अमेजिंग वर्ल्ड, सिरसागंज में प्रातः 9:30 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता के ब्रॉशर का विमोचन कैबिनेट मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग जयवीर सिंह ने किया।

उन्होंने जिला विज्ञान क्लब के कार्यों की सराहना की। जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के 100 विज्ञान मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे। तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा 15 उत्कृष्ट मॉडलों का चयन मंडल स्तर के लिए किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों



को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 5,000, 3,000 और 2,000 रुपये तथा दो विद्यार्थियों को एक-एक हजार रुपये के सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा।

हवाई हमले से बचाव का अभ्यास, पुलिस लाइन में हुई मॉक ड्रिल

सायरन बजाकर कराया ब्लैक आउट, घायलों को अस्पताल पहुंचाने और राहत-बचाव कार्यों का किया अभ्यास

उत्तम भारत संवाददाता

एटा। हवाई हमले जैसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रविवार को पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड में एयर रेड/ब्लैक आउट मॉक ड्रिल आयोजित की गई। प्रदेशव्यापी अभियान के तहत हुई इस मॉक एक्सरसाइज में पुलिस, प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और नागरिक सुरक्षा कोर के जवानों ने राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया।

मॉक ड्रिल में हवाई हमले की चेतावनी के लिए सायरन बजाने, ब्लैक आउट करने, सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने और खतरा समाप्त होने पर ऑल क्लियर सायरन बजाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही आग बुझाने, घायलों को प्राथमिक



उपचार देने, क्षतिग्रस्त स्थानों से लोगों को सुरक्षित निकालने और गंभीर घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाने का अभ्यास किया गया। जिलाधिकारी एवं नागरिक सुरक्षा विभाग की नियंत्रक एम. अरुन्मोली ने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में जन-धन की सुरक्षा के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय और त्वरित कार्रवाई जरूरी है। मॉक ड्रिल से तैयारियों का आकलन करने और कमियों को दूर करने में मदद मिलती है। उन्होंने अधिकारियों को हर परिस्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए।

एसएसपी डॉ. इलामारन ने कहा कि आपात स्थिति में पुलिस की तत्परता और अन्य विभागों के साथ तालमेल राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी बनाता है। सीएमओ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों, प्राथमिक उपचार और एंबुलेंस सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस दौरान एएसपी श्वेताभ पाण्डेय, एएसपी क्राइम सच्चिदानंद, एसडीएम अनवर राशिद फारूकी, आपदा विशेषज्ञ राणा प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारीगण, आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी और नागरिक सुरक्षा कोर के वालंटियर्स मौजूद रहे।

उत्तराखंड में हमारा और आपका कमल कमाल कर रहा है : राजनाथ सिंह

हिमालय की तरह अडिग है धामी सरकार, गंगा की धारा की तरह आगे बढ़ रहा उत्तराखंड

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसकी सरकार नहीं, बल्कि उसका संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। सत्ता में रहते हुए भी संगठन की सक्रियता और जीवंतता बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन की मजबूती, वैचारिक प्रतिबद्धता और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में हमारा और आपका कमल कमाल कर रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।



रविवार को हरिद्वार में आयोजित भाजपा की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तराखंड में भाजपा का संगठन देवदार के विशाल वृक्ष की तरह मजबूत और गहरी जड़ों वाला है। प्रदेश में लगातार दो बार भाजपा की सरकार बनना कार्यकताओं के परिश्रम और संगठन की प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए सत्ता साध्य नहीं, बल्कि जनसेवा और राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। पार्टी की विचारधारा सत्ता में रहने या विपक्ष में रहने से प्रभावित नहीं होती।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, जनकल्याणकारी नीतियों और कार्यकताओं के अथक परिश्रम से भाजपा लगातार आगे बढ़ रही है। आज देश के 20 से अधिक राज्यों में एनडीए की सरकारें होना संगठन की व्यापक स्वीकार्यता को दशार्ता है। भाजपा की वैचारिक नींव का उल्लेख करते हुए उन्होंने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं होने के संकल्प तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद को पार्टी की मूल प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि अंत्योदय के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना भाजपा का संकल्प है।

कार्यकताओं को दिए संगठन मजबूती के नौ सूत्र

राजनाथ सिंह ने अपने राजनीतिक और संगठनात्मक अनुभव के आधार पर कार्यकताओं को नौ सूत्रों पर विशेष रूप से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक और मंत्री बनने के बाद भी जनप्रतिनिधियों का संगठन से जुड़ाव और मजबूत होना चाहिए। मंडल, जिला और बूथ स्तर पर नियमित संवाद और बैठकें होनी चाहिए, ताकि प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं को संगठन से जुड़ा महसूस करे। उन्होंने कार्यकताओं को जनता के विश्वास का ध्वजवाहक बनने और आपदा, दुर्घटना अथवा संकट के समय सबसे पहले सहायता के लिए पहुंचने वाला व्यक्ति बनने की बात कही। डिजिटल युग में सोशल मीडिया को केवल प्रचार का माध्यम न मानकर जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं को समझने का प्रभावी जरिया बनाने पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक संवाद में मयार्दा और शालीनता बनाए रखनी चाहिए। विपक्ष के आरोपों का जवाब तथ्यों के आधार पर दिया जाए। युवाओं को संगठन से जोड़कर उन्हें नेतृत्व और जिम्मेदारी के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को योजनाओं की सूची के बजाय लाभार्थियों के जीवन में आए बदलावों के माध्यम से जनता तक पहुंचाया जाए।

उन्होंने कार्यकताओं से नैतिकता, अनुशासन और ईमानदारी बनाए रखने तथा संगठन की एकजुटता को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। कहा कि पद और व्यक्तिगत अपेक्षाओं से ऊपर उठकर काम करना ही एक मजबूत संगठन की पहचान है।

धामी सरकार के कार्यों की सराहना

रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में हो रहे विकास कार्यों और महत्वपूर्ण निर्णयों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हिमालय की तरह अडिग धामी सरकार के नेतृत्व में उत्तराखंड मां गंगा की धारा की तरह निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार ने विकास के साथ सांस्कृतिक पहचान, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

उन्होंने उत्तराखंड को पूर्ण साक्षर राज्य बनने, समान नागरिक संहिता लागू करने, नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून और दंगा नियंत्रण कानून जैसे निर्णयों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश और उद्योगों का विस्तार हो रहा है। स्टार्टअप की बढ़ती संख्या यह दशार्ती है कि युवा अब केवल रोजगार तलाशने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले भी बन रहे हैं।

उन्होंने अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई, सड़क और रेल कनेक्टिविटी के विस्तार तथा केदारनाथ और बदरीनाथ धाम में चल रहे विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। महिला सशक्तीकरण और सैनिकों के सम्मान के लिए उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि देहरादून के गुन्नियाल गांव में निमार्णाधीन सैन्य धाम सैनिकों के प्रति सम्मान और गौरव का प्रतीक है।

मोदी सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाएं

राजनाथ सिंह ने कार्यकताओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव आया है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में सरकार के फैसलों का उल्लेख करते हुए कहा कि कार्यकताओं को सरकार की उपलब्धियों और राष्ट्रहित में लिए गए निर्णयों की जानकारी तथ्यों के साथ जनता तक पहुंचानी चाहिए।

धामी बोले, विकास कार्यों के दम पर फिर बनाएंगे सरकार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में डबल इंजन सरकार विकास की नई इबारत लिख रही है। महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन और लखपति दीदी जैसी योजनाओं के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले नकल माफिया पर कार्रवाई के लिए कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से 35 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में नियुक्तियां दी गई हैं और नकल माफिया के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 100 से अधिक आरोपितों को जेल भेजा गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखंड इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश में 3.56 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतर चुका है। लखवाड़, सौंग, जमरानी और किसाऊ जैसी बहुउद्देशीय बांध परियोजनाओं को भी प्रदेश की जल सुरक्षा, पेयजल और ऊर्जा जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा-2026 में 65 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। केंद्र सरकार के सहयोग से सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटी और आधारभूत ढांचे का तेजी से विस्तार हो रहा है। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं और खिलाड़ियों का दैनिक भोजन भत्ता 250 रुपये से बढ़ाकर 480 रुपये किया गया है।

गंगा में छोड़े गए 10 हजार मत्स्य बीज, धामी ने किया संचयन

उत्तम भारत संवाददाता

हरिद्वार। विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार के अमरापुर घाट पर आयोजित कार्यक्रम में गंगा नदी में 10 हजार मत्स्य बीजों का संचयन किया। मत्स्य विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य गंगा की प्राकृतिक मत्स्य संपदा का संरक्षण एवं संवर्धन करने के साथ जलीय जैव विविधता को बढ़ावा देना और नदी के पारिस्थितिकीय संतुलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मां गंगा देश की आस्था, संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक होने के साथ समृद्ध जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों का महत्वपूर्ण आधार भी हैं। गंगा की निर्मलता, अविरलता और प्राकृतिक स्वरूप बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नदियों में रहने वाले जलीय जीवों और प्राकृतिक मत्स्य संपदा का संरक्षण पर्यावरणीय संतुलन के लिए बेहद जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। नदियों में उपयुक्त प्रजातियों के मत्स्य बीजों का संचयन प्राकृतिक मत्स्य संपदा को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे जलीय पारिस्थितिकी के संरक्षण के साथ मत्स्य संसाधनों के सतत विकास को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही भाजपा का संकल्प : त्रिवेंद्र सिंह रावत

उत्तम भारत संवाददाता

हरिद्वार। भाजपा की विस्तृत प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के नेतृत्व में प्रस्तुत राजनीतिक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि पिछले दस वर्षों में केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों ने जनकल्याण और विकास के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।



त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, होमस्टे योजना, मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना और आयुष्मान भारत को जनजीवन में बदलाव लाने वाली महत्वपूर्ण योजनाएं बताया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना से उत्तराखंड में 17 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। चारधाम के साथ पांचवें धाम के रूप में सैन्य धाम का निर्माण प्रदेश की सैन्य परंपरा और सैनिकों के सम्मान का प्रतीक है। सीमांत गांवों को प्रथम गांव के रूप में विकसित करने तथा स्टेट बॉर्डर डेवलपमेंट फंड से आधारभूत सुविधाएं बढ़ाने के प्रयासों से सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास की नई संभावनाएं बनी हैं। उन्होंने कहा कि छोटे राज्य में दस मेडिकल कॉलेज होना स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का प्रमाण है। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कभी देश के अंतिम गांव कहलाने वाले सीमांत गांव अब प्रथम गांव के रूप में पहचान बना रहे हैं। माणा और गूंजी जैसे क्षेत्रों में सड़क, पर्यटन और रोजगार की सुविधाएं बढ़ने से पलायन रोकने और रिवर्स माइग्रेशन को प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही वास्तविक राष्ट्र निर्माण है।

टम्टा ने रक्षा निर्यात 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक पहुंचने, नौ करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिलने और सीमांत क्षेत्रों में बीआरओ के माध्यम से सड़क निर्माण को सरकार की उपलब्धियां बताया। उन्होंने हाउस ऑफ हिमालयाज, मानसखंड-केदारखंड मंदिर माला मिशन तथा केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजनाओं का भी उल्लेख किया।

सनराइज एकेडमी में खेलकूद दिवस पर दिखा बच्चों का हुनर, उत्तराखंड की संस्कृति ने मोहा मन

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। रायपुर रोड स्थित सनराइज एकेडमी में रविवार को वार्षिक खेलकूद दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मार्चपास्ट, दौड़ प्रतियोगिताओं, योग और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा तीन और पांच के विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत उत्तराखंड की मनमोहक झांकी आकर्षण का केंद्र रही।



कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों के मार्चपास्ट से हुआ। इसके बाद विभिन्न आयु वर्गों के लिए दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों ने योगाभ्यास के जरिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का संदेश दिया। कक्षा यूकेजी, एक और दो के विद्यार्थियों ने जंगल डांस की रंगारंग प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, विद्यालय के चारों सदनों ने आकर्षक पीटी प्रदर्शन कर अनुशासन और सामूहिक तालमेल का परिचय दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओएफडी के मैनेजर विकास वर्धन और विशिष्ट अतिथि अनुभवी खिलाड़ी रविंद्र पाल सिंह मेहता उपस्थित रहे। विद्यालय की अध्यक्ष विदुषी निशंक और अधिवक्ता आर्यन देव उनियाल ने आयोजन की सराहना करते हुए विद्यार्थियों और विद्यालय परिवार को बधाई दी। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या नीतू तोमर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है।

वैश्विक शांति के लिए समरसता जरूरी: स्वामी अवधेशानंद

हरिद्वार (एजेंसी)। जन्मशताब्दी समारोह के अंतिम दिन के दूसरे सत्र के मुख्य अतिथि आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद महाराज ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य अशांति, कलह, उन्माद, अराजकता तथा प्रभुत्व और वर्चस्व की प्रवृत्तियों से जूझ रहा है।



ऐसे समय में विश्व शांति और सामाजिक समरसता की पुनर्स्थापना सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पिछले सौ वर्षों से निरंतर प्रज्वलित अखंड ज्योति केवल आध्यात्मिक साधना का प्रतीक नहीं, बल्कि मानवता को प्रकाश, सद्भाव और समरसता की दिशा देने वाली प्रेरक शक्ति है।

वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा को आद्यशक्ति का स्वरूप बताते हुए उन्होंने कहा कि उनके तप, त्याग, करुणा और मातृत्व ने गायत्री परिवार को विराट सामाजिक एवं आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने गायत्री परिवार के कार्यों को विश्वबंधुत्व, मानवीय एकता और सामाजिक समरसता की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

जन्मशताब्दी समारोह के दलनायक डॉ चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि वर्तमान समय एक बड़े वैचारिक और नैतिक समुद्र मंथन का काल है। एक ओर त्याग, सेवा, सद्भाव और परमार्थ की शक्तियां हैं, तो दूसरी ओर स्वार्थ, लोभ, अहंकार और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं मानवता के सामने चुनौती बन रही हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार समुद्र मंथन से विष के बीच अमृत की प्राप्ति हुई, उसी प्रकार आज भी श्रेष्ठ विचारों और संस्कारों से सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

भारतीय संस्कृति के मूल भाव ह्यआत्मवत सर्वभूतेषुह्ण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सभी प्राणियों में आत्मभाव देखने से ही संवेदना, सह-अस्तित्व और सामाजिक समरसता विकसित होती है। उन्होंने प्रकृति को पूजनीय धरोहर बताते हुए कहा कि वर्तमान संकटों का समाधान केवल बाहरी व्यवस्थाओं से नहीं, बल्कि विचार, भाव और आचरण के परिवर्तन से होगा। स्वार्थ से सेवा और संघर्ष से सहयोग की ओर बढ़ना ही सच्चा युग परिवर्तन है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी देवी स्वरूपा है, इसलिए नारी सम्मान और सशक्तीकरण समाज की प्रगति के लिए आवश्यक है। सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए उन्होंने ऊंच-नीच और भेदभाव की भावना समाप्त करने का आह्वान किया। महंत रवींद्र पुरी ने गायत्री परिवार के अश्वमेध यज्ञ जैसे आयोजनों को राष्ट्र जागरण और सामाजिक एकता का माध्यम बताया। युवाओं से उन्होंने तकनीक और आधुनिक विज्ञान में आगे बढ़ते हुए अपनी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत से जुड़े रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यही समन्वय भारत को विश्व नेतृत्व की दिशा में आगे ले जाएगा।

पीपलकोटी में पहाड़ी से गिरकर असम के कर्मचारी की मौत



गोपेश्वर (एजेंसी)। चमोली जिले के पीपलकोटी क्षेत्र में पहाड़ी से गिरकर एचसीसी कंपनी के एक कर्मचारी की मौत हो गई। कर्मचारी के नदी में डूबकर लापता होने की सूचना पर एसडीआरएफ ने रातभर तलाश अभियान चलाया। रविवार सुबह उसका शव बरामद हुआ। मृतक असम का रहने वाला था।

जानकारी के अनुसार, शनिवार रात जिला नियंत्रण कक्ष को सूचना मिली कि पीपलकोटी क्षेत्र में एचसीसी कंपनी का एक कर्मचारी नदी में डूबकर लापता हो गया है। सूचना पर मुख्य आरक्षी महेश ऐठानी के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने रात में नदी के आसपास संभावित स्थानों पर तलाश अभियान चलाया, लेकिन अंधेरा और कम दृश्यता के कारण सफलता नहीं मिली।

रविवार सुबह टीम ने दोबारा तलाश शुरू की। इस दौरान कर्मचारी का शव बरामद हुआ।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कर्मचारी पहाड़ी से गिर गया था और गंभीर चोट लगने के कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान असम के सोनितपुर निवासी मोहन लोहार के रूप में हुई है।

एसडीआरएफ ने शव को आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय गोपेश्वर भेज दिया है।

ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का शुभारंभ

ऋषिकेश (एजेंसी)। परमार्थ निकेतन में रविवार को विशाल नेत्र चिकित्सा एवं निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का शुभारम्भ हुआ। परमार्थ पीठाधीश्वर स्वामी चिदानन्द सरस्वती, उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल और साध्वी भगवती सरस्वती ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। शिविर के लिए अब तक 1000 से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है। इसमें देश-विदेश से आए विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं।



इस अवसर पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि आंखें ईश्वर का अनमोल उपहार हैं। इनके माध्यम से व्यक्ति प्रकृति की सुंदरता और जीवन के विभिन्न रंगों को देख पाता है। परमार्थ निकेतन की सेवा परंपरा का मूल मंत्र नर सेवा ही नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों से आए नेत्र विशेषज्ञों का गंगा तट पर मानवता की सेवा के लिए एकजुट होना वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को साकार करता है। चिकित्सा विज्ञान और मानवीय संवेदना का यह संगम अनेक लोगों के जीवन में नई आशा जगाएगा।

कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में इस तरह के शिविर जनहित में महत्वपूर्ण पहल हैं। मोतियाबिंद का समय पर उपचार होने से मरीज सामान्य जीवन में लौट सकते हैं। उन्होंने कहा कि परमार्थ निकेतन आध्यात्मिक, सामाजिक, पर्यावरणीय और मानवीय सेवा के क्षेत्र में लंबे समय से योगदान दे रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का यह प्रयास सराहनीय है। साध्वी भगवती सरस्वती ने कहा कि किसी व्यक्ति को दृष्टि मिलना केवल उसकी आंखों का उपचार नहीं, बल्कि पूरे परिवार के जीवन में खुशियां लौटाने जैसा है। जब कोई बुजुर्ग दोबारा अपने परिवार को स्पष्ट देख पाता है या कोई जरूरतमंद बिना सहारे अपने दैनिक कार्य कर पाता है, तभी चिकित्सा सेवा का वास्तविक अर्थ सामने आता है।

उन्होंने शिविर में सेवाएं देने पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सकों का आभार जताया। शिविर में नेत्र शल्य चिकित्सकों, नेत्र रोग विशेषज्ञों, एनेस्थीसियोलॉजिस्ट और ऑप्टोमेट्रिस्ट सहित विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के विशेषज्ञों की टीम सेवाएं दे रही है। आयोजन में भारत सहित विभिन्न देशों से आए चिकित्सकों और स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। परमार्थ निकेतन की ओर से पिछले 23 वर्षों से लगातार आयोजित किए जा रहे इस शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा उपलब्ध कराना है। शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों की जांच और निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

महिला सुरक्षा और सम्मान का संदेश लेकर 210 लोगों ने निकाली साइलेंट वॉकथॉन



हरिद्वार (एजेंसी)। महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन, सुरक्षा, सम्मान और समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को जागृति विमेन्स कॉन्फ्रेंस हरिद्वार सोसायटी की ओर से साइलेंट वॉकथॉन का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय महिला सम्मेलन के शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में केयर कॉलेज, डिवाइन कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के विद्यार्थियों, संस्था के सदस्यों और गणमान्य नागरिकों सहित 210 लोगों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह श्री भगवान दास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, शंकर आश्रम चौक में हुआ। मुख्य अतिथि एसपी जीआरपी अरुणा भारती ने कहा कि लड़कियों और महिलाओं को मानसिक, वैचारिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनना होगा। घर से बाहर निकलते समय यह संकल्प लेना चाहिए कि न किसी को प्रताड़ित करेंगे और न ही स्वयं अत्याचार सहन करेंगे। महिलाओं को पुलिस हेल्पलाइन और महिला सुरक्षा से जुड़े मोबाइल ऐप की जानकारी रखनी चाहिए। अनावश्यक रूप से मोबाइल और धारावाहिकों पर समय बिताने के बजाय आत्मसुरक्षा और आत्मविकास पर ध्यान देना चाहिए। संस्था की संरक्षिका मंजुला भगत ने अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की गौरवशाली विरासत पर प्रकाश डाला। उच्च न्यायालय के अधिवक्ता ललित मिगलानी ने कहा कि महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा गंभीर विषय है, साथ ही पुरुषों के सामने आने वाली प्रताड़ना पर भी संवेदनशीलता से विचार होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशिमा श्रवण ने किया। सचिव डॉ. करुणा शर्मा ने अतिथियों और संस्थानों का आभार जताया। इसके बाद हरी झंडी दिखाकर वॉकथॉन रवाना किया गया। प्रतिभागियों ने शांति और अनुशासन के साथ महिला सुरक्षा और हिंसामुक्त समाज का संदेश दिया। आयोजकों ने कहा कि वॉकथॉन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक महिला सुरक्षा, आत्मसम्मान और समानता का संदेश पहुंचाना था।

मध्यप्रदेश ने 20,079 मेगावाट की रिकॉर्ड बिजली मांग पूरी की

भोपाल (एजेंसी)। मध्यप्रदेश ने शनिवार को 20,079 मेगावाट बिजली मांग पूरी करते हुए अब तक की सर्वाधिक आपूर्ति का नया रिकॉर्ड बनाया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



अधिकारियों ने बताया कि बिजली की अधिकतम मांग सुबह नौ बजकर 38 मिनट पर दर्ज की गई। इस दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण कंपनियों ने आपसी समन्वय से काम किया। राज्य ने एक दिन पहले ही 19,895 मेगावाट के अपने पिछले मौसमी रिकॉर्ड को पार किया था। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के राज्य भार प्रेषण केंद्र (एसएलडीसी) के मुख्य अभियंता राजेश गुप्ता ने बताया कि अधिकतम मांग के दौरान जबलपुर, सागर और रीवा संभागों में बिजली आपूर्ति करने वाली मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 4,993 मेगावाट की मांग दर्ज की। उन्होंने बताया कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के भोपाल और ग्वालियर संभाग में 6,431 मेगावाट, जबकि पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के इंदौर तथा उज्जैन संभाग में 8,186 मेगावाट की मांग रही। गुप्ता ने बताया कि विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) और रेलवे क्षेत्र की बिजली मांग 469 मेगावाट दर्ज की गई।

एमपी ट्रांसको के जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत ओझा ने बताया कि रिकॉर्ड मांग पूरी करने के लिए राज्य ने ताप विद्युत संयंत्रों से 3,452 मेगावाट, जल विद्युत संयंत्रों से 1,054 मेगावाट और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 1,637 मेगावाट बिजली ली।

महिंद्रा एलएमएम की 18 महीने में आईपीओ लाने की तैयारी: चेयरमैन

नई दिल्ली। महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड वृद्धि के अपने अगले चरण के वित्तपोषण के लिए करीब 18 महीने में शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की तैयारी कर रही है। इसके तहत कंपनी नए उत्पाद खंडों में विस्तार और उत्पादन क्षमता बढ़ाने की योजना बना रही है, साथ ही वह विदेशी बाजारों में संभावित अवसरों की भी तलाश कर रही है। कंपनी के चेयरमैन राजेश जेजुरिकर ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी का मूल्यांकन पहले ही करीब एक अरब अमेरिकी डॉलर है। इसमें दो निवेशक जुड़े हुए हैं।

लागत के दबाव के चलते मारुति सुजुकी ने चुनिंदा मॉडल के दाम बढ़ाए

नई दिल्ली (एजेंसी)। मारुति सुजुकी इंडिया ने लागत के लगातार बने हुए दबाव का हवाला देते हुए रविवार से अपने चुनिंदा वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की है।

यह बढ़ोतरी ऐसे समय में की गई, जब लागत कम करने के प्रयासों के बावजूद वाहन विनिमार्ता कंपनी को ऊंची कीमतों के दबाव का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने कहा कि वह बढ़ी हुई लागत का केवल एक हिस्सा ग्राहकों पर डालेगी।

मारुति सुजुकी ने शेयर बाजार को बताया, "लागत के लगातार बने हुए दबाव को देखते हुए कंपनी ने 22 नवंबर, 2026 से चुनिंदा मॉडल की कीमतें बढ़ाने का फैसला किया है।"बिक्री की मात्रा के आधार पर कीमतों में अनुमानित औसत बढ़ोतरी लगभग 0.31 प्रतिशत है।

कंपनी ने कहा कि लागत घटाने के लगातार प्रयासों के बावजूद मौजूदा दबाव के चलते बढ़ी हुई लागत का एक हिस्सा बाजार पर डालना जरूरी हो गया है, हालांकि ग्राहकों पर इसका असर कम से कम रखने की कोशिश की गई है। ताजा मूल्य वृद्धि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में तीन बार की गई बढ़ोतरी के बाद आई है, जो कुल मिलाकर एक प्रतिशत से कुछ अधिक थी। पश्चिम एशिया संकट के चलते कच्चे माल की ऊंची लागत ने कंपनी की कमाई पर दबाव डाला। कंपनी ने विपणन खर्च को सीमित करने सहित कई कदमों से लागत को नियंत्रित भी किया। दूसरी तिमाही के नतीजों के बाद निवेशकों के साथ बातचीत में प्रबंधन ने संकेत दिया था कि दूसरी छमाही में कीमतों को लेकर संतुलित कदम उठाए जाएंगे।

अक्टूबर में भारत का तेल, गैस आयात बिल 60 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत का तेल एवं गैस आयात बिल अक्टूबर में 60 प्रतिशत बढ़कर 16 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। पेट्रोलियम मंत्रालय के तहत आने वाले पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

ब्रेंट कच्चे तेल की औसत कीमत सालाना आधार पर लगभग दोगुनी होकर 124.77 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचने के चलते आयात बिल बढ़ा। अक्टूबर 2025 में शुद्ध आयात बिल 10 अरब डॉलर था।

हालांकि, मात्रा के हिसाब से कच्चे तेल का आयात केवल 11 प्रतिशत बढ़कर 2.33 करोड़ टन रहा। तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात पर 1.3 अरब डॉलर खर्च हुए, जबकि पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात से 6.3 अरब डॉलर की कमाई हुई।

ब्रेंट कच्चे तेल की औसत कीमत सितंबर में 116.77 डॉलर और अक्टूबर 2025 में 64.75 डॉलर प्रति बैरल थी। अक्टूबर में भारतीय बास्केट के कच्चे तेल की औसत कीमत 119.91 डॉलर प्रति बैरल रही, जो एक साल पहले 65.08 डॉलर थी।

अप्रैल-अक्टूबर के दौरान शुद्ध आयात बिल बढ़कर 97.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो एक साल पहले



इसी अवधि में 70.3 अरब डॉलर था। इस दौरान मात्रा के हिसाब से कच्चे तेल का आयात 2.7 प्रतिशत बढ़ा, लेकिन इस पर 111 अरब डॉलर खर्च हुए, जबकि एक साल पहले यह खर्च 72.3 अरब डॉलर था।

पीपीएसी के आंकड़ों के अनुसार तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की खपत अक्टूबर में 12.3 प्रतिशत और अप्रैल-अक्टूबर के दौरान 15.1 प्रतिशत घट गई। एक नवंबर को सक्रिय घरेलू एलपीजी ग्राहकों की संख्या 32.6 करोड़ रही, जो एक अप्रैल के 33.4 करोड़ से कम है। सरकारी कंपनियों की घरेलू एलपीजी बिक्री अक्टूबर में 11.8 प्रतिशत और थोक एलपीजी बिक्री 49.1 प्रतिशत कम हुई। हालांकि, ऑटो एलपीजी की बिक्री में 23.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

रिलायंस ब्रांड्स का राजस्व 3.8 प्रतिशत बढ़कर 3,390.9 करोड़ रुपये, घाटा कम हुआ

नई दिल्ली (एजेंसी)। रिलायंस ब्रांड्स का वित्त वर्ष 2025-26 में राजस्व 3.77 प्रतिशत बढ़कर 3,390.89 करोड़ रुपये हो गया है और कंपनी का घाटा कम होकर 137.04 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी पंजीयक (आरओसी) के पास दाखिल दस्तावेजों से यह जानकारी मिली है। देश की प्रमुख खुदरा कंपनी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) की अनुषंगी कंपनी रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड



(आरबीएल) रणनीतिक साझेदारी, ब्रांड स्वामित्व और खुदरा परिचालन के जरिये भारतीय बाजार में वैश्विक फैशन और जीवनशैली ब्रांडों का कारोबार करती है।

कारोबारी सूचना मंच 'टॉफ्लर' से मिले वित्तीय आंकड़ों के अनुसार आरबीएल ने वित्त वर्ष 2024-25 में परिचालन से 3,267.66 करोड़ रुपये का राजस्व और 237.12 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था।

आरबीएल ने कहा, "विवेकाधीन उपभोग क्षेत्र में काम करते हुए कंपनी भारत में एक संपन्न ग्राहक वर्ग की जरूरतों को पूरा करती है, जिसमें अनुमानित 1.2 से 1.5 करोड़ उपभोक्ता शामिल हैं। कंपनी ने खुद को प्रमुख वैश्विक ब्रांडों के लिए पसंदीदा साझेदार के रूप में स्थापित किया है।"

भारत और कनाडा के बीच व्यापार समझौते को लेकर छठे दौर की वार्ता पूरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और कनाडा ने व्यापार एवं निवेश के नए अवसर खोलने तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के मकसद से प्रस्तावित व्यापार समझौते पर चर्चा का छठा दौर पूरा कर लिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि 10 दिन तक चली यह वार्ता 20 नवंबर को संपन्न हुई। इसमें वस्तुओं के व्यापार, सेवाओं के व्यापार, मूल स्थान के नियम, व्यापार उपचार, बौद्धिक संपदा और निवेश प्रोत्साहन सहित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने प्रस्तावित व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर वार्ता की प्रगति की समीक्षा के लिए कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार उपमंत्री ग्लोरिया पर्वेस और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। मंत्रालय ने कहा, ह्यद्वदोनों पक्षों ने ऐसे महत्वाकांक्षी, संतुलित और व्यावसायिक रूप से सार्थक समझौते को अंतिम रूप देने की अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई।

भारत में 2035 तक लगेंगे 20 करोड़ एसी, वैश्विक ऊर्जा मांग का नया केंद्र बना शीतलनः आईईए

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में अगले एक दशक के दौरान घरों में 20 करोड़ और एयर कंडीशनर (एसी) लगने की उम्मीद है, जिससे यह वैश्विक ऊर्जा मांग में बढ़ोतरी का सबसे बड़ा कारण बन जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने अपनी 'वर्ल्ड एनर्जी आउटलुक 2026' रिपोर्ट में यह बात कही। एजेंसी ने कहा कि दुनिया भर में मौजूद कुल एयर कंडीशनर में भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया की हिस्सेदारी "आज के 10 प्रतिशत से कम से बढ़कर 2035 तक 20 प्रतिशत हो जाएगी।" आईईए ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया में शीतलन की भारी जरूरत के बावजूद पांच में एक से भी कम घरों में एसी है।



इसकी तुलना में ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के करीब 90 प्रतिशत घरों में कम से कम एक एसी है।

आईईए ने कहा कि ऊर्जा के इतिहास में पहली बार इमारतों को ठंडा रखने की मांग उन्हें गर्म रखने की मांग से आगे निकल रही है। आईईए के मुताबिक अगले दशक में भारत की बिजली मांग सालाना छह प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है, जो किसी भी प्रमुख क्षेत्र में सबसे तेज है। कुल ऊर्जा मांग सालाना 2.5 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, जो वैश्विक दर से तीन गुना है।

गुजरात, पंजाब और हरियाणा के बीच माल ढुलाई बढ़ाने के लिए रेलवे और सीडब्ल्यूसी की बैठक

चंडीगढ़ (एजेंसी)। अहमदाबाद, अंबाला और फिरोजपुर रेलवे मंडलों ने केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी) के साथ मिलकर गुजरात, पंजाब और हरियाणा के बीच माल ढुलाई बढ़ाने और व्यापार को मजबूत करने के तरीके तलाशने के लिए यहां एक व्यापार बैठक का आयोजन किया।

रेलवे, सीडब्ल्यूसी और कारोबारी समुदाय के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को यहां आयोजित 'ट्रेड मीट 2026' का विषय 'सुरक्षित भंडारण, स्मार्ट परिवहन, साथ मिलकर प्रगति' रखा गया था।

इस कार्यक्रम में किसानों, व्यापारियों, चावल मिल मालिकों, उद्योगपतियों,



निर्यातकों, ट्रांसपोर्टरों और लॉजिस्टिक सेवा प्रदाताओं ने भी हिस्सा लिया। अहमदाबाद के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वेद प्रकाश ने कहा कि भारतीय रेलवे केवल माल ढुलाई का साधन नहीं है, बल्कि किसानों, व्यापारियों, उद्योगों और निर्यातकों की प्रगति में एक भरोसेमंद भागीदार भी है। उन्होंने दोतरफा माल ढुलाई की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाने चाहिए कि पंजाब और हरियाणा से चावल, आलू और अन्य कृषि उपज लेकर गुजरात जाने वाली मालगाड़ियां वापसी में लकड़ी, नमक, उर्वरक, औद्योगिक सामान और आयातित वस्तुएं भी लेकर आएं।

मनोरंजन

शाहरुख खान के सामने छलका 26/11 हमले की गवाह देविका रोटावन का दर्द

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने ग्लोबल पीस ऑनर्स 2026 के दौरान 26/11 मुंबई आतंकी हमले की सबसे कम उम्र की जीवित गवाहों में शामिल देविका रोटावन से खास बातचीत की। इस दौरान अभिनेता ने देविका से उस हिम्मत के बारे में पूछा, जिसकी बदौलत उन्होंने महज 9 साल की उम्र में आतंकी अजमल कसाब के खिलाफ अदालत में गवाही दी थी।



शाहरुख ने उनसे जानना चाहा कि इतनी छोटी उम्र में उन्होंने किस तरह खुद को संभाला और सबके सामने सच बोलने का साहस जुटाया। बातचीत के दौरान शाहरुख ने देविका से पूछा, 9 साल की उम्र में, इतनी छोटी उम्र में आपको गवाही देने के लिए अदालत बुलाया गया और आपने गवाही भी दी। मैं व्यक्तिगत तौर पर जानना चाहता हूं कि उस उम्र में आपके अंदर इतनी हिम्मत कहां से आई कि आप अदालत गईं और सबके सामने गवाही दीं? आपकी कहानी से हमें भी हिम्मत मिलेगी।

इस सवाल के जवाब में देविका ने उस समय को याद किया, जब अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह अपने परिवार के साथ राजस्थान स्थित गांव लौट गई थीं। कुछ समय बाद मुंबई क्राइम ब्रांच की ओर से उनके परिवार को फोन आया और अदालत में आकर गवाही देने के लिए कहा गया। देविका ने बताया कि उनके पिता ने दोनों आर्तकियों को देखा था, जबकि उन्होंने अजमल कसाब को अपनी आंखों से देखा था। ऐसे में परिवार ने अदालत में गवाही देने के लिए हामी भर दी। देविका ने कहा, जब मुझे अस्पताल से छुट्टी मिली तो मैं राजस्थान के अपने गांव चली गई थी। कुछ समय बाद मुंबई क्राइम ब्रांच से फोन आया। उन्होंने पूछा कि क्या आप अदालत आकर गवाही देंगी? हमने कहा कि हम तैयार हैं। मेरे पिता ने दोनों आर्तकियों को देखा था और मैंने कसाब को देखा था।

देविका ने अपनी हिम्मत का श्रेय पिता को दिया।

जॉन अब्राहम संग 22 साल पुरानी तस्वीर शेयर कर भावुक हुए हर्षवर्धन राणे

मुंबई (एजेंसी)। एक्टर हर्षवर्धन राणे ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपनी फिल्म ह्यफोर्स 3ह्ल के को-स्टार जॉन अब्राहम के साथ 22 साल पुरानी एक तस्वीर शेयर की है। सनम तेरी ह्ल के एक्टर इस पुरानी तस्वीर में जॉन के साथ पोज देते हुए बिल्कुल अलग दिख रहे हैं, जिन्हें पहचानना भी मुश्किल है।



हर्षवर्धन ने अपनी उंगली पर एक नया टैटू भी बनवाया है, जिस पर लिखा है, यू विल गेट इट स्लोली (तुम्हें यह धीरे-धीरे समझ में आ जाएगा)। शनिवार को उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर इस नए टैटू की एक तस्वीर शेयर की, जिसके कैप्शन में लिखा, उन्होंने धीरे से कहा था अपने अंदर की उस छोटी सी आवाज पर भरोसा रखो, तुम्हें सब धीरे-धीरे समझ में आ जाएगा।

इसके बाद उन्होंने 2 दिन पहले की अपनी एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वे बीच (समुद्र किनारे) पर टहलते हुए नजर आ रहे हैं। इस एल्बम की आखिरी तस्वीर हर्षवर्धन के बचपन की है, जो 32 साल पुरानी है। इससे फैंस को उनके अब तक के लंबे सफर की एक झलक देखने को मिलती है। फोर्स 3 में जॉन अब्राहम और तान्या मानिकतला मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्देशन भव धूलिया कर रहे हैं, जो खाकीः द बिहार चैप्टर और द फ्रीलांसर जैसे प्रोजेक्ट्स के लिए जाने जाते हैं। इस पॉपुलर फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट में जॉन एक बार फिर एसीपी यशवर्धन सिंह के किरदार में नजर आएंगे। जॉन अब्राहम के प्रोडक्शन हाउस जेए एंटरटेनमेंट और शील कुमार की कैरोलिना कॉर्पोरेशन द्वारा प्रोड्यूस की जा रही फोर्स 3 के 19 मार्च, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होने की उम्मीद है। इस बीच, हर्षवर्धन को हाल ही में प्रोड्यूसर दीपक मुकुट की तरफ से एक शानदार रेंज रोवर कार गिफ्ट में मिली है।

अभिनेता अजित कुमार ने पत्नी संग म्यूजिक प्यार और लॉन्ग ड्राइव का लिया मजा

चेन्नई (एजेंसी)। अभिनेता अजित कुमार ने अपनी पत्नी शालिनी अजित कुमार के साथ एक मजेदार ड्राइव का आनंद लिया। इस दौरान दोनों ने कुछ बेहतरीन गानों पर खूब मस्ती की। शालिनी ने शनिवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर उनके साथ बिताए गए अच्छे पलों का एक वीडियो शेयर किया। वलीमई फिल्म के अभिनेता अजित गाड़ी चला रहे थे, जबकि शालिनी उनके बगल वाली सीट पर बैठी थीं।



अजित खुद सोशल मीडिया पर नहीं हैं, लेकिन शालिनी अक्सर थुनिवु अभिनेता के ऐसे खास और दुर्लभ पल फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। पिछले हफ्ते, उन्होंने एक तस्वीर शेयर की थी जिसमें अजित अपने बेटे आद्विक को गले लगाए हुए नजर आ रहे थे। अजित ने अपने बेटे को स्कूल से पिक करके उसे एक प्यारा सा सरप्राइज दिया। पिता-बेटे की इस जोड़ी की तस्वीर को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट करते हुए शालिनी ने लिखा, स्कूल से सरप्राइज पिक-अप !!!अजित के काम की बात करें तो, वह फिलहाल निर्देशक अधिक रविचंद्रन की अगली फिल्म डेयर डेविल में व्यस्त हैं। ब्रेव हार्ट्स प्रोडक्शन के बैनर तले शालिनी द्वारा प्रोड्यूस की जा रही इस फिल्म की शूटिंग इस साल 2 नवंबर से शुरू हो गई है। अपने जन्मदिन से एक दिन पहले, युवा निर्देशक (जो अजित के बहुत बड़े फैन माने जाते हैं) ने अपना उत्साह जाहिर करते हुए एक पोस्ट में लिखा, ह्लमेरे सर की तरफ से मुझे जन्मदिन का एडवांस गिफ्ट। जी हां, हम 2 नवंबर से काम शुरू कर रहे हैं। एके सर की डेयर डेविल फिल्म की टेक्निकल टीम की बात करें तो, इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में संगीत मशहूर कंपोजर अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है। फिल्म का कैमरा वर्क अधिक रविचंद्रन के भरोसेमंद कैमरामैन अभिनंदन रामानुजम संभाल रहे हैं।

खेल

मैं न्यूजीलैंड में शतक बनाना चाहता थाः ऋषभ पंत

वेलिंगटन (एजेंसी)। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट मैच के चौथे दिन बेहतरीन शतक लगाया। टेस्ट क्रिकेट में पंत का यह 9वां शतक था और इस शतक के साथ ही वह सेना (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में शतक लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए। बाएं हाथ के बल्लेबाज पंत अपनी शतकीय पारी से खुश नजर आए। दिन का खेल समाप्त होने के बाद पंत ने कहा, मुझे लगता है कि यह निश्चित रूप से एक अच्छा शतक था। न्यूजीलैंड एक ऐसी जगह थी, जहां मैं पक्का उस शतक पर नजर गड़ाए हुए था।



मैंने यह पक्का किया कि इस तरह के विकेट पर, जहां आपको मेहनत करनी पड़ती है और हर कोई अच्छी बैटिंग कर रहा होता है, मैं बस वहां ज्यादा से ज्यादा देर तक टिकना चाहता था और अपना प्रभाव डालना चाहता था। पंत ने कहा, मैं ज्यादातर समय गेंदबाज के दिमाग से खेलने की कोशिश करता हूं, लेकिन ज्यादातर समय सिंपल रखता हूं। जब भी मुझे गेंद दिखती है, मैं उसे हिट करने की कोशिश करता हूं। मुझे लगता है कि अगर यह मेरे एरिया में है, तो मैं इसे पक्का हिट करने की कोशिश करूंगा। मैं जब भी शतक बनाने की कोशिश करता हूं, तो छक्का मारकर इसे पूरा करने की कोशिश करता हूं। इस वजह से, मैं कई शतक भी चूक गया हूं। मैं इंतजार कर रहा था। सही मौका आने पर मैंने शॉट लगाया।

अपनी शतकीय पारी के दौरान पंत ने 6 छक्के लगाए और टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रेंडन मैकुलम को पीछे छोड़ते हुए दूसरे स्थान पर आ गए।

वेलिंगटन टेस्ट में भारत की पकड़ मजबूत न्यूजीलैंड पर बड़ी हार का खतरा

वेलिंगटन (एजेंसी)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच बेसिन रिजर्व में खेले जा रहे टेस्ट मैच का चौथा दिन समाप्त हो गया है। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में शुरूआती 2 झटके देकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

न्यूजीलैंड ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने के समय 2 विकेट के नुकसान पर 119 रन बना लिए थे। दूसरी पारी में भी न्यूजीलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही। पारी की शुरूआत करने आए कप्तान और सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम शून्य के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद डेवन कोनवे ने पहली पारी के शतकवीर हेनरी निकोलस के साथ दूसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। निकोलस पहली पारी की तरह दूसरी पारी को लंबी नहीं कर सके और 31 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए रचिन रवींद्र आए। रवींद्र और कोनवे ने दिन के शेष ओवर सुरक्षित निकाल लिए। दोनों 59 रन की साझेदारी कर चुके हैं। कोनवे



137 गेंदों पर 59 और रवींद्र 72 गेंदों पर 27 रन बनाकर खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड भारत की पहली पारी के स्कोर से अभी भी 233 रन पीछे है। टेस्ट का पांचवां और आखिरी दिन रोमांचक होगा। भारतीय टीम जहां जल्दी 8 विकेट लेने के इरादे से उतरेगी, वहीं कीवी टीम की सोच मैच को ड्रॉ कराने की होगी। इससे पहले, भारत ने अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 720 रन बनाकर घोषित की थी।

सैंडपेपरगेट मामला क्रोनिए मैच-फिक्सिंग स्कैंडल से भी बड़ाः जेफ्री बॉयकॉट

लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज सर जेफ्री बॉयकॉट ने 2018 में केप टाउन में ऑस्ट्रेलिया से जुड़े बॉल-टैम्परिंग मामले को क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कैंडल बताया है। उन्होंने कहा कि यह हैंसी क्रोनिए मैच-फिक्सिंग मामले से भी बड़ा है।



बॉयकॉट ने अपने एक लेख में लिखा, ह्लसैंडपेपर स्कैंडल हैंसी क्रोनिए के मैच-फिक्सिंग से भी बड़ा है, जिसने 25 साल से भी पहले साउथ अफ्रीकी क्रिकेट को तहस-नहस कर दिया था। यह क्रिकेट में मैंने जो कुछ भी पढ़ा या देखा है, उससे भी बड़ा है। पूरी टीम चीटिंग कर रही थी। क्रोनिए के अपराधों में मुख्य रूप से कुछ जूनियर खिलाड़ियों–हर्शल गिब्स और हेनरी विलियम्स–को अपनी स्कीम में शामिल करना था। बाकी टीम और कोच को कोई आइडिया नहीं था। लेकिन सैंडपेपर में पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम शामिल थी। टीम और कोच सभी इसमें डूबे हुए थे, एक साथ चीटिंग करने की साजिश और प्लानिंग कर रहे थे। इस मामले में तीन खिलाड़ियों पर इल्जाम लगाया गया। यह दिमाग हिला देने वाला और यकीन न करने लायक है कि वे सब इसके साथ कैसे चले गए। यह इतना बड़ा है।

रूसी हमले में कीव क्षेत्र की इमारत का हिस्सा ढहा

14 लोग लापता

कीव, एजेंसी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि रूस के ड्रोन हमले के बाद एक पांच मंजिला इमारत का एक हिस्सा ढह गया। कीव क्षेत्र के डायमर में रविवार सुबह से खोज और बचाव अभियान जारी है। रूस के ड्रोन हमले के बाद एक पांच मंजिला इमारत का एक हिस्सा ढह गया।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी देते हुए बताया कि राहत और बचाव दल ने तेजी से काम करते हुए अब तक नौ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है और आग पर भी काबू पा लिया गया है। हालांकि, मलबे के नीचे अभी भी लोगों के फंसे होने की आशंका है। फिलहाल 14 लोग लापता बताए जा रहे हैं और उनकी तलाश जारी है। घटना स्थल पर सभी जरूरी आपातकालीन सेवाएं तैनात हैं। इस बीच, जापोरिजिया में भी रूस की ओर से रिहायशी इमारतों पर किए गए गाइडेड एयर बम हमले में एक बच्चा घायल हो गया।

मलबे में दबे होने की आशंका

यूक्रेनी राष्ट्रपति का कहना है कि इस सप्ताह देश के 20 क्षेत्रों पर रूसी हमले हुए हैं। इन हमलों में रूस ने करीब 2,700 ड्रोन, लगभग 1,460 हवाई बम और 165 अलग-अलग प्रकार की मिसाइलें दागीं। दावा है कि इनमें बड़ी संख्या में बैलिस्टिक मिसाइलें भी शामिल थीं, जिनमें उत्तर कोरिया की मिसाइलें भी थीं। उनका आरोप है कि रूस लगातार उत्तर कोरिया को इन मिसाइलों की तकनीक बेहतर बनाने में मदद कर रहा है, ताकि उनकी सटीकता बढ़ाई जा सके।

यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि ऐसे हालात में देश को एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल इंटरसेप्टर मिलने में हो रही देरी को समझना मुश्किल है। देश ने अपनी हवाई सुरक्षा को और मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया है।

यूक्रेन ने विशेष रूप से अमेरिका से अपील की है कि वह पेट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम के लिए उन मिसाइलों के हस्तांतरण की अनुमति दे, जिनका भुगतान उसके सहयोगी देश पहले ही पर्ल कार्यक्रम के तहत कर चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पर्ल कार्यक्रम में सहयोग जारी रहना बहुत जरूरी है, क्योंकि यही उसके लिए एंटी-बैलिस्टिक इंटरसेप्टर प्राप्त करने का प्रमुख स्रोत है। यूक्रेनी अधिकारियों ने उन सभी देशों और साझेदारों का धन्यवाद किया, जिन्होंने उसकी सुरक्षा और रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में सहायता की है।



प्रोजेक्ट चीता को बड़ी सफलता, बोत्सवाना की मादा चीता ने 4 शावकों को दिया जन्म



उत्तम भारत न्यूज डेस्क

भारत में प्रोजेक्ट चीता को बड़ी सफलता मिली है। बोत्सवाना से लाई गई ढाई साल की मादा चीता कोम्प 3 ने जंगल में चार शावकों को जन्म दिया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसे भारत में चीतों की व्यवहार्य आबादी फिर से स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि कोम्प बोत्सवाना से लाई गई पहली मादा चीता है, जिसने भारत में शावकों को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट चीता के लिए ऐतिहासिक क्षण है और देश में चीतों की आबादी को फिर से स्थापित करने के प्रयासों को मजबूती देता है। मंत्री के मुताबिक, कोम्प चार महीने से अधिक समय से जंगल में रह रही थी। इसी दौरान उसने प्राकृतिक परिस्थितियों में चार स्वस्थ शावकों को जन्म दिया।

भूपेंद्र यादव ने बताया कि वर्ष 2022 में चीता पुनर्वास कार्यक्रम शुरू होने के बाद जंगल में शावकों के जन्म का यह दूसरा दर्ज मामला है।

उन्होंने कहा कि हर ऐसा जन्म संरक्षण के प्रयासों में उम्मीद बढ़ाता है और धैर्य, निरंतर प्रयास तथा सामूहिक भागीदारी के महत्व को दशार्ता है।

भारत में चीतों की संख्या बढ़कर 62 हुई

चार नए शावकों के जन्म के साथ भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 62 हो गई है। इनमें 43 भारत में जन्मे चीते शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने प्रोजेक्ट चीता की सफलता में योगदान देने वाले परियोजना प्रबंधकों, पशु चिकित्सकों, अग्रिम पंक्ति के वनकर्मियों और अन्य कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के पीछे इन सभी लोगों की लगातार मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता है।

दिलजीत दोसांझ ने अपने गानों पर प्रतिबंध को लेकर सवाल उठाया



नई दिल्ली,एजेंसी। *गायक एवं अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने उनके गीतों पर प्रतिबंध लगाए जाने लेकिन विदेशी कलाकारों को बिना किसी पाबंदी के गाने की अनुमति दिए जाने को दोहरा मानदंड बताते हुए इसकी निंदा की। दोसांझ ने अपने ओरा इंडिया टूर के तहत शनिवार को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में प्रस्तुति दी। उनके कार्यक्रम से पहले अहमदाबाद की जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) ने शराब, नशीले पदार्थों और बंदूक संस्कृति को कथित तौर पर बढ़ावा देने वाले कुछ गीतों को गाने पर प्रतिबंध लगाए जाने का अनुरोध किया था। दोसांझ ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह अपने संगीत कार्यक्रम के दौरान दर्शकों को संबोधित करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले साल 2025 में जब कोल्डप्ले बैंड यहां आया था और उसने प्रस्तुति दी थी, तो मैंने उसी दिन तय कर लिया था कि मैं यहां प्रस्तुति देना चाहता हूं लेकिन मैं आपको एक बात बता दूं। जब कोल्डप्ले गाता है, 'आई एम फीलिंग ड्रंक एंड हाई', तो किसी को कोई समस्या नहीं होती। मुझे वह गाना पसंद है। जब कोल्डप्ले यहां आकर इसे गाता है, तो किसी को कोई दिक्कत नहीं होती। उन्होंने कहा, ..जब दिलजीत ऐसा करता है, तो समस्या हो जाती है। ये दोहरे मानदंड क्यों हैं? अगर कोई कलाकार विदेश से आकर गाता है, तो किसी को कोई दिक्कत नहीं होती लेकिन लोगों को दिलजीत से समस्या है।*

लाहौर फिर बना दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर, AQI 500 के पार

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान का लाहौर एक बार फिर रविवार को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर दर्ज किया गया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 500 से ऊपर पहुंच गया, जो बेहद खतरनाक स्तर माना जाता है।



पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक, रविवार सुबह 9 बजे से 10 बजे के बीच लाहौर का एक्यूआई 537 रिकॉर्ड किया गया। इस स्तर की हवा को बेहद खतरनाक श्रेणी में रखा जाता है। लाहौर के अलावा पंजाब प्रांत के कई अन्य शहर भी पाकिस्तान के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शामिल रहे।

स्विस एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग संस्था आईक्यूएयर के अनुसार, लाहौर के अलावा पंजाब प्रांत के अन्य शहर भी पाकिस्तान के शीर्ष 10 सबसे प्रदूषित शहरी केंद्रों में शामिल हैं। इनमें सरगोधा (392), फैसलाबाद (338), गुजरांवाला (347), सियालकोट (181) और बहावलपुर (536) शामिल हैं।

पिछले कुछ दिनों से लाहौर लगातार दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल रहा है। शनिवार को यहां एक्यूआई 266 दर्ज किया गया था, जबकि शुक्रवार को यह 465 तक पहुंच गया था।

पंजाब पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा प्रदूषण फैलाने वाले स्रोतों, खासकर नियमों का पालन न करने वाली ईंट भट्ठों के खिलाफ कार्रवाई के बावजूद हवा की गुणवत्ता लगातार खराब होती जा रही है।

1 जनवरी से 18 नवंबर तक अधिकारियों ने पंजाब में 84,370 ईंट भट्ठों की जांच की। इस दौरान इस दौरान 1,429 इकाइयों को ध्वस्त किया गया, 968 को सील किया गया और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 1,248 एफआईआर दर्ज की गईं। ह्यूमनह्ल की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने 178 मिलियन पाकिस्तानी रुपए (पीकेआर) का जुमार्ना भी लगाया है। पिछले महीने पाकिस्तान एयर क्वालिटी इनिशिएटिव (पीएक्यूआई) की एक रिपोर्ट में बताया गया कि वायु प्रदूषण के कारण पाकिस्तान में लोगों की औसत जीवन प्रत्याशा लगभग 3.9 वर्ष कम हो रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, हर साल करीब 1.28 लाख लोगों की समय से पहले मौत प्रदूषण से जुड़ी समस्याओं के कारण होती है।

रिपोर्ट में कहा गया कि वायु प्रदूषण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर बड़ा बोझ डाल रहा है और इसकी लागत देश की जीडीपी का लगभग 6.5 प्रतिशत है।

अनवेलिंग पाकिस्तान एयर पॉल्यूशनः अ नेशनल लैंडस्केप रिपोर्ट ऑन हेल्थ रिस्क्स, सोर्सेज, एंड सॉल्यूशन्स नामक इस रिपोर्ट में पाकिस्तान के कई बड़े शहरों जैसे कराची, इस्लामाबाद, रावलपिंडी, लाहौर और पेशावर की वायु गुणवत्ता का विस्तृत अध्ययन किया गया है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, लाहौर में सालाना औसत पीएम 2.5 स्तर 110 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन की निर्धारित सीमा पांच माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से करीब 22 गुना ज्यादा है।

रिपोर्ट में कहा गया कि वायु प्रदूषण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर बड़ा बोझ डाल रहा है और इसकी लागत देश की जीडीपी का लगभग 6.5 प्रतिशत है।

विशेषज्ञों का कहना है कि लंबे समय तक ऐसी प्रदूषित हवा में रहने से लाहौर के लोगों की औसत उम्र करीब 7 साल तक कम हो सकती है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि लाहौर में पीएम 2.5 प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत वाहन (ट्रांसपोर्ट) हैं। इसके बाद उद्योगों का योगदान 28 प्रतिशत और ईंट भट्ठों का योगदान 17 प्रतिशत है। इन सभी स्रोतों से निकलने वाले कण हवा को और ज्यादा प्रदूषित करते हैं। सर्दियों के दौरान धुंध और मौसम की स्थिति इस समस्या को और गंभीर बना देती है।

लंदन में अवामी लीग और एनसीपी समर्थकों में झड़प से तनाव

लंदन,एजेंसी। पूर्वी लंदन की एक सड़क बांग्लादेश के राजनीतिक मतभेदों के कारण 19 नवंबर से तनाव का केंद्र बन गई। यहां बांग्लादेश की नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) संयोजक और जातीय संसद में विपक्ष के मुख्य सचेतक नाहिद इस्लाम के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद अवामी लीग के नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों ने एनसीपी के नेताओं और कार्यकताओं पर हमला कर दिया। इस घटना के चलते दोनों गुटों के बीच झड़प हो गई।प्रोथोम अलो की 22 नवंबर की रिपोर्ट के अनुसार, एनसीपी ने बताया कि उनके 16 सदस्य घायल हुए हैं, जबकि अवामी लीग ने अपने कम से कम तीन सदस्यों के घायल होने की बात कही। नाहिद इस्लाम के ब्रिटेन दौरे की खबर आते ही लंदन में मौजूद अवामी लीग के कुछ नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों ने यह घोषणा की थी कि वे नाहिद इस्लाम के कार्यक्रम को पूरा नहीं होने देंगे।

फोन की सेटिंग बदलने के बहाने महिला की फोटो गैलरी से चुराई उसकी निजी तस्वीरें, भारतीय को जेल

उत्तम भारत न्यूज डेस्क

अमेरिका में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) ने भारतीय मूल के रघुल आनंदकृष्णन को हिरासत में लिया है। टेक्सास में एक महिला की बिना अनुमति निजी तस्वीरें लेने की कोशिश के मामले में दोषी पाए जाने के बाद उसके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। यह मामला 7 जून का है। आईसीई के मुताबिक, रघुल पहले ही काउंटी जेल में अपनी सजा काट चुका है। अब उसे इमिग्रेशन कोर्ट की कार्यवाही पूरी होने तक आईसीई की हिरासत में रखा जाएगा।

ऑस्टिन पुलिस को कैपिटल प्लाजा शॉपिंग सेंटर स्थित 'टोटल वायरलेस' स्टोर से एक शिकायत मिली थी। एक महिला ने आरोप लगाया था कि स्टोर में काम करने वाले कर्मचारी ने उसका फोन लेकर उसकी निजी तस्वीरें अपने डिवाइस पर भेजने की कोशिश की। महिला के मुताबिक, वह अपने फोन की सेटिंग बदलवाने के लिए स्टोर पहुंची थी। कर्मचारी ने फोन खोलने के लिए उससे पासकोड मांगा। इसके बाद उसने फोन की सेटिंग खोलने के बजाय फोटो गैलरी खोल ली और एयरड्रॉप के जरिए कुछ निजी तस्वीरें अपने



डिवाइस पर भेजने की कोशिश की। महिला ने पुलिस को बताया कि रघुल उसका फोन लेकर स्टोर के पिछले हिस्से में चला गया था। जब वह वापस आया और महिला ने अपना फोन देखा, तो उसे पता चला कि एयरड्रॉप के जरिए उसकी दो निजी तस्वीरें कर्मचारी के डिवाइस पर भेजी गई थीं। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि कर्मचारी ने उसके स्नैपचैट अकाउंट को भी खोला और खुद को उसमें जोड़ लिया। महिला ने पुलिस को साफ बताया कि उसने कर्मचारी को अपनी निजी तस्वीरें देखने, स्नैपचैट अकाउंट खोलने या कोई भी तस्वीर अपने डिवाइस पर भेजने की अनुमति नहीं दी थी। इसके बाद उसने कानूनी कार्रवाई की मांग की।

मोबाइल रिपेयर करता था रघुल

'फॉक्स 7 ऑस्टिन' की ओर से जारी अदालती दस्तावेजों के मुताबिक, 29 वर्षीय रघुल आनंदकृष्णन ने पुलिस को बताया कि महिला अपने आईफोन की नेटवर्क सेटिंग बदलवाने के लिए स्टोर आई थी। हलफनामे के अनुसार, रघुल ने जांचकताओं को बताया कि तस्वीरें ट्रांसफर नहीं हो पाईं और उसने फोन वापस ग्राहक को दे दिया। उसने यह भी स्वीकार किया कि उसे ग्राहक के फोन की सिर्फ नेटवर्क सेटिंग देखने की अनुमति थी। उसे फोन की तस्वीरें या दूसरी निजी जानकारी देखने की इजाजत नहीं थी। रघुल पर शुरूआत में दो आरोप लगाए गए थे। इनमें इनवेसिव विजुअल रिकॉर्डिंग यानी बिना अनुमति किसी की आपत्तिजनक तस्वीरें या वीडियो लेने की कोशिश करना और कंप्यूटर सिक्योरिटी ब्रीच यानी बिना इजाजत किसी कंप्यूटर सिस्टम या डिवाइस तक पहुंच बनाना शामिल था। हलफनामे के मुताबिक, दूसरा आरोप ग्राहक के फोन में मौजूद फोटो एप को बिना अनुमति खोलने से जुड़ा था।

भारत की इकलौती साइलेंट सिटी आइजोल की खूबसूरती मन मोहेगी

उत्तम भारत न्यूज डेस्क

अक्सर छुट्टियों पर जाने के लिए लोग किसी शांत और खूबसूरत जगह की तलाश में रहते हैं। लेकिन शहरों में सड़क पर घंटों तक लगे जाम और शोरगुल की आवाज छुट्टियों का पूरा मजा किरकिरा कर देता है।

सैर सपाटा

खासतौर पर दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों में ट्रैफिक का बहुत बुरा हाल रहता है। ऐसे में अगर आप किसी शांत जगह पर घूमने के लिए जाना चाहते हैं, तो आइजोल बेस्ट डेस्टिनेशन साबित हो सकती है। आइजोल की राजधानी मिजोरम है और यहां पर बड़े शहरों की तरह न तो ट्रैफिक का शोरगुल होता है और न ही लोगों में एक-दूसरे को ओवरटेक करने की जल्दी। आइजोल में आपको इतनी शांति मिलेगी कि यहां आकर आप अपनी थकान को भूल जाएंगे। यह भारत की इकलौती साइलेंट सिटी है।

यह भारत की एकमात्र साइलेंट सिटी है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि आइजोल में कोई बोलता नहीं है। बल्कि आइजोल अपने ट्रैफिक एटिकट्स की वजह से जाना जाता है। इस शहर की ट्रैफिक व्यवस्था यहां पर आने वाले हर व्यक्ति को प्रभावित करती है। यहां तक की आइजोल में भीड़ होने और घंटों तक जाम में फंसे होने के बाद भी यहां के लोग शिष्टचार का पालन करते हैं।

लैंड ऑफ हाइलैंडर्स

आइजोल एक बेहद खूबसूरत शहर है और यह प्रदूषण मुक्त भी है। यहां पर आप किसी भी जगह पर खड़े होकर घंटों तक आसपास की सुंदरता को देख सकते हैं। आइजोल ऊंची-ऊंची पहाड़ियों और घाटियों से घिरा है। समुद्र तल से इसकी ऊंचाई 1132 मीटर है और आइजोल की खूबसूरत वादियों की वजह से ही इसको लैंड ऑफ हाइलैंडर्स कहा जाता है।

हर किसी को सीखने चाहिए ये ट्रैफिक एटिकेट्स

0 यहां सड़कों पर लोग अपने व्हीकल के साथ एक लेन में चलते हैं।

0 यहां पर लोग एक-दूसरे को ओवरटेक नहीं करते हैं।

0 यहां पर लोग हॉर्न नहीं बजाते हैं, क्योंकि इसको असभ्य माना माना जाता है।

0 आइजोल में पीक ऑवर्स के दौरान हर कोई एक-दूसरे के साथ विनम्र रहता है।



अलग-अलग लेन

आमतौर पर शहरों में लेफ्ट साइड व्हीकल चलते हैं। आइजोल में भी ऐसा ही होता है। लेकिन यहां की ट्रैफिक व्यवस्था इसको अन्य शहरों से अलग बनाती है। यहां पर बाईं लेन में भी टू व्हीलर और फोर ठ हीलर के लिए अलग-अलग लाइने हैं। दाएं और बाएं लेन को अलग करने के लिए कोई डिवाइडर नहीं बल्कि एक सफेद रंग की पट्टी है। जिससे इन लेन को अलग किया गया है।

लोग ऐसे पार करते हैं सड़क

अगर कोई जल्दी में है और सामने वाले के व्हीकल को पार करना चाहता है। तो ऐसे में उसको सामने वाले व्हीकल को हल्की सी हॉर्न यानी बीप देनी होती है। अगर संभव है तो सामने वाला व्हीकल उनको आगे जाने की इजाजत देता है।

ट्रैफिक लाइट भी नहीं

आइजोल की ट्रैफिक व्यवस्ता इतनी अच्छी है कि यहां पर आपको ट्रैफिक लाइट्स देखने को शायद ही मिले। क्योंकि यहां ट्रैफिक लाइट की जरूरत महसूस नहीं होती। यहां पर लोग बिना ट्रैफिक लाइट्स के भी सभ्य तरीके से सड़कों पर सुरक्षित चलते हैं और वाहन चलाते हैं।

हॉर्न बजाना असभ्यता

आइजोल के लोगों का मानना है कि तेजी से दूसरे व्हीकल को ओवरटेक करना और लगातार हॉर्न बजाना एक शर्मनाक हरकत है। जो लोग ट्रैफिक रूल्स को फॉलो नहीं करते हैं, वह लोग असभ्य होते हैं।

आइजोल में कहां घूमें

वैसे तो यहां पर घूमने के लिहाज से बहुत सी जगहें हैं। यहां पर आप मिजोरम स्टेट म्यूजियम, रिक और बारा बाजार और सोलोमन मंदिर घूम सकती हैं। रिक एक छोटा लेकिन बेहद खूबसूरत गांव है। जोकि आइजोल से करीब 10 किमी दूर है। इस गांव की खूबसूरती देखकर आप भी हैरान रह जाएंगे। यही कारण है कि हर साल हजारों पर्यटक इस गांव को एक्सप्लोर करने के लिए यहां आते हैं।

ऐसे पहुंचे आइजोल

बता दें कि आइजोल के लिए आपको कोई सीधी ट्रेन नहीं मिलेगी। यहां जाने के लिए आपको सिलचर स्टेशन पर उतरना होगा। फिर टैक्सी या कैब से आप आइजोल पहुंच सकते हैं। वहीं आइजोल का अपना एयरपोर्ट लेंगपुई एयरपोर्ट है। आप बड़े शहरों से डायरेक्ट लेंगपुई एयरपोर्ट की फ्लाइट ले सकते हैं।